खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :26° C
न्यूनतम: 12° C

नई दिल्ली, बुधवार 19 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 228 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधनः मुर्मू

पेज 2

आईसीसी ने लगाया बाबर आजम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

खेल टाइम्स

कठोर निर्णयों की प्रेरणा और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी

सम्पादकीय

सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

पेज 12

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली की तीन अदालतों व दो स्कूलों को बम की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली की 3 जिला अदालतों और 2 स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सभी अदालतों को खाली करवा लिया गया और जांच शुरू की गई। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धमकी भरा मेल जैश-ए-मोहम्मद नाम की मेल आईडी से भेजा गया था। इसके बाद तीनों कोर्ट कैंपस में बम स्कवाड जांच कर रहा है। इससे पहले सीआरपीएफ के दो स्कूलों को भी सुबह बम की धमकी मिली। एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके दावा किया कि कैंपस में विस्फोटक रखे गए हैं। सुबह करीब 9 बजे प्रशांत विहार और द्वारका के स्कूलों को कॉल मिलने के बाद, टीमें दोनों जगहों पर पहुंच गईं और एहतियात के तौर पर स्कूल खाली करा लिया।

रैली में चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का करेंगे पर्दाफाश : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मतदाता सूची एसआईआर को चुनाव आयोग की बदनियत करार देते हुए कहा है कि उसकी इस प्रक्रिया को लेकर पूरे देश में रोष है और पार्टी इसके विरोध में दिसम्बर के पहले सप्ताह में यहां विशाल रैली करेगी, जिसमें चुनाव आयोग के राजनीतिकरण करने का पर्दाफाश किया जाएगा। कांग्रेस आलाकमान के साथ एसआईआर प्रक्रिया से गुजर रहे 12 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश के नेताओं की मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया।

दुनियाभर में चैटजीपीटी और एक्स डाउन

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और एआई चैटबॉट चैटजीपीटी की सर्विसेज देशभर में डाउन हैं। ये सर्विसेज मंगलवार करीब 5:15 बजे से डाउन हुई हैं। भारत समेत दुनियाभर में यूजर्स को लॉगिन, साइनअप, पोस्ट करने और देखने के अलावा प्रीमियम सर्विसेज सहित प्रमुख सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

दिल्ली धमाके से पहले वीडियो में शहीद होने की वकालत कर रहा था उमर

सुसाइड बॉम्बिंग शहीद होने का मिशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवम्बर को आत्मघाती हमला करने वाले आतंकी डा. उमर का नया वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वीडियो आतंकी ने ब्लास्ट से पहले बनाया था। इसमें वह आत्मघाती हमले को लेकर बात रख रहा है। इससे माना जा रहा है कि वह फिदायीन हमला पहले से प्लान कर रहा था।

वीडियो में उमर टूटी-फूटी अंग्रेजी में बात कर रहा है। उसने कहा कि एक बात जो नहीं समझी गई कि यह शहीद होने के लिए ऑपरेशन (मार्टरडम ऑपरेशन) है, न कि सुसाइड हमला। इसको लेकर कई विरोधाभास हैं। दरअसल मार्टरडम ऑपरेशन के लिए माना जाता है कि कोई व्यक्ति निश्चित रूप से किसी जगह पर निश्चित समय पर जान देता है। दरअसल, डा. उमर ने ही दिल्ली के लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुंडई आई-20 कार से आत्मघाती धमाका किया था। इस धमाके से 13 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल हुए थे। मामले में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, इसमें से 6 डाक्टर हैं। जांच एजेंसियां इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों और तकनीकी सपोर्ट नेटवर्क की पहचान में जुटी है। इधर, हमले की जांच में सोमवार रात बड़ा खुलासा हुआ -शेष पृष्ठ दो पर

वीडियो में बोला था आतंकी डा. उमर, दिल्ली धमाके से पहले बनाया वीडियो, श्रीनगर से गिरफ्तार जसीर को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा

आतंकी ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहते थे, ब्लास्ट वाली कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड, अब तक 8 लोग गिरफ्तार, इनमें पांच डाक्टर

ईडी ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के कई शहरों में मारे छापे

नई दिल्ली। दिल्ली विस्फोट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय और दिल्ली के ओखला स्थित कार्यालय समेत 25 से अधिक परिसरों पर छापे मारे हैं। यह छापेमारी दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण की विस्तारित जांच का एक हिस्सा है। इस विस्फोट में 13 लोगों की जानें गई थीं।

ईडी टीमों ने मंगलवार सुबह 5:15 बजे शुरू हुए एक समन्वित अभियान में अल-फलाह विश्वविद्यालय के ओखला कार्यालय सहित दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच का उद्देश्य उस वित्तीय नेटवर्क का पता लगाना है, जिसने विस्फोट करने वालों की मदद की थी। यह मामला तब शुरू हुआ, जब अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े एक डा. उमर नबी की पहचान उस आई-20 कार के चालक के रूप में हुई, जिसमें विस्फोट हुआ था। विश्वविद्यालय ने हालांकि शुरुआत में डा. नबी से खुद को अलग रखा, लेकिन बाद में दिल्ली अपराध शाखा -शेष पृष्ठ दो पर

एजेंसी ने आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच की

अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत लाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल पर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर का आरोप है। अनमोल का नाम एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में भी सामने आया था। 12 अक्टूबर 2024 को रात साढ़े 9 बजे मुंबई के बांद्रा के खेर वाड़ी सिग्नल पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी।

मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हरीश कुमार, कैथल (हरियाणा) के गुरमैल बलजीत सिंह, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के धर्मराज कश्यप और पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में जालंधर के रहने वाले जीशान अख्तर का नाम सामने आया था। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। जीशान का प्लान था कि अगर बाबा सिद्दीकी शूटर्स की गोलियों से बच गया, तो वह उसे गोलियां मारेगा। उस दौरान वह लॉरेंस के भाई अनमोल से फोन पर टच में था। सिद्दीकी के मरने के बाद उसने अनमोल को मौके के फोटो और वीडियो भेजे और कन्फर्म किया कि सिद्दीकी मर गया है। इसके बाद वह फरार हो गया था। हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा था।

लॉरेंस का भाई बाबा सिद्दीकी व मूसेवाला मर्डर में वांटेड

सलमान के घर फायरिंग का आरोप

सुप्रीम कोर्ट ने अपना छह महीने पुराना जजमेंट पलटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना 6 महीने पहले दिया जजमेंट 2:1 के बहुमत से पलट दिया। अब से केंद्र सरकार उन सभी प्रोजेक्ट्स को क्लियरेंस दे सकेगी, जिन्होंने पहले ग्रीन नार्म्स (पर्यावरण से जुड़े नियम) का पालन नहीं किया था।

दरअसल, 16 मई 2025 को जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि कोई भी माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट बिना एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस (ईसी) लिए शुरू नहीं हो सकता। कोर्ट ने पाया था कि कई माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पहले ही शुरू कर दिए गए थे, लेकिन एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस बाद में लिया गया था। इसलिए पहले के फैसले में केंद्र सरकार को पोस्ट-फैक्टो (काम शुरू होने के बाद) मिलने वाली पर्यावरण मंजूरी देने से रोक दिया गया था। ये क्लियरेंस मिनिस्ट्री ऑफ एनवायर्नमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज या स्टेट एनवायर्नमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी से मिलता है। यह प्रोजेक्ट के साइज और प्रभाव पर निर्भर करता है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि पहले के दो बड़े फैसलों में बताया गया था कि खास मामलों में पोस्ट-फैक्टो (ईसी) दी जा सकती है। एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (2020) केस में कोर्ट ने कहा था कि सामान्य तौर पर ऐसी मंजूरी नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन फिर भी कंपनियों को जुर्माना लगाकर मंजूरी वैध कर दी गई थी। डी. स्वामी बनाम कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मामले में, यह माना गया था कि भी कोर्ट ने माना था कि कुछ मामलों में मंजूरी दी जा सकती है। वनशक्ति वाला फैसला इन दोनों पुराने फैसलों को देखे बिना सुना दिया गया, जबकि इन्हें ध्यान में रखना जरूरी था। 2021 और 2024 के सरकारी नियमों में ये साफ लिखा है कि पोस्ट एंड फैक्टो ईसी सिर्फ उन्हीं कामों को दी जा सकती है, जो पहले से कानूनन अनुमति वाले हों और वह भी जुर्माना भरने के बाद।

कहा था: पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करने वाले प्रोजेक्ट्स पहले मंजूरी लेंगे, अब जरूरी नहीं माना

केंद्र, ईडी, CBI व अनिल अंबानी से जवाब तलब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, ईडी, सीबीआई और अनिल अंबानी से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है। इस याचिका में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इस समूह की अन्य संस्थाओं की ओर से कथित तौर पर बैंकों के ऋण के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर हुई बैंक धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। केन्द्र सरकार के पूर्व सचिव ईएएस सरमा की ओर से दायर इस याचिका में भारत के 'सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी' में से एक में धन के व्यवस्थित दुरुपयोग, खातों में हेराफेरी और संस्थागत मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए दुनियाः भारत

एससीओ के मंच पर विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

मास्को। भारत ने मंगलवार को कहा कि दुनिया को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) दिखानी चाहिए। इसके अलावा, भारत ने यह भी कहा कि इसको उचित नहीं ठहराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम यह करते रहेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए। एक विस्तृत एजेंडा तैयार किया जाना चाहिए और कार्यप्रणाली में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन उद्देश्यों के लिए सकारात्मक और पूरा योगदान देंगे। एससीओ का गठन 2001 में शंघाई में किया गया था। इसकी स्थापना एक शिखर सम्मेलन के दौरान रूस, चीन, किर्गिजस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित इस समूह के एक ऑनलाइन सम्मेलन में ईरान इसका स्थायी सदस्य बना। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ को आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए बनाया गया था। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

इसको उचित नहीं ठहराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता

संक्षिप्त समाचार

सोनभद्र खनन हादसा रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म सात शव बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में ओबरा थाना क्षेत्र के बील्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी धंसने से मलबे में दबे सात मजदूरों के शव बरामद करने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी बी एन सिंह ने मंगलवार को बताया की खनन हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल सात मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों में राजू सिंह गोड़ (28), रविन्द्र गोड़ (25), इन्द्रजीत यादव (34), संतोष यादव (32) रामखेलावन खरवार (35) गुलाब खरवार (32) तथा कृपा शंकर (30) के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए है। जिलाधिकारी ने बताया की खनन हादसे की सुचना मिलते ही आसपास की कंपनियों व एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार की रात से मंगलवार के दोपहर तक शवों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया था।

प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में अब एसआईटी करेगी जांच

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया है, जो सात दिन में रिपोर्ट सौंपेगा। पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अपर पुलिस उपायुक्त सरवणन टी.के नेतृत्व में टीम काम करेगी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कोतवाली और थाना प्रभारी कोतवाली मुख्य विवेचक होंगे। पुलिस आयुक्त अग्रवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधन संभव: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संचयन के बेहतर प्रबंधन पर बल देते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है, जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है, इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां विज्ञानभवन में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नए कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने जल संरक्षण को जरूरी बताया और कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि अनेक शिक्षण संस्थान, लोगों ने मिलकर और तथा गैर सरकारी संस्थानों ने इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। किसानों को जल संचयन और इसके संरक्षण के लिए कम से कम पानी का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन के नए नए तरीके अपनाने होंगे। उनका कहना था कि जल संरक्षण में व्यक्ति, परिवार, समाज तथा सरकार सबको मिलकर अपनी भागीदारी निभानी और सक्षम जल प्रबंधन को संभव बनाना है। राष्ट्रपति ने कहा कि जल का कुशल उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का कुशल उपयोग और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनसंख्या की तुलना में हमारे जल संसाधन सीमित हैं। प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने रेखांकित किया कि जलवायु परिवर्तन जल चक्र को प्रभावित कर रहा है और ऐसे में सरकार और जनता को मिलकर पानी की उपलब्धता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल किया

राष्ट्रपति का कहना था कि जल उपचार और पुनर्चक्रण के साथ-साथ, कई औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि मिलकर के सभी के ऐसे प्रयास जल प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए उपयोगी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का उपयोग करते समय सभी को यह याद रखना चाहिए कि हम बहुत मूल्यवान संपत्ति का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय पानी सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि जल संसाधनों का सबसे कुशल उपयोग हमारे सभी नागरिकों की जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। सभी को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से जल संरक्षण के प्रति निरन्तर सजग रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश की जन चेतना में जल जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है।

यूपी के 2.15 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

पीएम मोदी कोयम्बटूर से डीबीटी के जरिये भेजेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 15 लाख से अधिक किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि आएगी। शासन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 15 लाख 323 किसान लाभान्वित होंगे।

खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4314-26 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। बुधवार को मोदी कोयम्बटूर से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त भेजेंगे। किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (20वीं किस्त) 90,354.32 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है। पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2,15,323 किसान लाभान्वित होंगे। धनराशि डीबीटी से सीधे खाते में भेजी जाती है। पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है।

सरकार व बीजेपी के मंत्री और सांसद हर महीने करेंगे बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

यूपी को लेकर बीजेपी ने लिया बड़ा फैसला

लखनऊ। यूपी में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल रहे , इसको लेकर बीज.`पी ने बड़े कदम उठाए हैं। अब सभी जिले के प्रभारी मंत्री को हर महीने जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक करनी होगी। मीटिंग को मंत्री दरकिनरार नहीं कर सकते ।

बीजेपी की तरफ से इसे अनिवार्य कर दिया गया है। इस मीटिंग में सांसद, विधायक, एमएलसी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला/महानगर अध्यक्ष के साथ-साथ डीएम, एसएसपी/पुलिस कमिश्नर भी शामिल होंगे। बैठक के पहले प्रभारी मंत्री को संगठन की कोर कमेटी के साथ अलग से बैठना होगा। कोर कमेटी में सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ता, जन प्रति. निधि और सहयोगी दलों के नेता मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आरएसएस के दो प्रमुख प्रचारकों और समाजिक क्षेत्र के दो प्रमुख प्रचारक और उसी क्षेत्र से दो वरिष्ठ सदस्यों से भी मंत्री को अलग से मिलकर फीडबैक लेना जरूरी होगा। ये मीटिंग प्रशासनिक बैठक स्थल से दूर होगा ताकि मुद्दों पर खुलकर बात हो सके। इस बैठक में जमीनी स्तर की समस्याओं का तुरंत समाधान करना, विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उसके गति को तेज करने पर काम करना, सहयोगी दलों को पूरा सम्मान देना और संगठन की नाराजगी को समय रहते दूर करना मुख्य उद्देश्य होगा। जानकारी के मुता. बिक सीएम ऑफिस और प्रदेश भाजपा मुख्यालय से सभी मंत्रियों को हफ्ते में तीन दिन विभागीय काम, बाकी दिन दौरा और संगठन का और राजनैतिक काम करने के साफ निर्देश दे दिए गए हैं।

सीएम योगी ने किया आधुनिक फॉरेंसिक लैब का लोकार्पण

अब अपराधी पुलिस से नहीं बच पाएगा

गोरखपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध को कतई स्वीकार नहीं करता है और यदि किसी ने यहां अपराध करने की जुर्रत की तो उसे हर हाल में उसकी कीमत भी चुकानी होगी।

योगी ने मंगलवार को बी से ए क्लास में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करने के बाद कहा कि वह दौर खत्म हो गया, जब पीड़ित तड़पता, भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे और अब प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) के जरिए इसके प्रमाणन की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जांच और आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब्स के जरिए ऐसी निर्भ्रांत व्यवस्था विकसित हुई है कि अपराधी अब बच नहीं सकते। सटीक, त्वरित और पारदर्शी जांच के कारण पीड़ित को सहज, सुगम और समयबद्ध न्याय उपलब्ध हो रहा है। आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने फॉरेंसिक जांच की अत्याधुनिक सौगात के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थे। सरकार बनने के बाद उन्होंने यह तय किया कि हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंस लैब होनी चाहिए। इससे आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

अब गोरखपुर में ही हो सकेगी डीएनए जांच

पुलिस से जुड़े मामलों में करें सख्त कार्रवाई: सीएम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। योगी ने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

योगी ने भरा एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म

लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का फार्म भरा। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलाई जा रही है। श्री योगी को आज सुबह बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म उपलब्ध कराया। योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं सत्यापित मतदाता। आज विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत गोरखपुर में अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर उपलब्ध कराया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि आप सभी एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें। आपका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर के पास स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र के बूथ संख्या 223 के मतदाता हैं।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84673.02 | निफ्टी 25910.05

सोना रु. 123810 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 162000 प्रति किलो

शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 0.40 प्रतिशत टूटा

मुंबई, वार्ता

एशियाई शेयर बाजारों में तेज गिरावट के बीच मंगलवार को स्थानीय बाजार में सटोरिया बिकवाली का दबाव बढ़ गया, जिससे प्रमुख सूचक. ांकों में बीएसई30 सेंसेक्स और निफ्टी-50 में क्रमश: 0.33 प्रतिशत और 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

खास कर आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 277.93 अंक गिरकर 84,673.02 और निफ्टी-50 भी 103.40 अंक गिर कर 25,910.05 पर बंद हुआ। स्माल कैप तथा मिड कैप शेयरों में बिकवाली का जोर कुछ और बढ़ा हुआ था। स्थानीय बाजार सुबह तेजी के साथ खुले थे, लेकिन एशियारी बाजारों में तेज गिरावट की रिपोर्टों को देखते हुए सटोरियों ने बिकवाली का दबाव बनाना शुरू कर दिया, जो बाजार बंद होने तक बना रहा। सेंसेक्स कल के बंद के स्तर 84,950.95 से ऊपर 85,042.37 पर खुला और दिन में ऊपर में 85,042.41 तथा नीचे में 84,558.36 तक गया था। इसी तरह निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 26,021.80 पर खुल कर कुछ समय के लिए ऊपर में 26,029.85 तक चला गया था। दिन में यह टूट कर एक समय 25,876.50 तक चला गया था। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर हानि में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 2.23 प्रतिशत की गिरावट रही। इन्फोसिस 1.46 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.6 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.25 प्रतिशत घट कर बंद हुए। टीसीएस, एचसीएल टेक, एल एंड टी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान लीवर जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। लाभ में रहे शेयरों में भारती एयरटेल 1.78 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.27 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.54 प्रतिशत का लाभ हुआ। टाइटन, पावर ग्रिड, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निफ्टी बैंक में 0.11 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.36 प्रतिशत, एफएमसीजी में 0.56 प्रतिशत, निफ्टी आटो में 0.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक आधार वाला निफ्टी 100 0.45 प्रतिशत नीचे आ गया, जबकि निफ्टी मिड कैप और स्माल कैप में क्रमश: 0. 59 प्रतिशत और 1.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में खास कर प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली के दबाव में जापान का निक्की तीन प्रतिशत टूट गया।

सोना-चांदी की कीमतों में आई बंपर गिरावट!

नई दिल्ली। सोना-चांदी की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। त्योहारों के बाद अक्सर कीमतों में उतार-चढ़ाव दिखता है, लेकिन इस बार गिरावट इतनी भारी रही कि निवेशक और खरीदार दोनों हैरान रह गए। गोल्ड की तीनों कैटेगरी 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट में तेज गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी भी एक ही दिन में 5000 रुपये तक नीचे आ गई।

आज 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने का भाव 1,23,810 रुपये रहा, जबकि कल इसकी कीमत 1,25,550 रुपये थी। 24 कैरेट गोल्ड की कीमतों में इतनी बड़ी गिरावट पिछले कई हफ्तों में पहली बार देखी गई है। चांदी के दामों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। आज की कीमत 1,62,000 रुपये प्रति 1 किलो रही, जबकि कल की कीमत 1,67,000 रुपये थी। इस प्रकार चांदी में 5000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। चांदी की कीमतों में आई यह गिरावट निवेशकों के लिए बड़ा संकेत है कि बाजार में कमजोरी बढ़ रही है। एक्सपर्ट्स की मानें तो वैश्विक मार्केट में कमजोरी, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों से जुड़े संकेतों के कारण कीमती धातुओं के दाम दबाव में हैं। आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव संभव है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

चावल , गेहूं मजबूत , दाल और तेलों में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली। दिल्ली थोक जिंस बाजार में मंगलवार को सामान्य कारोबार के बीच गेहूं और चावल में हल्की तेजी दिखी। दाल दलहनों और खाद्य तेलों में मिला-जुला रुख रहा। गेहूं-चावल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी दिखी, जबकि गेहूं और आटा (गेहूं) दो-एक रुपये की तेजी में थे।दालों में चना और तूअर में क्रमश: पांच रुपये और 26 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही, जबकि उड़द और मूंग के भाव नौ रुपये से लेकर 14 रुपये तक चढ़े हुए थे।

चीन द्वारा अमेरिका से सोयाबीन की खरीद शुरू होने के समाचारों के बीच वैश्विक बाजारों में सोयाबीन तेल और पाम आयल की कीमतें तेजी पर हैं। इसके बावजूद स्थानीय बाजार में वनस्पति, सोया और पॉम तेल में आज नरमी दिखी। इसके विपरीत मूंगफली और सरसों तेल में 22 रुपये तथा 35 रुपये चढ़े हुए थे। चीनी और गुड़ थोड़े घट.बढ़ के साथ करीब.करीब कल के स्तर पर थे।

वैश्विक बाजारों में पॉम आयल और सोयाबीन में तेजी बनी हुई थी। मलेशिया में पॉम आयाल के निकटतम वायदा भाव 58 रिगिट यानी 1.40 प्रतिशत की तेजी के 4209 रिगिट प्रति टन और अमेरिकी जिस बाजार में सोया तेल दिसंबर वायदा 0. 70 डालर यानी 1.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 51.85 डालर के भाव पर चल रहा था।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

सुसाइड बॉम्बिंग.... है। एनआईए ने बताया कि व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल पहले हमास की तरह ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहता था। यह प्लानिंग हमास द्वारा 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर किए गए हमले की तर्ज पर बनाई गई थी। एनआईए को यह जानकारी आत्मघाती हमलावर डा. उमर-उन-नबी के एक और साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश की गिरफ्तारी के बाद मिली। दानिश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड का रहने वाला है। एनआईए ने उसे चार दिन पहले श्रीनगर से हिरासत में लिया था और औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि दानिश भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना पर काम कर रहा था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सके। आतंकी डा. उमर का श्रीनगर से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया। जम्मू-कश्मीर के पंपोर का रहने वाला आमिर राशिद अली वही शख्स है, जो डा. आतंकी उमर से आखिरी बार संपर्क में था। धमाके में इस्तेमाल कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी और वह इसे खरीदने के लिए दिल्ली आया था। आमिर को 16 नवम्बर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने आतंकी डा. उमर के दो भाईयों, मां और पिता को भी हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ जारी है। उमर के भाई जहूर ने पूछताछ में माना कि उसी ने उमर का फोन पानी में फेंका था, ऐसा उमर के कहने पर ही किया था। जहूर इलाही के मुताबिक 26 से 29 अक्टूबर तक उमर कश्मीर में ही था। उसने जहूर को अपना मोबाइल थमाते हुए कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई भी खबर आए, तो इस मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना। श्रीनगर एसपी जीवी संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि जहूर ने उस जगह की भी जानकारी दी, जहां मोबाइल फेंका गया था। इसके बाद मोबाइल को निकाला गया, उसे बुरी तरह से तोड़ा गया था। बाद में एक्सपर्ट्स ने मोबाइल से डेटा रिकवर किया।

ईडी ने... और हरियाणा पुलिस की जांच में संस्थान के भीतर बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद ईडी ने हस्तक्षेप किया और धन शोधन की जांच शुरू की। इस छापेमारी ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक जटिल जाल का पर्दाफाश किया है। अधिका. रियों ने पुष्टि की है कि अल फलाह समूह से जुड़ी कम से कम नौ फर्जी कंपनियां एक ही पते पर पंजीकृत हैं और सभी जांच के घेरे में हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अल फलाह ट्रस्ट और उससे जुड़ी संस्थाओं की भूमिका पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम वित्त और प्रशासन की देखरेख करने वाले प्रमुख अधिकारियों की जांच कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने संस्थान के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से मान्यता प्राप्त होने के दावों में पहली नजर में विसंगतियां पाई हैं। इन पहलुओं की अब संबंधित नियामक प्राधिकरणों से पुष्टि की जा रही है। पुलिस प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई ईडी की जांच अब आतंकवाद से जुड़ी जांच से बढ़कर एक जटिल वित्तीय धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में बदल गई है, जिससे संस्थान के वित्तीय अपराधों और विस्फोट के आरोपियों की गतिविधियों के बीच गहरी सांठगांठ का संकेत मिलता है।

महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन 17 नवम्बर से: जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन 17 नवम्बर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव में 17 से 23 नवम्बर 2025 तक सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विविधता का यह महोत्सव वर्षों से प्रदेश और देशभर के श्रद्धालुओं का केंद्र रहा है। इस वर्ष भी 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना व्यक्त की गई है। आगंतुकों में स्थानीय भक्तों के साथ-साथ बहराइच, गोंडा, लखनऊ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि महोत्सव के कारण बाराबंकी जिला धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

महोत्सव से स्थानीय व्यापार, होटल और होम-स्टे, परिवहन, भोजनालय, हस्तशिल्प तथा बाजारों को उल्लेखनीय आर्थिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुदृढ़ सड़क नेटवर्क, बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षित वातावरण ने ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु बाराबंकी जिले में 32 होमस्टे संचालित हैं, जिनमें से नौ होमस्टे लोधेश्वर मंदिर के आसपास कार्यरत हैं। ये आगंत.ुकों को स्थानीय संस्कृति, ग्रामीण जीवनशैली, पारंपरिक भोजन और आतिथ्य का अनुभव प्रदान करते हैं। मंदिर क्षेत्र में स्थित 'लोधेश्वर फार्म स्टे' पर मधुमक्खी पालन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग को देखने का भी अवसर मिलता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करेगे के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काणीजाता, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
गुर्दा की कमी, बढ़ज़नगी जॉन्डिस, पीली लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिरात जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आनंद पर्वत इलाके में 29 वर्षीय युवक ने बढ़ते कर्ज और उधार देने वालों के दबाव के चलते अपने किराए के कमरे में खुद को आग लगा ली, हालांकि वह बच गया। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब 9.50 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति जल गया है और उसे बीएलके अस्पताल लाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घायल की पहचान विशाल सिंह के रूप में हुई। डॉक्टरों ने बताया कि उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। उसकी हालत स्थिर है। पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों की मौजूदगी में सिंह का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने बताया, विशाल ने कहा कि उसके व्यवसाय में तीन से चार लाख रुपये का नुकसान हुआ था और वह समय पर किराया नहीं दे पा रहा था। उसने दो लोगों से पैसा उधार लिया था और वे लगातार रुपये लौटाने का दबाव बना रहे थे। तनाव में आकर उसने कमरे में खुद को आग लगा ली। उसकी पत्नी और पड़ोसियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि आगे के उपचार के लिए सिंह को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

4 अदालतों व 2 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में एक फिर से स्कूलों और कोर्ट को बम की धमकी मिली है। दिल्ली के साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस, तीस हजारी और रोहिणी कोर्ट समेत सीआरपीएफ के दो स्कूलों को बम की धमकी मिली है। यह धमकी भरा ई-मेल जैश-ए-मोहम्मद के नाम से आया है। बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था। बम की धमकी के कारण अदालती कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था। सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को तुरंत इमारतों से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जहां बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच की। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, दोपहर के भोजन के बाद अदालती कार्यवाही को फिर से शुरू करने की अनुम. ति मिल सकती है। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव, अनिल बसोया, एडवोकेट द्वारा जारी एक सूचना में सदस्यों को सूचित किया गया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण, अगले दो घंटों के लिए सभी न्यायालयीन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित कर दिए गए थे। सूचना में सभी सदस्यों से शांत रहने, अधिकारियों के साथ सहयोग करने और अनावश्यक भीड़ या अफरा-तफरी न मचाने का अनुरोध किया गया था।

यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली की अदालतों को ऐसी धमकियों का सामना करना पड़ा है। सितंबर में, दिल्ली उच्च न्यायालय को भी बम की धमकी भरा एक ईमेल मिला था, जिसके बाद न्यायाधीशों को अपनी अदालतों से अचानक उठना पड़ा था और परिसर को खाली कराया गया था। इन घटनाओं ने अदालतों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।नई दिल्ली बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, एडवोकेट नवनीत पंवार ने चार जिला अदालतों को मिले बम की धमकी वाले ईमेल पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, ष्सुबह ईमेल के जरिए साकेत और पटियाला हाउस समेत कई अदालतों के जिला जजों को बम की धमकी मिली है। सुरक्षा एजेंसियों ने एक अभ्यास किया है।

हमेशा की तरह, एक बम निरोधक दस्ता भी मौजूद है। अदालत की पूरी तरह से जांच कर ली गई है। हमने सदस्यों से इन सभी बातों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। और जैसा कि आप जानते हैं, लाल किला विस्फोट मामले और अभियुक्तों की पेशी के कारण पिछले 2-3 दिनों से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और सभी सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सक्रिय हैं। इस धमकी को गंभीरता से लिया जा रहा है, लेकिन अदालती कामक. ाज में कोई बाधा नहीं डाली जा रही है। इसे रोका नहीं गया है। अदालती कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। दिल्ली के दो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला। जिससे हड़कंप मच गया। हालांकि, गहन जांच के बाद यह पता चला कि धमकी झूठी थी। इसमें किसी भी प्रकार का कोई खतरा नहीं था। यह घटना मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे उस समय सामने आई जब दिल्ली के प्रशांत विहार और द्वारका में स्थित सीआरपीएफ स्कूलों को एक साथ ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सूचना के तुरंत बाद, दिल्ली अग्निशमन सेवा और स्थानीय पुलिस हरकत में आ गई। धमकी मिलने के बाद, दोनों स्कूलों को तुरंत खाली करा लिया गया और गहन तलाशी अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों स्कूलों की अच्छी तरह से जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। प्रारंभिक जांच के आधार पर, इसे एक 'होक्स' झूठी धमकी घोषित कर दिया गया।

बड़े पैमाने पर ट्रैफिक इंचार्ज के सर्कल बदले

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में ट्रैफिक प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बड़े पैमाने पर ट्रैफिक इंचार्ज (टीआई) के सर्कल बदले गए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 50 टीआई का सर्कल बदला गया है।

इतनी बड़ी संख्या में हुए तबादलों को लेकर पुलिस महकमे में खासी चर्चा है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब लाल किला के सामने हाल ही में हुए धमाके के बाद राजधानी में सुरक्षा अलर्ट बढ़ाया गया है। हालांकि, पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इन तबादलों का लालकिला धमाके से सीधा संबंध नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव पहले से लंबित था, जिसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीते सप्ताह अंत में इसकी सूची जारी की गई है।

उन्होंने बताया, राजधानी में ट्रैफिक की बढ़ती चुनौतियों और विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। लालकिला के सामने हुए जोरदार धमाके के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा चक्र और कड़ा कर दिया है। विभिन्न इलाकों में चेकिंग अभियान तेज कर दिए गए हैं। पुलिस की टीमें प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थलों, बस अड्डों और मेट्रो स्टेशनों के आसपास गश्त बढ़ा रही हैं। वाहनों की सघन जांच की जा रही है, खासकर उन वाहनों की जो शहर की सीमाओं से प्रवेश कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि दूसरे राज्यों में पंजीकृत वाहनों की जांच पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने किया आजादपुर में नए भवन का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आजादपुर मंडी के सामने, इंद्रा नगर, बी-ब्लॉक में जिला समाज कल्याण कार्यालय (उत्तर-पश्चिमखण्ड एवं प्प्) के नए और आधुनिक भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया कार्यालय सामाजिक न्याय और कल्याण के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जो जरूरतमंदों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए नई उम्मीदों का द्वार खोल रहा है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह, विधायक राजकुमार भाटिया सहित अन्य गणमान्य जन व स्थानीय लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यालय से कुल 15 विधानसभाओं की जनता को सीधा और त्वरित लाभ मिलेगा। यहां से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, छात्रवृत्ति योजनाओं, हथकरघा हस्तशिल्प सहायता, अनुदान योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा के अन्य कार्यक्रमों की सभी सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नई इमारत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे लाभार्थियों को बेहतर अनुभव और तेज सेवा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल एक नीति नहीं बल्कि हमारी सरकार के कामकाज की नींव है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली का कोई भी नागरिक, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से आता हो, सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बताया कि नवनिर्मित जिला समाज कल्याण कार्यालय के भवन निर्माण की लागत लगभग 2.14 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि ये कार्यालय पिछले कई वर्षों से रोहिणी में एक विद्यालय भवन में चल रहे थे, जगह की कमी के कारण लाभार्थियों को काफी असुविधा होती थी। अब दो जिला समाज कल्याण कार्यालय भवन मिलने से लाभार्थियों को पर्याप्त जगह और बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आजादपुर मंडी के सामने, इंद्रा नगर, बी-ब्लॉक में जिला समाज कल्याण कार्यालय के नए और आधुनिक भवन का लोकार्पण करते हुए।

एक नजर

स्पेसटेक की उड़ान को मिले नए पंख

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सिडबी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) ने अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड (एवीसीएफ) की पहली क्लोजिंग 1,005 करोड़ रुपए पर करने की घोषणा की है। इन स्पेसई ने एंकर निवेशक के रूप में1,000 करोड़ रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है। यह एसवीसीएल का 12वां वेंचर कैपिटल फंड है। यह फंड भारत में 2033 तक 44 अरब अमेरिकी डॉलर की अंतरिक्ष ईकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। इस फंड का पूरा साइज 1,600 करोड़ रुपए है। इन स्पेसई के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, एसवीसीएल ने पहली क्लोजिंग की घोषणा की है। एसवीसीएल अब ग्रीन-शू विकल्प के माध्यम से घरेलू और इंटरनेशनल निवेशकों से फंड जुटाएगा। इसमें जिनमें संस्थागत और सॉवरेन निवेशक शामिल हैं।

निवेशक शिक्षण को किया जागरूक

नोएडा। एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षण एवं जागरूकता पहल के तहत एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया हैरवनिवेश आज विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है, क्योंकि आर्थिक जिम्मेदारियाँ कभी छुट्टी नहीं लेतीं। चाहे कोई नौकरीपेशा हो या स्व-रोजगार में, हर व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसे खर्च हैं जो बिना रुके, हर महीने तय तारीख पर आते हैंरख जैसे ईएमआई, ब्याज भुगतान और किराया। छुट्टियाँ हों, त्योहार हों, मंदी हो या नौकरी चली जाएरख्रये खर्च स्थिर रहते हैं और अपने समय पर ही चुकाने पड़ते हैं। इसी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि निवेश को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

ग्रामीण बीमा कवरेज को मजबूत किया

फरीदाबाद। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी ने बीमा ग्राम एपीआई को ग्रामीण भारत में बीमा विस्तार के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया है। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडियाद्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया यह एपीआई ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा कवरेज की सटीक डिजिटल पहचान और सत्यापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। बीमा ग्राम एपीआई नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ पंचायती राज, डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स और इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है। यह एपीआई डाक पिन कोड को लोकल गवर्नमेंट डायरेक्टरी कोड से जोड़ता है, जिससे बीमा कंपनियां केवल पिन कोड डालकर संबंधित ग्राम पंचायत की पहचान तुरंत कर सकती हैं।

त्योहारी सीजन के दौरान दिल्ली से बस बुकिंग में वृद्धि

नई दिल्ली। ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस ने मुहूर्त और त्योहारी सीजन के दौरान दिल्ली से बस बुकिंग में 55% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के मुताबिक, 15 नवंबर से 7 दिसंबर 2025 की अवधि में बुकिंग के आंकड़े पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में काफी अधिक रहे। डेटा से पता चलता है कि शादियों, सामाजिक समारोहों और शुभ अवसरों के लिए शहरों के बीच यात्रा में तेज उछाल आया है। परिवारों और अतिथियों के लगातार आवागमन के कारण इंटरसिटी बसों की मांग बढ़ी है। आराम, सुविधा और बेहतर कनेक्टिविटी के चलते बसें यात्रियों की पहली पसंद बनकर उभरी हैं।

320 की स्पीड से जे-स्लैब ट्रैक पर दौड़ेगी भारत की पहली बुलेट ट्रेन

नई दिल्ली। भारत की पहली बुलेट ट्रेन अत्याधुनिक जे-स्लैब ट्रैक सिस्टम पर दौड़ेगी। यह दुनिया की सबसे सुरक्षित और स्थिर रेल टेक्नोलॉजी में से एक है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) पर जापान के सहयोग से देश में पहली बार इसे बिछाया जा रहा है। भूकंप प्रतिरोधी ट्रेक बुलेट ट्रेन की हाई-स्पीड को स्थिरता और सुरक्षा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिन पहले ही कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा कर सूरत में निर्माणाधीन स्टेशन का दौरा किया था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भारतीय रेलवे ने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट से जुड़ी नई जानकारियों को पेश किया है। रेलवे के पवेलियन में मुख्य रूप से मुंबई और अहमदाबाद के बीच चलने वाली भारत की पहली बुलेट ट्रेन पर फोकस किया गया है। यह ट्रेन 320 प्रति किलोमीटर घंटा की रफ्तार सेजे-स्लैब ट्रैक सिस्टम पर दौड़ेगी। यह सिस्टम वह तकनीक है जिसका उपयोग जापान की शिंकानसेन बुलेट ट्रेन में किया जाता है। इसे विश्व की सबसे सुरक्षित रेल सेवा माना जाता है। इस ट्रैक का रखरखाव भी न के बराबर होता है। समुद्र के नीचे बन रही 21 किलोमीटर लंबी टनल : इस कॉरिडोर पर महज 7 किलोमीटर का जमीन का ट्रेक है जबकि सबसे चुनौतीपूर्ण 21 किलोमीटर लंबा समुद्र के नीचे टनल बनाया जा रहा है।

सुन्दर नगरी से रोहताश नगर तक पीले पंजे ने की अतिक्रमण की सफाई

नई दिल्ली। शाहदरा डिस्ट्रिक में दिल्ली नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया है। मंगलवार को इस अभियान के तहत शाहदरा उत्तरी जोन के अलग-अलग वार्डों में सड़कों पर हुए अवैध कब्जों को हटाया गया। जानकारी के मुताबिक सुन्दर नगरी वार्ड 218 में 70 फुटा रोड पर कबाड़ियों को हटाते हुए सड़क पर फैले कब्जों को पीले पंजे से साफ कराया गया।

कार्रवाई के दौरान सुन्दर नगरी और दिलशाद कॉलोनी से 40 से अधिक अस्थायी खोखे ढहाए गए। अभियान को आगे बढ़ाते हुए वार्ड 223 रोहताश नगर की सब्जी मंडी, वार्ड 232 यमुना विहार के बी व सी ब्लॉक से भी अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया।

शाहिद व तमन्ना की मौजूदगी में हुई 'द फ्रयूचरवर्स ऑफ फैशन' की शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अभिनेता शाहिद कपूर और अभीनेत्री तमन्ना भाटिया की मौजूदगी में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की शुरुआत हुई। इसमें फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत किया गया। "द वन एंड ओनली" की थीम पर आधारित इस ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक ने अपने कलेक्शन पेश किए। इस फैशन शो में रोबोटिक गर्ल्स और डॉग आकर्षक का केंद्र रहा। इस दौरान शाहिद कपूर और तमन्ना भाटिया भी रैम्प पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने मीडिया को बताया कि यह शुरुआत है, भविष्य में इससे फैन को देखने और महसूस करने का पूरा

अंदाज बदल जाएगा। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ यह फैशन टूर देश के प्रमुख डिजाइनरों और मशहूर स्टाइल आइकॉन को एक मंच पर लाने का प्रयास है। शाहिद कपूर ने कहा, "ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के रनवे पर आना हमेशा रोमांचक होता है, लेकिन इस साल ऐसा लगा जैसे हम एक नए दौर में कदम रख रहे हों। जिस तरह टेक्नोलॉजी और कुट्योर को एक साथ जोड़ा गया, वह बेहद सहज और शानदार था।

तमन्ना भाटिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का 'फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' एक बेहद रोमांचक अनुभव था, जहां रचनात्मकता की कोई सीमा नहीं थी।

एमसीडी ने सेमी-प्रोसेस्ड मलबे के सार्वजनिक वितरण की शुरुआत की

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। वर्तमान में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकार क्षेत्र में चार निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (मलबा) प्रसंस्करण संयंत्र संचालित हो रहे हैं, जो निम्न स्थानों पर स्थित हैं, जो बुराड़ी, (जहांगीरपुरी के पास), रानी खेड़ा, बक्करवाला, शास्त्री पार्क में हैं। इन संयंत्रों में प्राप्त सी एंड डी कचरे (मलबे) को प्रसंस्कृत कर स्टोन ग्रिट, कोर्स सैंड, फाइन सैंड और स्क्रीन की गई मिट्टी जैसे पुनर्नवीनीकृत निर्माण सामग्री में बदला जाता है।

इसके अलावा, सीसी ब्लॉक्स, चेकर टाइल्स और कर्ब स्टोन्स जैसे पुनर्नवीनीकृत उत्पाद भी सरकारी एजेंसियों और आम जनता को निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संसाधनों चक्रीय उपयोग को बढ़ावा देने और लैंडफिल पर बोझ कम करने के उद्देश्य से एमसीडी ने अब अर्ध-प्रसंस्कृत सी एंड डी सामग्री (मलबा) के सार्वजनिक वितरण की शुरुआत करने का निर्णय लिया है।

अर्ध-प्रसंस्कृत मलबा वह सामग्री है जिसे सी एंड डी संयंत्रों में छांटकर लकड़ी, आरडीएफ तथा अन्य अपुनर्नवीनीकरणीय घटकों जैसी ज्वलनशील व अवांछित वस्तुओं से अलग किया गया है, जिससे यह भराई कार्यों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर हुई बैठक में दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष धर्मवीर ने, मटियाला विधानसभा क्षेत्र से विनोद चौहान, द्वारका विधानसभा क्षेत्र से अरवेंद्र कुमार, राज सिंह, राजौरी गार्डन के जिला अध्यक्ष राम जतन राजभर एवं कार्यकर्ता से बात की साथ ही आने वाले 2026 में निगम पार्षद के होने वाले चुनाव पर चर्चा की और जल्दी ही दिल्ली में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकारणी का गठन करेंगे।

ओम बिड़ला को ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। हिमालय परिवार दिल्ली प्रांत के प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भेंट कर उन्हें एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में चीन द्वारा भारतीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण, सीमा सुरक्षा, एवं 1962 में भारतीय संसद में पारित ऐतिहासिक संकल्प को पुन: लागू करने की मांग रखी गई।.प्रति. निधिमंडल ने कहा कि 14 नवंबर 1962 को भारत की संसद ने एक स्वर में यह संकल्प पारित किया था कि "भारत की एक-एक इंच भूमि चीन से मुक्त कराई जाएगी।" हिमालय परिवार का मानना है कि यह संकल्प केवल दस्तावेज नहीं बल्कि राष्ट्र की अखंडता,स्वाभिमान और अस्मिता का प्रतीक है। ज्ञापन में

प्रमुख माँगें 1962 संसद संकल्प का आधिकारिक पुन:स्मरण और राष्ट्रीय घोषणा, चीन की विस्तारवादी गति. विधियों पर संसद में विशेष चर्चा, सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्र -जागरूकता एवं नागरिक सहभागिता अभियान, हिमालय संरक्षण व सीमा सुरक्षा नीति को सुदृढ़ बनाने हेतु ठोस कदम उठाना है स इस अवसर पर हिमालय परिवार दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष दयालु जी महाराज ने कहा "राष्ट्र की सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का धर्म और कर्तव्य है। भारत की भूमि माँ के चरण हैं,इसकी रक्षा हमारा संकल्प है।

सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड द आइडिया ऑफ इंडिया देयरइन पर संवाद आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। जस्टिस अजय कुमार त्रिपाठी फाउंडेशन ने "भारत की अवधारणा" पर चिंतनपूर्ण और जनोन्मुखी विधिक विमर्श को समर्पित अपने वार्षिक प्रमुख आयोजन के चौथे संस्करण की मेजबानी की।

नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित संवाद 2.0 में प्रतिष्ठित न्यायविदों और विधि विशेषज्ञों ने "सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड द आइडिया ऑफ इंडिया देयरइन" विषय पर विचार-विमर्श किया। यह चर्चा भारत की विकसित होती संवैधानिक पहचान, संस्थागत भूमिकाओं और लोकतांत्रिक प्रतिबद्धताओं पर फाउंडेशन की

निरंतर बातचीत श्रृंखला को आगे बढ़ाती है। भारत के विकसित होते पर्यावरण न्यायशास्त्र पर आधारित इस संवाद में यह समझने पर जोर दिया गया कि किस प्रकार संवैधानिक सिद्धांत, पीढ़ीगत समानता और पर्यावरणीय संरक्षकता देश की विकास कथा को आकार दे रहे हैं। संवाद फाउंडेशन का चौथा वार्षिक आयोजन था। फाउंडेशन का संचालन जस्टिस त्रिपाठी की पत्नी अल्का त्रिपाठी (संस्थापक और न्यासी) द्वारा उनकी बेटियों और दामाद-अनुश्री त्रिपाठी, अदिति त्रिपाठी, आकृति त्रिपाठी और राहुल नारायणन के साथ मिलकर किया जाता है।

यमुना घाट पर सेना वछात्रों ने की सफाई

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नमामि गंगे मंत्रालय और बंधुत्व फाउंडेशन के तत्वाधान में दिल्ली के वजीराबाद स्थित सूर्य घाट पर यमुना सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों, सेना और पर्यावरण प्रेमियों ने घाट से करीब तीन टन से ज्यादा कचरा एकत्र किया। कार्यक्रम में जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय के अरविंदो कॉलेज, मिरांडा हाउस के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। इस दौरान एजुट्री एनजीओ, हरित योद्धा, आंचल फाउंडेशन, यमुना टॉस्क फोर्स, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि समेत 20 से ज्यादा एनजीओ मौजूद रहे। सभी ने युद्धस्तर पर पूरे यमुना किनारे को साफ किया। यहां से बड़ी संख्या में पॉलीथीन, कचरा, पूजा का सामान कपड़े आदि एकत्र किए गए।

झारखंड ने दिखाया खनिज व कृषि शक्ति का अनूठा संगम

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में आयोजित 44वे भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में इस वर्ष झारखण्ड पैविलियन अपने खनन क्षेत्र की मजबूती और कृषि विविधता विशेषकर रागी जैसे पोषक अनाज के प्रभावी प्रदर्शन के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राज्य सरकार ने इस बार मेले में झारखण्ड की खनिज संपदा के साथ-साथ उसकी समृद्ध कृषि परंपरा को भी राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है।

झारखण्ड, देश की मिनरल कैपिटल के रूप में जाना जाता है, और इस पहचान को मजबूती से दर्शाते हुए पैविलियन में राज्य के प्रमुख खनिज जैसे लौह अयस्क, कोयला, अभ्रक, तांबा, यूरेनियम, बॉक्साइट, चूना पत्थर, सोना, ग्रेनाइट और पत्थर का विस्तृत प्रदर्शन किया गया है।

ये खनिज न केवल भारत की औद्योगिक वृद्धि की रीढ़ हैं, बल्कि ऊर्जा, आधारभूत संरचना, विनिर्माण और रक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को गति प्रदान करते हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य यह संदेश दे रहा है कि झारखंड का खनन क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और निवेश आकर्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनिज संपदा के साथ-साथ झारखण्ड ने इस बार अपनी रागी फसल को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत

डीपीएमयू की बैठक जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (डिस्ट्रिक प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट- डीपीएमयू) की बैठक जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड् की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत जनपद को 2025-26 हेतु 2000 लाभार्थियों को लाभ दिलाने का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 4544 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी स्कूटनी उपरांत 2853 आवेदन 23 बैंकों की विभिन्न शाखाओं को प्रेषित किये गये।

बैंक की जांचोपरांत 1691 आवेदन अपूर्ण पाएं गये, जिनकों सम्बंधित से सम्पर्क कर पूर्ण कराया जा रहा है। शेष आवेदनों में बैंकों द्वारा 758 में ऋण स्वीकृत एवं 730 को ऋण वित. रित किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु 25 तारीख तक का समय दिया गया। 25 तारीख के बाद जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैंकर्स के साथ पुन: समीक्षा की जाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि वे जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी सदस्य विभागों के साथ मिलकर योजना के ब्लॉक स्तर पर नगर निकाय स्तर पर कैंप का आयोजन करते हुए योजना में आवेदन कराएं एवं उपायुक्त उद्योग कार्यालय नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि योजना अंतर्गत जो आवेदन कराए जा रहे हैं उनके दस्तावेज ठीक प्रकार हैं एवं आवे. दक वास्तविक ही अपना काम करना चाहता है, जिस बैंक स्तर पर आवेदनों के निरस्तीकरण की संभावना कम होगी।

जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजनाओं में सम्मिलित है। अत: योजना में निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति कराना, प्रत्येक बैंक का दायित्व है।

जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को योजना के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, इलैक्ट्रोनिक मीडिया, शैक्षणिक संस्थान, व्यावसायिक संस्थान औद्योगिक संगठन आदि के माध्यम से योजना की एसओपी एवं गाइडलाइंस का ब्राउजर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को लक्ष्य का आवंटन किया गया तथा संबंधित विभागों को आवे. दन कराए जाने हेतु लक्ष्य आवंटित किए गए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, केनरा बैंक, प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक गाजियाबाद, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद, उपायुक्त उद्योग, श्रीनाथ पासवान, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी कुलमोहित सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग पोम्पीदास एवं सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ- साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की नोडल अधिकारी प्रीति त्यागी उपस्थित रही।

फर्जी बैनामा करने का गिरफ्तार

मुरादनगर। फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव धेदा निवासी सुशील कुमार ने बताया कि मेरी कृषि भूमि के फर्जी कागजात तैयार कर कफील अहमद व ओमप्रकाश निवासी बुलन्दशहर के नाम बैनामा कर दिया गया था। जब दोनों जमीन पर कब्जा लेने गई तो ठगी का एहसास हुआ। सुशील कुमार ने 14 माह पहले मुरादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कराई थी। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि फर्जी बैनामा करने वाले रविन्द्र निवासी गांव धेदा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सब रजिस्ट्रार के सामने सुशील बनकर बैनामा किया था।

खाना खा रहीं मजदूर महिलाओं पर गिरी वेयरहाउस की दीवार, 2 की मौत, अन्य घायल

गाजियाबाद। साहिबाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक वेयरहाउस की दीवार गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया है। ये हादसा उस वक्त हुआ, जब महिलाएं वेयरहाउस के बगल वाले खाली प्लॉट में सफाई का काम कर रही थीं। साहिबा. बाद थाने की सीमा पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित गोपीनाथ कंपाउंड में रिद्धि एंटरप्राइजेज के नाम से एक वेयरहाउस नुमा भवन है, जिसमें लोहे के पाइपों से शटरिंग का सामान व अन्य कार्य किए जाते हैं। वेयरहाउस के ठीक बगल में एक खाली प्लॉट है। इस प्लॉट में निर्माण कार्य के लिए मालिक ने

प्लॉट और पुरानी ईंटों की सफाई का ठेका दिया था।

मंगलवार दोपहर करीब दो बजे शहीदनगर में रहने वाली 50 वर्षीय जमीला पत्नी रहीसुद्दीन, जमीला की चचेरी बहू 45 वर्षीय इशरत पत्नी निजाम व 48 वर्षीय सज्जो पत्नी शफीक और जमीला की भांजी 45 वर्षीय सलमा यहां पर काम के बाद दोपहर का खाना खा रही थीं। यहां पांच युवक भी काम कर रहे थे, जो खाने के बाद प्लॉट से बाहर चले गए थे। दोपहर 1:57 बजे वेयरहाउस की दीवार प्लॉट में गिर गई। चारों महिलाएं इसके मलबे में दब गईं, जिन्हें मजदूरों ने निकाला और पुलिस को सूचना दी।

घायलों को जिला एमएमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जमीला और इशरत को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सज्जो और सलमा की हालत भी गंभीर है। इन्हें जीटीबी रेफर किया गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचे और वेयरहाउस संचालक और इसमें काम करने वाले मजदूरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। शिकायत लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसआईआर के तहत मॉनिटरिंग टीम की बैठक का किया गया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। भाजपा महानगर कार्यालय में एसआईआर के तहत मॉनिटरिंग टीम की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी मंडल के कार्यकर्ताओं से बातचीत कर अभियान को और अधिक गति देने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों में रानिता सिंह, ललित कश्यप, अमित रंजन, राज पांडेय, राहुल गोयल, उत्तम कुमार, नितिन आदि शामिल रहे। सभी ने मिलकर एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव और विचार साझा किए। बैठक का संचालन किया गया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मतदाता सूची को अद्यतन करने और नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के लिए विशेष प्रयास करें। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण आवश्यक है।

भोजपुर ब्लॉक में हुआ 60 जोड़ो का सामुहिक विवाह

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। सीएम सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड भोजपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 60 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। योजनान्तर्गत रू0 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 60,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है।

सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 26, अन्य पिछडा वर्ग के 9, सामान्य वर्ग के 10 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 15 जोड़े कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 45 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 15 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत भोजपुर सुचेता सिंह, मा0 विधायक मोदीनगर प्रतिनिधि करनवीर सिंह एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आशीष चौधरी तथा मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद अभिनव गोपाल द्वारा उपस्थित विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद संदीप चौधरी एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, भोजपुर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

विश्व सीओपीडी दिवस पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। विश्व सी ओ पी डी दिवस पर आई में भवन पर प्रेसवार्ता के दौरान सीओपीडी के विषय में चर्चा करते हुए यह बताया गया की सीओपीडी के मरीजों को इस बदलते मौसम में सतर्क रहने की आवश्यकता होती है कुछ सावधानियां डॉक्टर के बताए अनुसार निश्चित रूप से पालन करें। वरिष्ठ श्वास रोग

विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल ने क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों से फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। COPD एक प्रगतिशील फेफड़ों की बीमारी है, जो मुख्य रूप से धूम्रपान, प्रदूषण, धूल, रासायनिक गैसों और बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमणों के कारण होती है। डॉ. आशीष ने बताया कि भारत में COPD तेजी से बढ़ रहा है और समय पर पहचान व उचित उपचार से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। 60 मिलियन लोग भारत में प्रभावित हैं इसका प्रीवैलेंस रेट लगभग 5% से ऊपर है यह उत्तर भारतीयों में जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड हरियाणा उत्तर प्रदेश में अधिक पाया जाता है।

उन्होंने कहा, "श्वास में तकलीफ को सामान्य न समझें। लगातार खांसी, बलगम, सांस फूलना, छाती में जकड़न जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत फेफड़ों के विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। समय पर इलाज से मरीज एक बेहतर और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।" धूम्रपान बीड़ी सिगरेट हुक्का इत्यादि का सेवन चूल्हे पर खाना बनाना बायोमास जालना धूल इत्यादि इसके कारकों में मुख्य है उम्र के साथ भी यह बढ़ता है उन्होंने आगे बताया कि स्पाइरोमेट्री जांच के माध्यम से COPD का सटीक निदान संभव है, और इनहेलर थेरेपी सबसे प्रभावी उपचार पद्धतियों में से एक है। डॉ. आशीष ने धूम्रपान छोड़ने, प्रदूषण से बचाव, नियमित व्यायाम, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी। विश्व सीओपीडी दिवस का उद्देश्य जनता में जागरूकता बढ़ाना, जोखिम कारकों के बारे में जानकारी देना और लोगों को समय पर उपचार के लिए प्रेरित करना है।

विनोद बिंदल का जन्मदिवस पर प्रेरक संदेश

समाज सेवा ही असली जन्मोत्सव सनातन मूल्यों पर चलें

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। मोदीनगर के ग्राम ईशाक नगर स्थित श्री हनुमान बालाजी भारतीय चिकित्सा चैरिटेबल स्वास्थ्यवर्धक संस्थान में स्टाफ कर्मियों द्वारा संस्थान के अध्यक्ष विनोद बिंदल के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, प्रधान और आसपास के लोग शामिल हुए। आयोजन की सराहना करते हुए कार्यक्रम में विनोद बिंदल ने कहा कि "जन्मदिन कोई एक दिन नहीं, हर सुबह एक नया जन्म होता है। असली जन्मोत्सव तब है जब हम समाज के लिए कुछ करें।" उन्होंने बताया कि 350 बेड का अस्पताल पूरी तरह से मरीजों को बेहतर प्राकृतिक चिकित्सा देने के लिए तैयार है और अब इसे पूरी क्षमता से चलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल चैरिटेबल है इसलिए बेहद कम शुल्क में उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अस्पताल स्टाफ की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा स्टाफ निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाभाव से काम कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. शैलेन्द्र प्रधान खेड़ा, अतुल प्रधान ग्राम जोवा, नीरज मलिक ग्राम ईशापुर, नरेश कुमार प्रधान फैजलगढ़, संजय कुमार ईशाकनगर, कामिल प्रधान नहाली, नदीम अहमद आदि ग्राम प्रधानों के साथ हॉस्पिटल स्टाफ व स्थानीय ग्रामीण समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

महिलाओं ने बिना सहमति स्मार्ट मीटर लगाने वालों को खदेड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। सिकैड़ा रोड स्थित अम्बेडकर बस्ती पर बिजली विभाग के जेई वह स्मार्ट मीटर लगाने वाला स्टाफ पुलिस बल. के साथ पहुंचा स्थानीय निवा. सियों ने स्मार्ट. मीटर लगाने का विरोध किया तो पुलिस ने स्थानीय निवासियों को धमकाना शुरू कर दिया। मौके पर सभासद परवीन गुर्जर वह भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष ओर जिला पंचायत सदस्य डॉ. बबली गुर्जर अपने साथियों के साथ पहुंचे जिनकी बिजली विभाग।

के जेई वह पुलिस के साथ काफी कहासुनी हुई और जो मीटर लगा दिए गए थे। उनको उतरवा दिया गया डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि कोर्ट का आदेश है जो मीटर नहीं लगवाना

चाहता उसके जबरदस्ती। मीटर नहीं लगाया जाएगा बिजली विभाग की तानाशाही चरम सीमा पर है पुलिस को लेकर।

गरीब बस्तियों में पहुंचकर जबरदस्ती मीटर लगाने का काम बिजली विभाग कर रहा है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बबली गुजर ने कहा : कि अगर बिजली विभाग की तानाशाही नहीं रुकती है तो इसको लेकर जल्द ही एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जय प्रकाश शर्मा पिन्टू जाटव आजाद खान रामपाल ठेकेदार कपिल जाटव सोहनपाल दिलशाद खान कपिल जाटव आदि लोग उपस्थित रहे।

सेठ आनंदराम जयपुरिया में बाल दिवस मनाने के लिए एडवेंचर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट के द्वारा बाल दिवस मनाने के लिए एक्शन से भरपूर एडवेंचर कैंप की मेजबानी की गई। जिसमें 34 स्कूलों के 930 छात्रों का स्वागत किया गया। पूरे दिन के कार्यक्रम में साहसिक आकर्षण (जिप लाइन, कमांडो नेट, ट्रैम्पोलिन, एयर बॉल), टीम और प्रतिस्पर्धी खेल (रस्साकशी, गुब्बारों की लड़ाई, डार्ट गेम, टैग), संगीत, नृत्य और मनोरंजन गतिविधियों के क्षेत्र शामिल थे। प्रशिक्षित प्रशिक्षकों और सुरक्षा कर्मचारियों की सावधानीपूर्वक निगरानी में शिविर में मौज-मस्ती, टीम वर्क, आत्मविश्वास-निर्माण और नेतृत्व पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम एक आनंदमय, यादगार उत्सव के रूप में संपन्न हुआ जिसने छात्रों को ऊर्जावान और एकजुट कर दिया।

ग्रीन फील्ड अकादमी ने सात विकेट से जीता मैच

गाजियाबाद। मंगलवार को जीएमएस मैदान पर प्रथम स्ट्रेट ड्राइव अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट का लीग मैच खेला गया। ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी और वीवीआईपी क्रिकेट अकादमी के बीच लीग मैच खेला गया जिसमें ग्रीन फील्ड अकादमी ने सात विकेट से जीत हासिल की। टॉस जीतकर ग्रीन फील्ड क्रिकेट क्लब ने गेंदबाजी चुनी। वीवीआईपी अकादमी ने बल्लेबाजी करके 23.3 ओवर में 133 रन बनाकर सभी विकेट गंवा दिए। शौर्य तोमर 60 और नमन ने 14 रन का योगदान दिया। दूसरी टीम से हृदय पराशर ने पांच विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रीन फील्ड की टीम ने 12.5 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर 138 रन बना लिए।

आई.टी.एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में ओरिअन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। आई.टी.एस - दी एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित, आई.टी.एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिअन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. आर. पी चढ्डा चेयरमैन, अर्पित चढ्डा वाइस चेयरमैन, आई.टी.एस - दी एजुकेशन ग्रुप, सुरेन्द्र सूद, डारेक्टर - पी.आर, आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप एवं अतिथि गण ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलन कर छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ किया।

कार्यक्रम के आरम्भ में चेयरमैन डॉ आरपी चढ्डा व वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा, आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप ने

नवागंतुक छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सुरेन्द्र सूद, डारेक्टर - पीआर, आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप ने दवाइयों के प्रयोग के समय उसकी लत व दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें अपने सुख, समाज में सहायता तथा फार्मेसी के नये अनुसंधान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव मस्तिष्क की जगह नहीं ले सकता। यह एक अच्छे सेवक के रूप में कार्य कर सकता है, लेकिन मानव को नियंत्रित नहीं कर सकता।

कार्यक्रम के दोरान डॉ एम. कलाईवानी, सीनीयर सांइटिफिक ऑफिसर, आई.पी. सी, स्वास्थय एंव परिवार कल्याण मन्त्रालय, भारत सरकार, गाजियाबाद ने बताया कि छात्रों को अपनी शिक्षा के प्रति जिज्ञासु होना चाहिए। हमें केवल अंक प्राप्त करने के लिए ही नहीं पढ़ना चाहिए अपितु विषय की सही समझ व अनुसंधान भी करना चाहिए।

मि धर्मेन्द्र कुमार सीनियर मैनेजर, एलबर्ट डेविड लि, गाजियाबाद ने शिक्षक व छात्रों के संबंध के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से कहा कि छात्रों को शिक्षकों से अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। इसके साथ उन्होंने छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र व जीवन में एथिक्स के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए डॉ एस सदीश कुमार, निदेशक, आईटीएस कालेज ऑफ फार्मेसी ने कहा कि फार्मेसी प्रोफेशन को आपके जैसे लीडर व इनोवेटर की आवश्यकता है।

छात्रों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नीति शास्त्र व सत्यनिष्ठा की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अन्त में मिस मौमिता बर्मन ने छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन मि मनीष कुमार व मिस साक्षी चौहान ने किया।

संबंध विच्छेद

मैं मुन्नी देवी पत्नी स्व. वीरपाल निवासी- वार्ड नं- 32, प्रशांत विहार लोनी देहात लोनी थाना- लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र पवन को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

सीएम ने 40 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाने और प्रदूषण कम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। अपनी इसी योजना के तहत सरकार ने अपने आठ माह के कार्यकाल में 1,400 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने आज यह जानकारी आजादपुर स्थित नवनिर्मित डीटीसी के सुविधाओं से युक्त बस टर्मिनल के लोकार्पण में दी। इस कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने राजधानी के सार्वजनिक परिवहन बेड़े में शामिल की गई चालीस नई इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी बसों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राज. कुमार भाटिया, परिवहन विभाग, डीटीसी के अन्य विभागों के गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली में दिखाई देने वाला हर परिवर्तन जनता के एक-एक वोट की ताकत का परिणाम है।

दिल्ली की हवा अभी भी खराब

नई दिल्ली। हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण में भले ही लोगों को हल्की राहत मिली है, लेकिन लोगों की सांसें अभी भी उखड़ रही हैं। हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में कुहासे के साथ स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी सही रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 26 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 18.76 फीसदी रहा।

चार वर्षीय पाठयक्रम लागू होने से कॉलेजों में बढ़ी शिक्षकों की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध विभागों और कॉलेजों में पिछले तीन साल से सहायक प्रोफेसर के पदों पर स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया से कॉलेजों में शिक्षकों के 85 फीसदी सीटों को भरा जा चुका है लेकिन कॉलेजों और विभागों को शिक्षकों के लिए इंडब्लयूएस सीटें आवंटित नहीं की गई है जबकि इंडब्लयूएस बड़ी सीटों के आंकड़े मंगवाए जा चुके हैं। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस विवि शिक्षक संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर डीयू के लिए जल्द इंडब्लयूएस सीटों को आवंटित करने की मांग की है। फोरम का कहना है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 शुरू होने के चाद से चार वर्षीय पाठ्यक्रम के तहत शिक्षण कार्य शुरू हो गया है। स्नातक स्तर के चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता है। इसके लिए कॉलेजों में अतिथि शिक्षकों को रखा जा रहा है।

फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन ने बताया है कि डीयू के सहायक कुलसचिव कॉलेजिज ने ढाई साल पहले विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्यों तथा संस्थान के निदेशकों से ईडब्ल्यूएस के 10 फीसदी अतिरिक्त पदों की आवश्यकता के विषय में जानकारी मांगी थी।

प्रो सुमन ने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र चौथे वर्ष में प्रवेश कर अध्ययन कर रहे हैं जिससे हर कॉलेज के विभागों में शिक्षकों की अतिरिक्त मांग बढ़ गई है। कॉलेजों में अभी तक स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर की गई है जबकि जुलाई से चार वर्षीय पाठ्यक्रम शुरू हो चुका है।

दिल्ली ब्लास्टः नेपाल व कानपुर से खरीदे गए थे 17 सिम

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए बम धमाके की जांच के दौरान एक बड़ी जानकारी सामने आई है। जांच एजेंसियों के सूत्रों का कहना है कि जैश से जुड़े फिदायीन हमलावर डॉ. उमर ने शायद 'शू-बम' (जूता बम) का इस्तेमाल कर धमाके को अंजाम दिया है। बम विस्फोट में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 20 से अधिक लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं।

धमाके को अंजाम देने के लिए जिन मोबाइल फोन और सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया था, उसे यूपी के कानपुर और पड़ोसी मुल्क नेपाल से खरीदा गया था। सूत्रों की माने तो ब्लास्ट को अंजाम देने के लिए नेपाल से छह पुराने मोबाइल खरीदे गए थे। इनके लिए 17 सिम कार्ड का इंतजाम किया गया। इनमें छह सिम कार्ड कानपुर के बेकनगंज के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर मिले हैं।

जांच में पता चला है कि डॉ. उमर विस्फोट से एक घंटे पहले तक डॉ. परवेज, डॉ. मो. आरिफ और डॉ. फारूक अहमद डार के संपर्क में था। डॉ. परवेज, डॉ. शाहीन सईद का भाई है। शाहीन को फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय से गिरफ्तार किया गया। डॉ. परवेज लखनऊ स्थित इंटीग्रल विवि में सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात था।

आतंकी उमर का वीडियो सामने आया

नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किले के पास हुए एक भयावह विस्फोट में 14 लोगों की जान जाने के एक सप्ताह बाद हमले को अंजाम देने वाले आतंकी डॉ. उमर मोहम्मद नबी का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह आत्मघाती बम विस्फोट और 'शहादत' की अवधारणा पर बात करते हुए आत्मघाती बमबा. री को जायज ठहरा रहा है। वीडियो में उमर अकेला नजर आ रहा है और उसने एक कमरे में बैठकर यह वीडियो रिकॉर्ड किया है। वीडियो में उमर ने आत्मघाती हमलों की अवधारणा को गलत समझे जाने का दावा किया है। उसका कहना है कि लोग इस विचार की मूल भावना को समझने में असफल रहते हैं कि आत्मघाती बम विस्फोट का असली मतलब क्या है। उसने स्वीकार किया कि इसके खिलाफ कई तरह के विरोधाभास और अनगिनत तर्क मौजूद हैं।

कमर्शियल वाहनों के लिए दिल्ली में होगा एक ही फास्टैग सिस्टम

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रवेश करने वाले कॉमर्शियल वाहनों को अब दो अलग-अलग टैग (फास्टैग) और (एमसीडी) के (आरएफआईडी) टैग नहीं रखने पड़ेंगे। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अपने टोल कलेक्शन सिस्टम को फास्टैग से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इससे ड्राइवरों को रिचार्ज और टैग मैनेजमेंट की परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

अधिकारियों के अनुसार, नया फास्टैग आधारित सिस्टम एक नई कंपनी के चयन के बाद लागू किया जाएगा। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद किया जा रहा है, जिसमें सभी कॉमर्शियल वाहनों पर पर्यावरण मुआवजा शुल्क (ईसीसी) लागू करने की अनुमति दी गई है। पहले एमसीडी के आरएफआईडी सिस्टम को फास्टैग से जोड़ने में दिक्कत इसलिए आ रही थी क्योंकि ईसीसी के नियम अलग थे। खाली ट्रकों पर कम शुल्क लगता था, जबकि फल-सब्जी और जरूरी सामान ढोने वाले वाहनों पर शुल्क नहीं लगता था। फास्टैग सिस्टम इन अलग-अलग नियमों को संभालने में सक्षम नहीं था। अब ईसीसी छूट खत्म हो चुकी है, इसलिए सभी कमर्शियल वाहनों को फास्टैग से जोड़ा जाएगा।

इस बदलाव को लागू करने के लिए एमसीडी और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच बात. चीत जारी है। आगामी टोल कलेक्शन टेंडर में फास्टैग आधारित पेमेंट को शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती हुई।

रिश्वत मांगने वाले मीटर रीडर को लोगों ने पकड़ा

नई दिल्ली। एक मीटर रीडर को रिश्वत के पैसे मांगने उस समय महंगे पड़ गए, जब लोगो ने इकट्ठा होकर उसे पकड़ लिया, और मामले की जानकारी उसके बीएसईएस आलाधिकारियों को दे दी, बीएसईएस के अधिकारीयों ने इस मीटर रीडर पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंडोली की गली न-12, में संदीप नाम का युवक रहते है, इनके घर के एक कमरे से इनके भाई पूजा के कपडे बेचते है, संदीप ने बताया मीटर रीडर इस कमरे के लिए अलग से कमर्शियल मीटर लगवाने के लिए बोलता था, और कहता था अगर मीटर नहीं लगवाना गई तो पांच हजार महीना दो स रिश्वत ने देने पर घर सील करवाने की धमकी देता था स सोमवार को जब मीटर रीडर पैसे मांगने इनके घर पहुंचा तब पड़ोसियों की सहायता से इन्होंने उसे पकड़ लिया।

गेस्ट हाउस मालिक ने की आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुखर्जी नगर इलाके में एक गेस्ट हाउस के कमरे में गेस्ट हाउस के मालिक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामला दर्ज करके आत्महत्या के कारण जानने के लिये परिवार वालों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबज छह बजकर 42 मिनट पर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि सिग्नेचर गेस्ट हाउस, हडसन लेन, मुखर्जी नगर, कमरा संख्या 201, प्रथम तल में कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। एसआई इशांत और बीट स्टाफ मौके पर पहुँचे। पता चला कि गांव पोरा भुरका हाथरस उत्तरप्रदेश के रहने वाले बंटी यादव ने सीने में गोली मारकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में भेजकर पिस्टल और कारतूस का खोल जब्त कर लिया। फॉरेंसिक और क्राॅइम टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। बंटी के परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। गाँव जरीनपुर भुरका, जिला हाथरस, उत्तर प्रदेश के रहने वाले कॉलर नारायण यादव ने बताया कि मृतक बंटी यादव, जो गेस्ट हाउस का मालिक था, शाम लगभग 6 बजे अपने कमरे में गया था, जिसके बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी।

शादियों के कार्ड में बढ़ रहा एआई का चलन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। शादियों के सीजन में दिल्ली के चावड़ी बाजार में शादियों के कार्ड बनवाने के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनने वाले कार्ड को लेकर बेहद रुचि दिखा रहे हैं। चावड़ी बाजार में 200 से लेकर 2,000 रुपये तक के कार्ड उपलब्ध है। ग्राहक अपनी इच्छानुसार कार्ड का चयन कर रहे हैं।

एक कार्ड विक्रेता ने बताया कि आज कल लोग कस्टमाइज कार्ड की डिमांड ज्यादा कर रहे हैं। इंस्टाग्राम से काफी कस्टमर आ रहे हैं। एआई के आने से हमारे पास और वैरायटी आ गयी है। कार्ड डिजाइनर ने बताया कि हम एआई के जरिये कैरी कैचर्स और फोटो को इस्तेमाल करते हैं। घिबली ट्रेंड को हम ग्राहकों के लिए कार्ड में इस्तेमाल कर रहे हैं।

यमुना नदी पर क्रूज सेवा की तैयारियों का हुआ निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के सोनिया विहार में यमुना नदी पर शुरू होने जा रही क्रूज सेवा की तैयारियों का उच्च-स्तरीय निरीक्षण किया गया जिसमें केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना, दिल्ली सरकार में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से भाग लिया।निरीक्षण के दौरान परियोजना से जुड़े प्रमुख विकास कार्यों जैसे जेट्टी निर्माण, सुरक्षा तंत्र, यात्री सुविधाएँ और क्रूज रूट प्लानिंग की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। यह परियोजना केंद्र सरकार, उपराज्यपाल कार्यालय और दिल्ली सरकार के समन्वित सहयोग से तेजी से आगे बढ़ रही है। यमुना पर क्रूज सेवा

का उद्देश्य दिल्ली में जल-परिवहन को सुदृढ़ करना, पर्यटन को नई दिशा देना, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना तथा यमुना के पुनर्जीवन प्रयासों को मजबूत करना है। इस पहल से रोजगार सृजन, पर्यटन आधारित व्यापार और दिल्ली की वैश्विक पहचान को नई ऊँचाई मिलेगी। नई सोच और नए विजन के साथ यमुना नदी अब राजधानी की सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित होने जा रही है। आज संयुक्त निरीक्षण के बाद पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यमुना पर पहली बार क्रूज सेवा की होने वाली शुरुआत दिल्ली के पर्यटन में होने जा रहे ऐतिहासिक बदलाव का संकेत है। यह सेवा दिल्ली को विश्व-पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और यमुना से जुड़ी सांस्कृतिक पहचान को पुनर्जीवित करने का एक बड़ा कदम है। यह नई दिल्ली का नया आत्मविश्वास है।यमुना नदी पर दिल्ली की पहली क्रूज सेवा राजधानी दिल्ली में जल-परिवहन प्रणाली को आधुनिक रूप देने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। सोनिया विहार क्षेत्र में जेट्टी निर्माण, यात्री सुविधाएँ, सुरक्षा ढांचा और रूट योजना जैसे सभी कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। सोनिया विहार से जगतपुर तक इस जल परिवहन से जुड़ी परियोजना का उद्देश्य न केवल पर्यटन को बढ़ावा देना है बल्कि नदी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण-संवेदनशील परिवहन प्रणाली विकसित करना भी है।

रूट-डिमांड के आधार पर बसों की संख्या बढ़ाई जा रही:परिवहन मंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आजादपुर बस टर्मिनल का पुनर्विकास दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में यात्री सुविधाओं, सुरक्षित यात्रा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन के क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह नया टर्मिनल आधुनिक वेटिंग एरिया, बेबी-फीडिंग रूम, बस पास अनुभाग, लॉकर, यात्री उपयोगिताएं, शैड वाले प्लेटफॉर्म, सोलर पैनल, सीसीटीवी, बायोगडाइजेस्टर और ग्रीन एनर्जी आधारित प्रणाली जैसी सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने यह भी बताया कि आज से शुरू की गई 40 इलेक्ट्रिक बसें लो-फ्लोर, एयरखकंडीशंड, सीसीटीवी, पैनिक बटन एवं रियल-टाइम ट्रैकिंग सुविधाओं से युक्त हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग रूट-डिमांड के आधार पर लगातार बसों की संख्या बढ़ा रहा है और यह प्रक्रिया आगे भी तेजी से जारी रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल स्क्रीन, साइनेज और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है। बस टर्मिनल से 21 प्रमुख मार्गों पर कुल 116 बसों का संचालन किया जाएगा, जिनमें अधिकतर इलेक्ट्रिक बसें होंगी।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी में आयुष्मान भारतखप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की देखरेख एजेंसी करेगी। यह कदम मरीजों को उपचार में मिलने वाली दिक्कतों को दूर करने के मद्देनजर उठाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जा सके।

दरअसल, इस योजना के तहत अभी ज्यादा अस्पताल जुड़े नहीं है। साथ ही मौजूदा जुड़े अस्पताल मरीजों को उपचार देने में आनाकानी भी करते है। इस समस्या को दूर करने के लिए एक नई इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी के चयन को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। स्टेट हेल्थ एजेंसी ने निविदा भी जारी कर दी है।

अपराध शाखा ने मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को एक कार्यक्रम में सौंपे गए।

152 बरामद मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन वापसी समारोह का आयोजन किया, जिसमें कुल 152 बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे गए।

इस वितरण समारोह में पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा और एसीपी सतेंद्र मोहन, उपस्थित थे। इस समारोह में चोरी/चोरी हुए मोबा. इलों का बड़े पैमाने पर पता लगाने और नागरिकों को उपकरण वापस करने के मद्देनजर, उपस्थित फोन रिसीवर और अधिकारियों ने कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मंगेश कश्यप ने बताया कि चोरी और खोए हुए मोबा. इल फोन का पता लगाने पर केंद्रित प्रयासों के संबंध में विशेष पुलिस आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में, केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल, दूरसंचार विभाग (डीओटी), भारत सरकार और अन्य तकनीकी माध्यमों के माध्यम से टीम का गठन किया गया था। एएसआई नरिंदर कौर डोगरा के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल मोनिका और प्रियंका की टीम ने प्रयास, सावधानीपूर्वक डेटा विश्लेषण और लगातार फील्ड फॉलो-अप के साथ,कुल 152 मोबाइल फोन का पता लगाकर बरामद किया और उनके असली मालिकों को वापस करना सुनिश्चित किया।

दिल्ली में तेजी से हल हो रहे है लिगेसी इश्यूजः सूद

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सरकार के एमसीडी द्वारा बुकड प्रॉपर्टीज पर भी बिजली का मीटर देने के अहम फैसले का स्वागत करते हुए बताया की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कल दिल्लीवासियों को बुकड प्रॉपर्टीज पर बिजली कनेक्शन देने के फैसले से दिल्ली में रहने वाले बहुत से लोगों को राहत मिलेगी। दिल्ली में हमारी सरकार बने मात्र 8ख10 महीनों के भीतर ही दिल्ली के कई लॉबित मुद्दों का समाधान तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा की हमारी सरकार ने पहले ही रेस्टोरेंट, होटल और अन्य व्यावसायिक लाइसेंसों से जुड़ी जटिल प्रक्रियाओं की वजह से उत्पन्न समस्याओं को दूर करते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत किया है। साथ ही अभी हाल ही में फायर सर्विस में भी सुधार करते हुए एक नया ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है जिससे फायर का लाइसेंस रिन्यूअल अब सरल और पूरी तरह पारदर्शी हो गया है।

इसी क्रम में दिल्ली सरकार ने नगर निगम की बुकड प्रॉपर्टीज से जुड़े वर्षों पुराने लिगेसी इश्यू को भी सहज तरीके से खत्म कर दिया है। सरकार के इस जनहित कारी कदम से दिल्ली में 1,25,000 से अधिक बुकड प्रॉपर्टीज को सीधे तौर पर राहत मिलेगी। यदि इस राहत को फ्लोर-वाइज देखें तो यह संख्या लाखों उपभोक्ताओं को प्रभावित करती है। उन्होंने यह भी कहा की दिल्ली में बुकड प्रोपर्टी पर लोगों को अब तक पानी का मीटर तो दिया जाता था,लेकिन बिजली का मीटर देने से इनकार कर दिया जाता था। जिसके कारण लोग वर्षों से मुश्किलों का सामना कर रहे थे। इस अवस्था में लोग अपने घरों में कहीं जेनरेटर, कहीं पड़ोसी की लाइन, तो कहीं महंगे अस्थायी कनेक्शन लेने पर मजबूर थे। इस स्थिति का गलत लाभ भी उठाया जाता था। सूद ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाले नगर निगम पर प्रहार करते हुए कहा की पिछली सरकार ने जानबूझकर राजनीतिक दबाब के चलते बिजली कनेक्शन लेने में ऐसी पेचीदा व्यवस्था कर रखी थी की लोग आराम से कनेक्शन नही ले पाते थे। सूद ने कहा की सरकार द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार अब किसी भी बुकड प्रॉपर्टी को सिर्फ "बुकड" होने के आधार पर बिजली कनेक्शन देने से मना नहीं किया जाएगा। केवल उन्हीं मामलों में प्रोपर्टी से मीटर हटाया जाएगा जहाँ प्रोपर्टी पर एमसीडी या कानून द्वारा डिमोलिशन या सीलिंग की कार्रवाई चल रही हो।

2.40 लाख की रिश्वत लेते एएसआई को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मोबाइल और चोरी की बाइक बरामद शाहदरा डिस्ट्रिक के सीमापुरी थानांतर्गत पुलिस टीम ने एक सक्रिय झपटमार को दबोचा है। आरोपी डियर पार्क, दिलशाद गार्डन से एक महिला का हैंडबैग छीन कर फरार हो गया था।

मौके की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने जांच तेज की और पीड़िता के बयान पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की।डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि गत 17 नवंबर को हुई इस घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के इलाकों के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें एक संदिग्ध युवक दिखा। गुप्त सूत्रों की मदद से उसकी पहचान राज अरोड़ा के रूप में हुई। इसके बाद स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाकर टीम ने दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में उसने वारदात में शामिल होने की बात कबूल की। जबकि उसके पास से एक स्नैच किया गया मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। जिसे वह वारदातों में इस्तेमाल करता था। डीसीपी ने बताया 29 वर्षीय आरोपी राज अरोड़ा उर्फ शुभम उर्फ शिवम, अशोक नगर का रहने वाला है और पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रह चुका है।

ब्लास्ट की जगह सक्रिय थे 68 संदिग्ध मोबाइल फोन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। लाल किला के पास हुए बम धमाके की जांच के दौरान पुलिस को कुछ चौकाने वाले सुराग मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी तक की जांच में पता चला है कि कुल 68 संदिग्ध मोबाइल नंबर सुनहरी बाग पार्किंग और बम धमाके वाली जगह पर एक्टिव थे। यही 68 मोबा. इल नंबर अब जांच का केंद्र बन गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इन नंबरों पर पाकिस्तान और तुर्किये से कॉल आई थीं।

पाकिस्तान और तुर्किये से आने वाली कॉल, इंटरनेट रूटिंग और विदेशी सर्वर से जुड़ रहे फोन पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। धमाके के बाद पुलिस ने सुनहरी बाग और लाल किला के पास मोबाइल टॉवर से डंप डाटा उठाया। उसकी मदद से कई तकनीकी जानकारियां सामने आई हैं। अब जांच उसके आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि संदिग्ध नंबरों पर धमाके से ठीक पहले भारतीय नेटवर्क पर असामान्य डेटा-स्पाइक्स (डाटा का आदान-प्रदान हुआ) दर्ज कराया गया। सबसे अहम जानकारी विस्तृत फोन-मैपिंग के जरिये मिली है। डॉ. उमर की कार सुनहरी बाग पार्किंग में तीन घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही उस दौरान उसके 30 मीटर के दायरे में 187 फोन नंबर सक्रिय पाए गए।

बम विस्फोट जहां हुआ वहां पर पांच मिनट पहले और पांच मिनट बाद कुल 912 फोन सक्रिय मिले। दोनों स्थानों की डिजिटल लोकेशन-हिस्ट्री के मिलान में कुल 68 मोबाइल नंबर ऐसे मिले जो दोनों जगह पर उसी समय सक्रिय थे। यही 68 नंबर जांच का केंद्र बन गए हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें से कई नंबर एक ही विदेशी सर्वर से जुड़े हैं, जिसने पाकिस्तान और तुर्किये दोनों देशों के आइपी-क्लस्टर के बीच लगातार स्विच ओवर दिखाया है। जांच एजेंसियां आशंका जता रही हैं कि इन सबके के लिए अलग-अलग प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल हुआ। जांच एजेंसियां पता लगा रही हैं कि कौन-कौन से फोन विस्फोट से कुछ मिनट पहले किस विद. शी आईपी से लिंक हुए। शुरुआती जांच में घटना स्थल पर मौजूद दो फोन ऐसे मिले हैं, जिनमें मिनट-टू-मिनट लोकेशन शिफ्ट हुई। इससे संकेत मिलता है कि फोन को 'स्पूफ' (यानी दूसरे नेटवर्क पर डाला गया) किया गया। इनका जांच एजेंसियां पता लगा रही हैं। दिल्ली में हालिया विस्फोट कांड की जांच अब हरियाणा के नूंह और फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार अब तक कुल 7 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से 4 को तीन दिन की सघन पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। छोड़े गए लोगों में तीन डॉक्टर और एक खाद विक्रेता शामिल हैं।

दिव्यांग सशक्तिकरण शिविर सम्पन्न

नई दिल्ली। विकलांग कल्याण सह शोध समिति मदनगीर, नई दिल्ली द्वारा आयोजित दिव्यांग सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर - दो दिवसीय, मदनगीर, नई दिल्ली-110062 में हुई, जिसमें क्षेत्र के कई दिव्यांग जन ने शिविर में भाग लिए। जिसमें दिव्यांग जनों के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ शिक्षा पर बल दिया गया। सरकारी प्रयास एवं योजनाऐं सन्तोष का विषय है कि सरकार एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठन दिव्यांग जनों के सशक्तिकतरण के लिए लगातार प्रयासरत है। दिव्यांग अधिकार अधिनियम-2016 में 21 प्रकार के दिव्यांगताओं को मान्यता दी है और उनके अधिकारों को कानूनी रूप दिया है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

कार्य का नाम	एडीईएन/डीएलआई के अधीन एसएसाई/पी-वे/दिल्ली सेक्शन के खंड में 2025-26 के ट्रैक का वार्षिक संचालन और रखरखाव।
कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)	रु.1,49,98,253.32/- (रुपये एक करोड़ उनचास लाख अट्ठान्नवे हजार दो सौ तिरपन और बतीस पैसे मात्र)
बयाना राशि (रुपये)	रु.2,25,000/- (रुपये दो लाख पच्चीस हजार मात्र)
निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	रु.0.00
निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	11.12.2025 को 15:00 तक।
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।
आवंटन	04-200-32

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
• मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
• निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/46-2025-26/डब्लू-3
दिनांक : 18.11.2025
3575/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रामलीला मैदान में होने वाले आयोजन को लेकर डीएम का निरीक्षण

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। पिलखुवा के रामलीला मैदान में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित होने वाली संगीतमय राम कथा को लेकर प्रशासन ने तैयारियों में तेजी ला दी है। तीन दिवसीय इस भव्य धार्मिक आयोजन में प्रसिद्ध कवि, वक्ता और राम कथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास द्वारा कथा वाचन किया जाएगा, जिसे लेकर जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कथा की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम अभिषेक पांडेय स्वयं स्थल पर पहुंचे। उन्होंने रामलीला मैदान के मुख्य पंडाल, श्रद्धालुओं के बैठने की जगह, मंच, प्रवेश-निकास द्वार, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अस्थायी शौचालयों सहित समस्त व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कथा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। डीएम ने कहा कि यह एक बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। ऐसे में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, भीड़ प्रबंधन और मेडिकल सहायता जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए अलग से सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्थल निरीक्षण के दौरान

डीएम के साथ पिलखुवा नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विभु बंसल, पिलखुवा क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान, नगर पालिका कर्मचारी, आयोजक मंडल और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक निर्देशों पर कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि इस बार राम कथा का मंच भव्य सजावट, विशेष प्रकाश व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सुसज्जित होगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा में दैनिक रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके चलते पूरे मैदान को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा रहा है। प्रशासन का दावा है कि यदि तैयारियों का यही स्तर बना रहा, तो 21 नवंबर से शुरू होने वाली संगीतमय राम कथा जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक साबित होगी।

अवैध प्लाटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोज़र

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने थाना गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में चार स्थानों पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रहीं। प्राधिकरण की टीम ने मौहल्ला इन्द्रानगर, वार्ड संख्या-13, घोडा फार्म, पुरानी दिल्ली रोड पर गौरव प्रताप और मोहम्मद शाहिद की 20,000 वर्ग मीटर, रेलवे स्टेशन से पहले, रेलवे रोड पर दिलशाद अली की 15,000 वर्ग मीटर, शेर कृष्णा वाली रोड, गढ़ खादर में आलमगीर चौधरी व शराफत अली पुत्र मोहम्मद लाला की 4,000 वर्ग मीटर, बदरखों ओवर ब्रिज के निकट योगेश त्यागी की 2500 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था। हापुड़

पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा. नीतिन गौड़ ने बताया कि जिले में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध निर्माण को तोड़कर ध्वस्त किया जाएगा। किसी भी हाल में अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन अजय कुमार सिंघल एवं अवर अभियन्ता जितेन्द्रनाथ दुबे एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल था।

दो कारों की भिड़ंत में नौ लोग घायल, मची अफरा तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। किठौर रोड पर मंगलवार दोपहर ग्राम टियाला के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर ही फैल गए। हादसे में सात महिलाओं सहित कुल नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही इलाके के लोग मौके पर दौड़ पड़े और रेस्क्यू कार्य शुरू कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गाजियाबाद से किठौर की ओर जा रही वेन्यू कार में कुल सात लोग सवार थे। जैसे ही वाहन ग्राम टियाला के पास पहुंचा, तभी हापुड़ की दिशा से आ रही एक दूसरी कार अचानक सामने आ गई और दोनों

वाहनों की तेज रफ्तार में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के खेतों और घरों में मौजूद लोग घबराकर बाहर आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत कारों में फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सड़क पर फैले मलबे और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। बताया जा रहा है कि हादसे में कार में सवार अर्चना, रेखा, ज्योति, जेसिका, किशन पाल, हाजी हसद, राहिल और अन्य दो लोग घायल हो गए। डाक्टरों के अनुसार सभी घायलों को शरीर के विभिन्न हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल सभी का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। देहात थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि दोनों कारों की सीधी भिड़ंत में कुल नौ लोग घायल हुए हैं। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि किसी एक वाहन का नियंत्रण बिगड़ने से यह हादसा हुआ होगा, हालांकि सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो दोनों वाहनों के चालकों के बयान और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे जिससे हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

सड़क सुरक्षा पर बड़ा एक्शन, चेकिंग में 100 वाहनों का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जिले में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क हादसों को देखते हुए परिवहन विभाग अब सख्त मोड में आ गया है। पिछले 24 घंटे के भीतर एआरटीओ प्रवर्तन टीम ने पूरे हापुड़ जिले में व्यापक स्तर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें नियमों का पालन न करने वाले कुल 100 वाहनों का चालान किया गया। अभियान के बाद शहरभर में चर्चा और वाहन चालकों में सतर्कता दोनों देखने को मिली।

अभियान की कमान एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चौबे और आशुतोष उपाध्याय के हाथों में थी। उनकी अगुवाई में कई टीमें अलग-अलग मार्गों, बाजार क्षेत्रों, हाईवे पॉइंट्स और स्कूल मार्गों पर तैनात की गईं। चेकिंग अचानक और कड़े रुख के साथ की गई, जिसमें बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग, ओवरलोडिंग, गलत रूट पर चलने, प्रदूषण प्रमाणपत्र न होने और फिटनेस गायब जैसे मामलों में तुरंत कार्रवाई की गई। इस अभियान में सबसे ज्यादा चालान हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगाने वाले वाहन चालकों के काटे गए। एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि परिवहन विभाग लगातार हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए जागरूकता और चेतावनी जारी कर रहा है, लेकिन फिर भी बड़ी संख्या में लोग साधारण और नियमविरुद्ध नंबर प्लेटों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि अब विभाग चेतावनी के बजाय सीधी कार्रवाई करेगा, क्योंकि सड़क सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान का सबसे गंभीर पक्ष स्कूल वाहनों की जांच से सामने आया। कई स्कूल बसें निर्धारित फिटनेस मानकों पर खरी नहीं उतरीं जिसके चलते दोनों बसों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। ऐसे संस्थानों को परिवहन विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एआरटीओ रमेश चौबे ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक दिन का नहीं है। विभाग आने वाले दिनों में भी लगातार गहन चेकिंग करेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर दंडात्मक कार्रवाई निश्चित है। हेलमेट, सीटबेल्ट, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, फिटनेस, संक्रमण मुक्त उत्सर्जन और स्पीड लिमिट से जुड़े मामलों में कोई ढिलाई नहीं दी जाएगी। कई वाहन चालक खुद दस्तावेजों को अपडेट करने और नियमों के पालन की ओर जागरूक होते दिखे। विभाग का मानना है कि ऐसे अभियानों से न केवल सड़क सुरक्षा बेहतर होगी, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी भी आएगी।

मोनार्ड यूनिवर्सिटी में वेतन न मिलने पर शिक्षकों का हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। पिलखुआ स्थित मोनार्ड यूनिवर्सिटी में मंगलवार को शिक्षकों ने वेतन न मिलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। लंबे समय से सेलरी न मिलने से नाराज़ दर्जनों टीचरों ने कैंपस परिसर में एकत्र होकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की।

शिक्षकों का कहना है कि कई महीनों से उन्हें नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा, जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कई बार प्रशासन को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इससे परेशान होकर आज उन्हें विरोध दर्ज कराने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही वेतन जारी

नहीं किया गया तो वह आंदोलन को और तेज करेंगे और इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रबंधन की होगी। उधर, सूचना मिलने पर यूनिवर्सिटी के कुछ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों को जल्द समाधान का भरोसा दिलाने की कोशिश की। फिलहाल कैंपस में स्थिति सामान्य है, लेकिन शिक्षक मसले के त्वरित निस्तारण की मांग पर अड़े हुए हैं। इस विवाद के चलते छात्रों की कक्षाओं पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

एएसपी ने पुलिस कर्मियों का लिया ओआर, दिए आवश्यक निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने और कर्मियों की कार्यशीलता का आकलन करने के उद्देश्य से एएसपी विनीत भटनागर ने मंगलवार को रिज़र्व पुलिस लाइन हापुड़ स्थित आदेश कक्ष का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों का ओआर लेकर उनकी समस्याओं, तैनाती, दायित्वों तथा अनुशासन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने पुलिस लाइन में मौजूद विभिन्न गार्दों, स्टोर रूम, शस्त्रागार तथा अन्य महत्वपूर्ण अनुभागों के रजिस्टरों और दस्तावेजों की विस्तार से जांच की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से संबंधित अभिलेखों के रखरखाव, ड्यूटी के अनुशासन और संवेदनशील क्षेत्रों में तैनाती व्यवस्था का जायज़ा लिया। इस अवसर पर एएसपी ने सभी पुलिस कर्मचारियों को संबंधित कार्यों में सतर्कता, समयबद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन जनपद पुलिस की रीढ़ है, ऐसे में यहां की व्यवस्थाएं मजबूत और व्यवस्थित रहना बेहद आवश्यक है। रजिस्टरों के रखरखाव, शस्त्रों की देखरेख और गार्दों की उपस्थिति रजिस्टर में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों की समस्याएँ भी सुनीं और आश्वस्त किया कि योग्य मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिसकर्मियों को अपने व्यवहार, अनुशासन, ड्रेसकोड और ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी का पालन सर्वोत्तम तरीके से करने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के बाद एएसपी ने कहा कि समय-समय पर ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार आए और पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक उत्तरदायी बनें।

एक नजर

गाड़ी का त्रिपाल काटकर चोरी करने वाला शातिर चोर कंबल व चादर सहित गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जिलें में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गाड़ी का त्रिपाल काटकर चोरी करने वाली घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया कंबल मिंक व थ्री-डी चादर का रोल बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में पिलखुवा क्षेत्र में एक वाहन का त्रिपाल काटकर उसमें रखे सामान की चोरी की गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को आरोपी की तलाश में लगाया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी देवेन्द्र उर्फ डीके ठाकुर, पुत्र रामपाल, निवासी ग्राम खेड़ा, थाना पिलखुवा को एनएच-9 के पिलर नंबर 22 के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी अक्सर रात के समय खड़े ट्रकों और पिकअप वाहनों के त्रिपाल काटकर सामान चोरी करता था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह चोरी के सामान को स्थानीय बाजारों में औने-पौने दामों पर बेच देता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया एक मिंक कंबल और थ्री-डी रोल चादर भी बरामद किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी संगठित चोरी गिरोहों से भी जुड़ा हो सकता है। इस बात की जांच की जा रही है कि क्षेत्र में इसी तरह की अन्य वारदातों में भी उसकी संलिप्तता है या नहीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियानों से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिल रही है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें ताकि अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा सके।

दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के बाद डा. फारूक को किया रिहा

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। दिल्ली में हुई धमाके की जांच के सिलसिले में जीएस मेडिकल कॉलेज से हिरासत में लिए गए डा. फारूक अहमद डार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लंबी पूछताछ के बाद रिहा कर दिया है। सोमवार देर रात उन्हें औपचारिक पूछताछ पूरी होने के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अब तक की जांच में डा. फारूक की सीधी संलिप्तता का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है।

गौरतलब है कि दिल्ली धमाके की जांच के दौरान एजेंसियों के हाथ एक संदिग्ध परवेज का नाम लगा था, जिसकी कॉल डिटेल और डिजिटल ट्रेस में डा. फारूक अहमद डार के संपर्क होने की जानकारी सामने आई थी। इसी आधार पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें हापुड़ के पिलखुवा में स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज से हिरासत में लिया था। इस दौरान टीम ने उनका लैपटॉप, मोबाइल फोन और पेन ड्राइव को भी ज़ब्त कर लिया था। उस समय वे कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने डा. फारूक अहमद डार से परवेज के साथ उनके संपर्क, बातचीत की वजह, संभावित मुलाकातों और हालिया गतिविधियों के बारे में पूछताछ की।

जांच टीम ने उनके मोबाइल डेटा, ईमेल और सोशल मीडिया संवादों का भी तकनीकी विश्लेषण किया। हालाँकि, पूछताछ के दौरान पुलिस को न तो कोई संदिग्ध गतिविधि का सबूत मिला और न ही ऐसा कुछ, जो धमाके की साजिश से डा. फारूक अहमद डार को जोड़ सके। स्पेशल सेल के अधिकारियों ने बताया कि अभी कई कड़ियों को खंगाला जा रहा है। डा. फारूक अहमद डार को हालाँकि रिहा कर दिया गया है, लेकिन आगे की जांच में यदि ज़रूरत पड़ी तो दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। फिलहाल उन्हें क्लीन चिट नहीं दी गई है, बल्कि जांच प्रक्रिया जारी है। डा. फारूक अहमद डार को हिरासत में लिए जाने के बाद से जीएस मेडिकल कॉलेज में हलचल तेज हो गई थी। कॉलेज प्रशासन ने जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया है। वहीं स्टाफ और छात्रों में इस घटना को लेकर दिनभर चर्चाएँ चलती रहीं। दिल्ली धमाके में शामिल असल नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए कई सुरक्षा एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। तकनीकी निगरानी, डिजिटल सुबूत, लोकेशन ट्रेसिंग और संदिग्धों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

नामकरण कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग के दौरान युवक को लगी गोली, दहशत में बदला खुशी का माहौल

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव पबला में एक परिवारिक समारोह के दौरान अचानक चली गोली से खुशी का माहौल दहशत में बदल गया। देर रात नामकरण संस्कार में शामिल होने आए बुलंदशहर निवासी युवक केशव के पेट में अचानक गोली लग गई, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही एएसपी विनीत भटनागर और सीओ पिलखुवा अनीता चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, केशव अपने दोस्त तुषार के साथ उसकी बहन के घर नामकरण संस्कार में आया था। इसी दौरान तुषार के जीजा अजय तोमर एक अवैध तमंचा लोड कर रहे थे। लापरवाही के चलते अचानक फायर हो गया और गोली सीधे केशव के पेट में जा लगी। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय पुत्र सुभाष तोमर, निवासी पबला, को पबला चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि समारोह के दौरान अवैध हथियार का इस्तेमाल बेहद गंभीर अपराध है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में ग्रैंड फ्रेशर्स पार्टी का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। पिलखुवा के अनवरपुर में स्थित सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को एसआईएमएस ऑडिटोरियम में ग्रैंड फेशर्स पार्टी का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित नर्सिंग छात्रों का स्वागत करना, उन्हें संस्थान की संस्कृति से अवगत कराना तथा उनके व्यक्तित्व विकास को नई दिशा देना था। पूरे समारोह में ऊर्जा, जोश और रचनात्मकता की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि से दीप प्रज्वलन के बाद स्वागत संबोधन के साथ हुआ। मंच पर नए विद्यार्थियों के लिए प्रेरक संदेश देते हुए संकाय सदस्यों ने नर्सिंग पेशे की गरिमा,

अनुशासन, मानवता, संवेदनशीलता एवं टीमवर्क के महत्व को रेखांकित किया। फेशर्स पार्टी की मुख्य आकर्षण रंगारंग प्रस्तुतियाँ रहीं। मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य, त्रुटिहीन गायन प्रस्तुतियाँ,भावपूर्ण कविता वाचन और छात्रों द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक स्किट व मॉडल प्रेजेंटेशन ने सभागार का माहौल तालियों, उत्साह और उमंग से भर दिया। नए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया, वहीं वरिष्ठ विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर सौहार्द का संदेश दिया। आयोजन समिति में अनीता रानी एसोसिएट प्रोफेसर अन्य संकाय सदस्य एवं छात्र-समन्वयकों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। एसआईएमएस के वरिष्ठ नेतृत्व एन. वर्धराजन जनरल मैनेजर एवं रघुवर दत्त डायरेक्टर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित किया।संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की पूरी टीम को इस सांस्कृतिक एवं अनुशासित कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत सकारात्मक बताया। फेशर्स पार्टी न केवल एक स्वागत समारोह रहा, बल्कि नए विद्यार्थियों के लिए प्रेरक, उत्साहवर्धक और यादगार शुरुआत साबित हुई।

अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो शातिर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो सक्रिय और शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न जनपदों एवं राज्यों से चोरी की गई कुल 12 मोटर साइकिलें और एक अवैध पिस्टल मय एक जिंदा कारतूस बरामद कर बड़ी सफलता दर्ज की है।

गढ़मुक्तेश्वर सर्किल अधिकारी स्तुति सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी कार्रवाई के क्रम में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा स्याना रोड स्थित दादू भट्टे के पास वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी, तभी पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोका, जिनकी तलाशी और पूछताछ में मामला वाहन चोरी से जुड़ा निकला। गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान सचिन पुत्र सतपाल निवासी ग्राम नित्यानंदपुर उर्फ मितापुर थाना किठौर, मेरठ और सोवीर उर्फ पप्पू पुत्र आजादव. ेर निवासी ग्राम धनपुरा थाना सिम्भावली, हापुड़ के रूप में हुई है। दोनों आरोपी लम्बे समय से सक्रिय वाहन चोर गिरोह का हिस्सा बताए जा रहे हैं। सीओ स्तुति सिंह के अनुसार, यह गिरोह एनसीआर क्षेत्र सहित कई जनपदों व पड़ोसी राज्यों में वाहनों की चोरी कर उन्हें फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ऊंचे दामों में बेच

देता था। ये आरोपी पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं और इनके खिलाफ मेरठ व हापुड़ जनपद में आधा दर्जन से अधिक चोरी व अन्य आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से वाहन चोरी की कई घटनाओं का खुलासा होने के साथ-साथ गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने में भी मदद मिलेगी। फिलहाल दोनों शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अन्य पहलुओं की भी गहन जांच कर रही है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना हाफिजपुर पुलिस ने महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों पर कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस ने बड़ी सफलता बताया है, क्योंकि पीड़िता द्वारा दर्ज कराए गए मामले में आरोपी कई दिनों से पुलिस की पकड़ से दूर था। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक युवक ने उससे शादी का वादा करके उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार, जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हाफिजपुर थाना पुलिस लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। मंगलवार को पुलिस को सफलता मिली और टीम ने आरोपी फैजान पुत्र बाबूद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा और उनसे जुड़े अपराधों में न्याय सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस प्रकार के मामलों में कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

एलिवेटेड रोड एक सप्ताह के ट्रायल के लिए खुला

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। नोएडा विकास प्राधिकरण ने अगाहपुर गांव से भंगेल गांव तक बने करीब 4.5 किलोमीटर एलिवेटेड रोड को मंगलवार से एक सप्ताह के लिए ट्रायल के लिए खोल दिया है। 608.08 करोड़ो की लागत से करीब 3 माह से तैयार उक्त रोड को प्राधिकरण मुख्यमंत्री से उद्घाटन करवाने के उद्देश्य से खोल नहीं रहा था। भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के नेताओं ने आह्वान किया था कि एलिवेटेड रोड को खोला जाएगा। किसान नेताओं के ऐलान के बाद पुलिस, जिला प्रशासन और प्राधिकरण के अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। मंगलवार सुबह से ही किसान नेताओं के घर पर पुलिस ने घेरा डाल दिया तथा उन्हें घर पर नजर बंद कर दिया गया। एक सप्ताह के लिए ट्रायल के लिए रोड को खोलने के बाद किसान नेताओं ने भी अपने कार्यक्रम को वापस ले लिया है।

पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम यमुना प्रसाद ने बताया कि किसान नेताओं ने मंगलवार को एलिवेटेड रोड को जबरन खोलने का ऐलान किया था। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एलिवेटेड रोड पर पुलिस बल तैनात किया

गया है। उन्होंने बताया कि कुछ किसान नेताओं की नगर मजिस्ट्रेट से वार्ता हुई। इसी बीच नोएडा विकास प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड को एक सप्ताह के लिए ट्रायल के लिए खोल दिया। प्राधिकरण की कार्रवाई से किसान नेता और व्यापारी भी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई व्यापारी और सामाजिक संगठन के लोगों ने एलिवेटेड रोड खोलने की मांग की थी। एक सप्ताह के लिए एलिवेटेड रोड को ट्रायल पर खोलने का ऐलान के बाद किसान नेता वापस चले गए। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था कायम है, तथा मौके पर स्थिति सामान्य है।

भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के राष्ट्रीय महासचिव बीसी प्रधान ने बताया कि उनके संगठन ने मंगलवार सुबह एलिवेटेड रोड को स्वयं खोलने का ऐलान किया था। इस ऐलान के बाद उनके और उनके नेताओं के घर पर सुबह से ही पुलिस ने घेरा डाल दिया है, तथा उन्हें नजर बंद किया गया है। उनका दावा है कि किसान नेताओं के दबाव के चलते नोएडा विकास प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड को एक सप्ताह के लिए खोल दिया है। वहीं नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर पर बात करने के बाद ट्रायल के उद्देश्य से एक सप्ताह के लिए एलिवेटेड रोड को खोला गया है। उनके अनुसार जल्द ही इसका विधिवत उद्घाटन करवाया जाएगा।

भंगेल एलिवेटेड रोड करीब 3 महीने से बनकर तैयार है। इसका शुभारंभ नहीं होने से लोगों को 10-12 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर काटकर आना-जाना पड़ रहा था । दादरी-सूरजपुर-छलेरा यानी डीएससी रोड पर एलिवेटेड रोड शुरू होने से लोगों का नोएडा से ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर की ओर सफर आसान हो जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने 10 दिन पहले दावा किया था कि 12 या 13 नवंबर को मुख्यमंत्री लखनऊ से बटन दबाकर इसका शुभारंभ कर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो एक सप्ताह के अंदर इसको ट्रायल के तौर पर खोल दिया जाएगा। अब यह समय सीमा समाप्त हो चुकी है, लेकिन एलिवेटेड रोड की शुरुआत नहीं पाई थी। भंगेल एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 आगाहपुर से फेज टू के एनएसईजेड के पास नाले के पास तक बना है। नाले पर पुलिया की चौड़ाई कम है। ऐसे में यहां पर जाम लग सकता है। प्राधिकरण ने निर्णय लिया है कि फेज-टू की तरफ से एलिवेटेड रोड पर चढ़ते-उतरते समय पुलिया चौड़ी की जाएगी।

सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में डियर पार्क व सनसेट सफारी को मिली हरी झंडी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-91 स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क और सनसेट सफारी परियोजना अब आगे बढ़ने को तैयार है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर तकनीकी परीक्षण कर रही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जम्मू ने हिरण बाड़ों की डिजाइन से जुड़ी कुछ अतिरिक्त जानकारी मांगी थी। उद्यान विभाग ने सभी बिंदुओं का विस्तृत जवाब भेज दिया है। अधिकारियों का दावा है कि डीपीआर को सिद्धांत रूप में मंजूरी मिल चुकी है, हालांकि औपचारिक लिखित मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है। परियोजना की अनुमा. नित लागत करीब 36 करोड़ रुपये है।

नोएडा प्राधिकरण के अनुसार, यह परियोजना 32 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी, जिसमें हिरणों के लिए 9 अलग-अलग बाड़े बनाए जाएंगे।

हर बाड़े में एक विशिष्ट प्रजाति को रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बाड़ों को प्राकृतिक जंगल जैसी पारिस्थितिकी के अनुरूप तैयार किया जाएगा, ताकि हिरणों को असल वन जैसा वातावरण मिले। भविष्य में अफ्रीकी प्रजाति के हिरणों को लाने की योजना भी है, जिनके लिए अलग से विशेष डिजाइन वाला बाड़ा तैयार किया जाएगा।

बाउंड्री मजबूत होगी, सुरक्षा के लिए लगाए जाएंगे तार: डियर पार्क को मौजूदा बायोडायवर्सिटी पार्क क्षेत्र से अलग करने के लिए स्वतंत्र बाउंड्री बनाई जाएगी। वहीं पहले से मौजूद बाउंड्री के ऊपर सुरक्षा के मद्देनजर तार भी लगाए जाएंगे। इस कार्य की अनुमानित लागत 3 करोड़ 93 लाख 68 हजार रुपये है, जिसके लिए चयनित एजेंसी को काम सौंपा जा चुका है।

ग्रैप-3 प्रतिबंध हटते ही शुरू होगा निर्माण: उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में लागू ग्रैप-3 के कारण निर्माण गति. विधियां अभी रोक दी गई हैं। पाबंदियां हटते ही साइट पर विकास कार्य शुरू करा दिया जाएगा। डियर पार्क और सनसेट सफारी परियोजना के पूर्ण होने पर सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क शहर में एक प्रमुख इको-टूरिज्म आकर्षण के रूप में उभरेगा, जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यावरण-प्रेमियों को भी नया अनुभव मिलेगा।

ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी बाईपास स्थित वाईबी बिल्डर ड्राइविंग प्रशिक्षण और परीक्षण केंद्र का मंगलवार को एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र संचालकों को लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। साथ ही वहां की व्यवस्था देखी। नंदकुमार ने कहा कि एक व्यक्ति की ओर से शिकायत मिली थी, जिसमें उन्होंने केंद्र द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस की परीक्षा में पास करने के लिए पैसा मांगने और परीक्षा में कम समय देने का आरोप लगाया था। आरोप लगाने वाले व्यक्ति ने इसका कोई सबूत और शपथपत्र नहीं दिया। जांच में आरोप का कोई आधार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि संचालकों को लोगों से अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी वाहन चलाने की परीक्षा के लिए आवेदकों को 53 सेकेंड दिए जाते हैं।

आम्रपाली जोडिएक सोसायटी की लिफ्ट में फंसे सात बच्चे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-120 स्थित आम्रपाली जोडिएक सोसायटी में सोमवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एन टावर की एक लिफ्ट में सात बच्चे अचानक फंस गए। हालांकि गार्ड की तत्परता से दो-तीन मिनट के भीतर सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन अचानक बंद हुई लिफ्ट से बच्चे सहम गए थे।

सोमवार शाम के समय पार्क में खेलने के बाद सभी बच्चे अपने फ्लैट की ओर लौट रहे थे। जैसे ही उन्होंने लिफ्ट का बटन दबाया, लिफ्ट बेसमेंट की ओर चली गई और थोड़ी देर बाद वापस ग्राउंड फ्लोर पर आकर रुक गई लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अंदर फंसे बच्चों ने पहले मदद के लिए आवाज लगाई, रिस्पांस न मिलने पर उन्होंने

इमरजेंसी बटन दबाया। उसी दौरान गार्ड ने सीसीटीवी में स्थिति देख तुरंत मौके पर पहुंचकर लिफ्ट का दरवाजा खोल दिया।

10 महीने से सर्विस लिफ्ट में खराबी का आरोप: एन टावर निवासी गौरव असाती का कहना है कि टावर की सर्विस लिफ्ट में कार डोर और कई पार्ट्स पिछले दस महीनों से खराब हैं। इस संबंध में बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।

शहरवासियों में रोष: वी टावर के रंधीर गुप्ता, पी टावर के केके मिश्रा और टी टावर के गुंजन भास्कर सिंह का कहना है कि उनके टावरों में भी लिफ्टें अक्सर कई कई दिनों तक बंद रहती हैं। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे इस मुद्दे को पुलिस और नोएडा प्राधिकरण के समक्ष उठाएंगे।

बच्चों को एक मिनट में निकाल लिया गया: एओए सचिव भानु प्रताप सिंह ने बताया कि लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर ही रुकी थी और गार्ड ने तुरंत दरवाजा खोल दिया, जिससे बच्चे एक मिनट में बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में थी, फिर भी एओए लिफ्ट कंपनी के साथ बातचीत कर तकनीकी खामियों को दूर कराने पर काम कर रही है।

एक नजर

शहीद विजय सिंह पथिक स्पोट्स स्टेडियम में व्यवस्थाएं होंगी दुरुस्त

नोएडा (शाह टाइम्स)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोट्स स्टेडियम में समय-समय पर अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन होता रहता है। स्टेडियम में विभिन्न व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने के कारण खिलाडियों के साथ ही दर्शकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की योजना बनाई है। स्टेडियम में लगभग 2 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसमें विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के साथ ही बिजली सब स्टेशन, डीजी सेट, फ्लड लाइट, भोजन व शौचालय ब्लाक में लाइट के साथ ही अन्य कार्य कराएं जाएंगे। प्राधिकरण ने सेक्टर के साथ ही गांवों में भी विकास कार्य कराने की योजना बनाई है। सेक्टर गामा एक में चार दीवारी का बचा हुआ कार्य, सेक्टर ईकोटेक 11 में जलापूर्ति लाइन बिछाने का काम, सेक्टर 16 सी में नाली सफाई व अन्य कार्य कराए जाएंगे। साथ ही खेरा चौगानपुर गांव में प्ले ग्राउंड का विकास कार्य, रायपुर बांगर में शमसान घाट व कब्रिस्तान में शेड, मिलकलच्छी, रोजा जलालपुर व रोजा याकूबपुर व अच्छेजा गांव में विभिन्न कार्य का तीन वर्ष तक अनुरक्षण कार्य, कुलेसरा के पुस्ता रोड पर लाइट लगाने के साथ ही अन्य गांवों में भी विकास कार्य कराने की योजना बनी है।

कलेक्ट्रेट पर किसान संघर्ष मोर्चा का धरना 25 को होगा

नोएडा (शाह टाइम्स)। जमीन अधिग्रहण से प्रभावित जिले के किसानों की लंबित मांगों का निस्तारण न होने और प्राधिकरण की वादा खिलाफी के विरोध में किसान संघर्ष मोर्चा ने 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसको लेकर मंगलवार को बैठक कर रणनीति तय की जाएगी। धरने में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसान शामिल होंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ॰ रूपेश वर्मा ने इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने में देरी, किसान आबादियों का निस्तारण न होने तथा 10 फीसदी विकसित भूखंड देने में हो रही देरी से किसानों में रोष है। नए भूमि अधिग्रहण कानून का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिले के किसान पिछले दो वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस दौरान मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि यदि 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर होने वाले धरना प्रदर्शन में किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में आंदोलन अनिश्चितकाल रूप ले सकता है। किसान नेता सोनू कुमार ने सर्किल रेट न बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है। किसानों का आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है। इस मौके पर जय प्रकाश आर्य, देवपाल अवाना, पवन, प्रेमपाल चौहान, सोनू समानिया आदि उपस्थित रहे।

उड़ान से पहले विशेष विमानों से हो रही तकनीकी जांच

नोएडा (शाह टाइम्स)। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कैलिब्रेशन फ्लाइट से रनवे-10 और रनवे-28 की जांच पूरी होने के बाद अब विशेष विमानों से अन्य तकनीकी जांच की जा रही। अलग-अलग ऊंचाइयों पर उड़ान भर रहे ये निरीक्षण विमान रनवे एलाइनमेंट, अप्रोच पाथ, रेडियो फ्रीक्वेंसी, संचार व्यवस्था और एयर ट्रैफिक पैटर्न की सटीकता मापते हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, हवाई अड्डे का परिचालन 15 दिसंबर से होने की उम्मीद है। नोएडा एयरपोर्ट पर एयरोड्रम लाइसेंस के लिए अलग-अलग तरह के यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था, आपात स्थितियों के लिए प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। हवाई अड्डे पर अभी हाल में ही कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट हुए थे। एयरपोर्ट पर दो दिनों तक रनवे-10 और रनवे-28 पर सभी तकनीकी जांच हुई थीं। इसमें रनवे लाइटिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स रूट, ग्राउंड स्टाफ कोऑर्डिनेशन और मौसम निगरानी सेंटर की कार्यप्रणाली भी चेक की गई थी। अब एयरपोर्ट पर विमानों की अन्य तरह की जांच के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं। रविवार को हवाई अड्डे पर विशेष विमान नजर आया।

एयरपोर्ट के आसपास के एयरस्पेस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाहरी क्षेत्रों जैसे खेतों, खुले मैदानों और गांवों के ऊपर से उड़ान भरकर ऑब्स्टैकल मैपिंग भी शुरू की है। इससे यह परखा जा रहा कि उड़ान मार्ग में कहीं कोई बाधा, अवरोध, या सुरक्षा जोखिम तो नहीं है। उद्घाटन से पहले इसे फाइनल-टेस्टिंग तौर पर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा। सभी विभाग निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे, ताकि जब हवाई अड्डा आम यात्रियों के लिए खुले तो वह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, पूरी तरह सुरक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम हो।

नोएडा वालों को पासपोर्ट के लिए नहीं जाना पड़ेगा गाजियाबाद

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। अब पासपोर्ट बनवाने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नोएडा के सेक्टर-19 स्थित हेड पोस्ट ऑफिस के पासपोर्ट सेवा ब्मदजमत में सुविधाओं का विस्तार कर दिया गया है, जिससे आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी आसान हो गई है। केंद्र में एक नई मशीन, अतिरिक्त संसाधन और नया काउंटर शुरू होने के बाद पासपोर्ट से संबंधित कार्यों की रफ्तार बढ़ गई है।

सीनियर पोस्ट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि जल्द ही दो और मशीनें तथा आवश्यक उपकरण लगाए जाएंगे। इनके शुरू होते ही तीन अतिरिक्त काउंटर और संचालन में आ जाएंगे। इस प्रकार पासपोर्ट सेवा केंद्र में कुल 5 काउंटरों से काम होगा, जिससे प्रतिदिन स्वीकार किए जाने वाले आवेदनों की संख्या मौजूदा तुलना में पांच गुना तक बढ़ सकेगी। फिलहाल केंद्र पर प्रति दिन 45 आवे. दन स्वीकार किए जाते थे, जिन्हें बढ़ाकर 90 कर दिया गया है। नए काउंटर शुरू होने के बाद यह क्षमता 250 से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। पोस्ट मास्टर के मुताबिक, पहले सीमित अपॉइंटमेंट स्लॉट के कारण आवेदकों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता था। अब स्लॉट उपलब्धता बढ़ने से अपॉइंटमेंट लेना आसान हो गया है और लंबी प्रतीक्षा समाप्त हो रही है।

गाजियाबाद नहीं जाना पड़ेगा: सुविधाओं के विस्तार से पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया तेज हुई है और लोगों को दस्तावेज सत्यापन या प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए गाजियाबाद नहीं जाना पड़ रहा है।

कबड्डी सुपर लीग में दूसरे स्थान पर रही जिले की टीम

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की कबड्डी टीम ने जौनपुर में आयोजित जूनियर बालक वर्ग में राज्य स्तरीय कबड्डी सुपर लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र नागर ने बताया कि जौनपुर में 15 से 17 नवंबर तक 49वीं जूनियर बालक राज्य स्तरीय सुपर लीग का आयोजन हुआ। पहले मैच में टीम ने शामली को 32-20 अंक हराया। दूसरे मैच में गाजीपुर को 40-10 अंक से हराया। वहीं, तीसरे मैच में मऊ को 50-25 अंक से हरा कर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल का मुकाबला भदोही टीम के साथ हुआ। इसमें जिले की टीम ने भदोही को 45-20 अंक से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बंगलूरू के रास्ते आएगा यमुना सिटी में निवेश और अनुभव

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। बंगलूरू का दो दिन का दौरा यमुना प्राधिकरण के लिए सकारात्मक रही है। मंगलवार को सीईओ ने बताया कि विप्रो-जीई हेल्थकेयर ने निवेश के लिए सहमति दी है। यह कंपनी मेडिकल डिवाइस पार्क में अपने अनुभव साझा कर यहां विकसित हो रही कॉमन टेस्ट फेसिलिटी को बेहतर बनाने के अनुभव भी साझा करेगी। दूसरे दिन भी पनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज की फेसिलिटी का भ्रमण कर यीडा के अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन के सामने अपना प्रस्ताव रखा।

ग्रेनो पहुंचे सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि विप्रो-जीई हेल्थकेयर का मेडिकल डिवाइस पार्क में आना इस प्रोजेक्ट के उद्देश्य को पूरा करने का काम करेगा। मेडिकल डिवाइस निर्माण में इस कंपनी का लंबा अनुभव है। ऐसे में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश कर उनकी यूनिट शुरू होने से दूसरी कंपनियों को भी फायदा मिलेगा। वहीं, मेडिकल डिवाइस पार्क को भी पूरी दुनिया में एक ब्रांड के रूप में दर्ज कराया जा सकेगा। कंपनी ने आश्वस्त किया है कि कॉमन टेस्ट फेसिलिटीज को भी भविष्य की जरूरत के मुता. बिक विकसित कराने के लिए तकनीकी सहयोग करेंगे।

ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर मेडिकल डिवाइसेज के सीईओ प्रवीन मित्तल के साथ प्रतिनिधिमंडल ने पनेसिया की प्लांट का काम देखा। शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि कंपनी भारत सरकार के औषधि विभाग की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की एक विशिष्ट लाभार्थी भी है। करीब 19 देशों को उन्नत चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति कंपनी करती है। कंपनी ने कैंसर देखभाल उपकरणों के वैश्विक निर्यात को बढ़ाने के लिए मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ साझेदारी कर के लिए रुचि दिखाई है। जल्द ही कंपनी का एक प्रतिनिधिमंडल इसके लिए मेडिकल डिवाइस पार्क की सुविधाएं भी देखने आएगा।

वकीलों ने किया प्रदर्शन, बार चुनाव कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर कोर्ट परिसर में जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कोर्ट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आ

गामी 21 नवंबर को दोपहर 12 बजे बार सभागार में आमसभा की बैठक बुलाकर चुनाव संबंधी एल्डर्स कमेटी का गठन किया जाएगा और बार का वार्षिक चुनाव निर्धारित तिथि पर ही संपन्न कराया जाएगा। वकीलों ने बुधवार को भी धरना जारी रखने की बात कही। चुनाव 22- 23 दिसंबर 2025 को निर्धारित है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के दावेदार मनोज भाटी (बोड़ाकी) ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) का पत्र बार एसोसिएशन के चुनाव पर बाध्यकारी

नहीं है। अधिवक्ताओं ने वर्ष-2015 में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव रो. कने या नियंत्रित करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। बीसीआई के पत्र में यह उल्लेख है कि बार काउंसिल और बार एसोसिएशन के चुनाव ओवरलैप हो रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि गौतमबुद्धनगर में बार काउंसिल का चुनाव 21 व 22 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है। जबकि एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 22-23 दिसंबर 2025 को संपन्न होना है। ऐसे में ओवरलैप का तर्क अप्रासंगिक हो जाता है।

वहीं जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने यूपी बार काउंसिल के जनवरी में होने वाले चुनाव को देखते हुए 15 नवंबर से 15 फरवरी के बीच चुनाव पर रोक लगाई है। मामले में चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5 व इलाहाबाद हाईकोर्ट में 9 दिसंबर को सुनवाई होगी। धरने में सुनील भाटी, प्रमोद सुनपुरा, छतरपाल, दीपक लोहिया, नीरज सिंह तंवर, शिव कुमार बैसला, सतीन्द्र नागर, अमित भाटी, मोहित नागर,. अतुल इमलिया, सुमित नागर रजनीश हरि कुलदीप नगर दुजाना, आदित्य भाटी, राकेश, भूपेंद्र? मंगल ,दीपक, उधम सिंह, हरिंदर तोमर, दीपक भाटी ,राजीव भाटी, वरुण नागर, रॉबिन, धर्मेंद्र नारायण शर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

जुर्माने पर भी 50 फीसदी छूट मिलेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिले में विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त लोग भी लाभ उठा सकेंगे। ऐसे लोग योजना के तहत कुल जुर्माने पर 40 से 50 प्रतिशत तक छूट प्राप्त कर सकते हैं। उनका बिजली चोरी का प्रकरण भी खत्म हो जाएगा। एक दिसंबर से यह योजना लागू होगी विद्युत निगम बकायेदारों के साथ बिजली चोरी में संलिप्त पाए गए लोगों के लिए भी ओटीएस में छूट लेकर आया है। जिले में ऐसे 14 हजार उपभोक्ता है, जो कि बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त हैं।

इन पर विद्युत निगम ने 90 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया हुआ है। इसमें योजना के तहत पहले चरण में छूट का लाभ उठाने के लिए बिजली चोरों के प्रकरण में संलिप्त लोगों का 50 प्रतिशत तक जुर्माना माफ हो जाएगा। योजना का पहला चरण एक दिसंबर से 31 दिसंतर तक चलेगा। इसी तरह दूसरा चरण एक जनवरी 2026 से लेकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दूसरे चरण में लाभ उठाने पर 45 प्रतिशत तक जुमाने पर छूट मिलेगी। तीसरे और अंतिम चरण में बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त लोगों को कुल जुर्माने पर केवल 40 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। योजना के तहत छूट का लाभ नहीं लेने पर बिजली चोरों पर जिला प्रशासन की मदद से रिकवरी की कार्रवाई कराई जाएगी। तब किसी तरह की सुनवाई नहीं की जाएगी। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार इस योजना का ऐसे लोग भी उठा उठा सकते हैं, जिनके खिलाफ रिकवरी नोटिस (आरसी) जारी हो चुकी है। इसके साथ चोरी के वादों के याचिका कर्ता भी योजना के तहत छूट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जुर्माना की 10 प्रतिशत राशि पंजीकरण के रूप में जमा करनी होगी। इस राशि को छूट के बाद शेष धनराशि में जोड़ दिया जाएगा।

बीएलओ-बीएलए के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर आज कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों/सचिवों ने प्रतिभाग कर निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय सारणी के अनुरूप प्रगति पर है। इसके अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के शुद्धिकरण, नवीन मतदाताओं के नामांकन, प्रविष्टि संशोधन, मतदेय स्थलों के सम्भाजन, गणना प्रपत्रों का वितरण व संकलन तथा संशोधन प्रस्तावों की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में मतदेय स्थलों के संभाजन कार्य के उपरांत मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। उन्होंने अवगत कराया कि पूर्व में 642 मतदान केंद्र संचालित थे, जिनकी संख्या में 101 की वृद्धि करते हुए अब कुल 743 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार 1868 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 156 नए मतदेय स्थल बढ़ाए जाने के बाद वर्तमान में कुल 2024 मतदेय स्थल सक्रिय हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मतदेय स्थलों की पहचान कर उन्हें पुनर्संयोजित किया गया है,

जिनमें मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक थी। इनका समायोजन उसी मतदान केंद्र पर स्थित दूसरे मतदेय स्थल में किया गया है। ऐसे पुनर्समायोजित मतदेय स्थलों की कुल संख्या 213 है।

उप निर्वाचन जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि नवसृजित बूथों में सभी वर्गों के मतदाताओं को संतुलित रूप से समायोजित किया गया है, ताकि प्रत्येक मतदाता को सुगमता एवं सुविधा के साथ मतदान संबंधी सेवाएं प्राप्त हो सकें।

बैठक में बीएलओ और बीएलए द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीएलओ-बीएलए दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण, गणना प्रपत्रों के अनुरूप विश्लेषण तथा नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन संबंधी प्रपत्रों के निस्तारण में पूर्ण गंभीरता व सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बीएलए नियुक्ति का उद्देश्य मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों का वास्तविक विश्लेषण सुनिश्चित करना है, इसलिए प्रत्येक बीएलए अपनी प्रतिवेदन रिपोर्ट समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएं। जहां प्रगति असंतोषजनक पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्वाचक नामावली की शुद्धता लो. कतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी हितधारकों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मतदेय स्थलों के संभाजन से लेकर प्रत्येक प्रपत्र के निस्तारण तक, पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

थाना फेस-3 और जारचा में नए थाना प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के दो थानों में आज नये थाना प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती की गई है। यह दोनों थाने काफी समय से प्रभारी के बगैर संच. ालित हो रहे थे।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को चाक- चौबंद करने की नीयत से थाना फेस-3 और जारचा नए थाना प्रभारी की तैनाती की है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-20 में तैनात निरीक्षक कैलाश चंद को थाना जारचा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं थाना सेक्टर-126 में तैनात निरीक्षक पुनीत कुमार को थाना फेस- 3 का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

बता दें कि पूर्व में थाना फेस -3 और थाना जारचा के प्रभारी को पुलिस आयुक्त ने कार्य में लाप. रवाही पाए जाने पर हटा दिया था। दोनों थाने काफी दिनों से खाली चल रहे थे। थानाध्यक्षों की तैनाती के बाद चर्चा है कि जल्द ही कुछ बड़े स्तर के अधिकारियों का तबादला भी इधर से उधर होगा।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

वैवाहिक जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ब्लॉक ऊन के दर्जनों जोड़ो की शादी पिंडौरा रोड स्थित फार्म हाउस में संपन्न हुई भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने वैवाहिक जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किया। ब्लॉक ऊन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 92 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें 26 जोड़े मुस्लिम तथा 66 जोड़े हिंदू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया तथा सामान वितरित किया।वैवाहिक जोड़ों को भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमेश गौड कश्यप, ब्लॉक प्रमुख रामपाल सिंह, समाज कल्याण अधिकारी रितु रस्तोगी,मुख्य विकास अधिकारी विनय तिवारी ने प्रमाण पत्र वितरित किए तथा वैवाहिक जोड़ों को शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि प्रदेश की सामूहिक विवाह योजना से गरीब व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम मे प्रधान टपराना नौशाद ठेकेदार ग्राम पंचायत सचिव व ब्लाक के अधिकारी मौजूद रहे।

जीप की टक्कर से महंत की मौत, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। कस्बा ऊन के पास हुए सड़क हादसे में गुरु रविदास आश्रम होंशगपुर के महंत सतबीर दास की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गांव होशंगपुर में ग्रामीणों व क्षेत्रीय महंतों की पंचायत के बाद आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमे में नाम बढ़ाने व उनकी गिरफ्तारी की तहरीर दी है।

आचार्य कंवरपाल द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि महात्मा सतबीर दास पुत्र स्व। छुहारा सिंह निवासी गुरु रविदास आश्रम गुरु गद्दी ऊन, ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन के ते।जो वर्तमान में गुरु रविदास आश्रम होंशगपुर में प्रबंधक पद पर सेवारत थे। मंगलवार को वह ऊन रोड स्थित होली हेवन स्कूल के पास सड़क किनारे अपनी साइड में खड़े थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार से रंजीश के चलते इरादा करके जीप से उन्हें जोरदार टक्कर मार कर हत्या कर दी गई थी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि महंत सतबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद जीप सवार मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में महंत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार दोपहर को महंतों व ग्रामीणों की एक बैठक गांव होसंगपुर में गुरु रविदास आश्रम में आयोजित की गई, जिसमें हादसे में शामिल तीन युवकों की पहचान कर पुलिस को अलग से तहरीर सौंपी गई। ग्रामीणों ने मामले में आरोपियों के नाम मुकदमे में बढ़ाने तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान किरणपाल, सतेन्द्र दास, रविन्द्र दास, इमरत, ओम सिंह, प्रेम, राम दिया, बीर सिंह, ओमपाल, सतबीर, तेजपाल, सौरण, बिनोद, संजीव, राममेहर, कैलाशो, बेदो, बीरो, शीला, चतरो, अतरो, माया, शिमला, जोनी आदि सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं द्वारा नौवें दिन तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। तहसील में ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं हो पा रही है जिसे लेकर नौवें दिन सोमवार को भी अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखते हुए धरना प्रदर्शन कर मुख्यमन्त्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता लगातार आंदोलन कर रहे हैं इस संबंध मे अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी अरविंद चौहान से मिलकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की थी अधिवक्ताओं का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा भूमि उपलब्ध कराने से मना कर दिया। जिसको लेकर

तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता नौ दिन से हड़ताल कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक तहसील कार्यालय में ग्राम न्यायालय की स्थापना नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन को क्षेत्र के सामाजिक संगठन भी समर्थन व्यक्त कर रहे हैं नौवे दिन जन उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष सुखपाल भार्गव संरक्षक भास्कर चौधरी ने भी धरने पर बैठकर अपना समर्थन व्यक्त किया इससे पूर्व अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निवारण परिषद के महासचिव तेजपाल गुर्जर व सपा के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज पहलवान ने भी धरने को समर्थन व्यक्त किया था उन्होंने अधिवक्ताओं की जायज मांग में क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आ]वान किया।धरना प्रदर्शन में अनुज वशिष्ठ, जोगिंदर , राजपाल सैनी, धर्मवीर सिंह, कुशल पाल, सचिन खोड समा, मित्र पाल, संदीप, मास्टर मोहर सिंह, राकेश कुमार,सम्राट सिंह, अंकित,सुलेन्द्र, नवीन सरोहा, सतीश कुमार, प्रशांत ,अबरार ,जुनैद खान,सादा रहे।

नशे के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। पुलिस टीम ने मिशन शक्ति-5.0 के तहत पब्लिक इण्टर कॉलिज में पहुंचकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्रों को यातायात नियमों, साइबर अपराध, तीन आपराधिक कानूनों व महिला अधिकारों के बारे में भी अवगत कराया गया। मंगलवार को मिशन शक्ति की टीम कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित पब्लिक इण्टर कॉलिज में पहुंची। जहां पर टीम ने विद्यालय के मैदान में उपस्थित छात्रों के साथ में संवाद किया। टीम का नेतृत्व कर रही मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए अभियान चलाया गया है। मिशन शक्ति-5।0 के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ऐसे में पुरुषों को भी महिला सम्मान के लिए आगे आना होगा। महिलाएं पुरुष प्रधान समाज का अभिन्न हिस्सा है। महिलाओं के सशक्तिकरण के बगैर समाज की तरक्की व प्रगति की कल्पना असंभव है। टीम में शामिल एसआई चंद्रशेखर ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवाओं को नशे की लत से बचना चाहिए। एसआई ने छात्रों को यातायात नियमों तथा विगत वर्ष 01 जुलाई को देशभर में लागू तीन आपराधिक कानूनोंद्धबीएनएस, बीएनएसएस व बीएसएक्ष के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। टीम ने छात्रों को जीवन में कभी भी नशीले पदार्थो का सेवन न करने की भी शपथ दिलाई।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। नगर पंचायत थानाभवन में मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी, सम्मानित सभासदगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत परिसर में सामूहिक शपथ दिलाने से हुई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

अधिशासी अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने और दूसरों को

भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

स्थानीय नागरिकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए ऐसे जन-जागरण कार्यक्रमों का समय-समय पर होना आवश्यक है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए नगर पंचायत से इस अभियान को निरंतर जारी रखने की मांग की।

नगर पंचायत थानाभवन द्वारा उठाया गया यह कदम क्षेत्र में नशा मुक्ति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

यातायात माह के अंतर्गत 20 चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। थाना भवन पुलिस ने नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात महा के अंतर्गत नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न कारणों को लेकर 20 वाहन चालकों के चालान किए गए।

सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने पुलिस टीम के साथ नागरिको को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने व वाहनों को चलाने तथा रोड क्रॉसिंग के नियमों की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि वर्तमान समय में लापरवाही के चलते बहुत सारी दुर्घटनाएं हो रही है ऐसे में यदि हम सुरक्षित ड्राइविंग करते हैं तथा हेलमेट का प्रयोग करते हैं तब बहुत सारी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल पूनम ने यातायात के नियमों की जानकारी दी। यातायात संबंधी नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। सभी इन नियमों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं व भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचे।

वेक्टर जनित रोग से नियंत्रण के लिए क्षेत्र में किया जा रहा छिड़काव

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उ0प्र0 शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक को मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी शामली के निर्देशानुसार कायार्लय जिला मलेरिया अधिकारी शामली की टीम द्वारा ग्राम चौसाना ब्लाक ऊन जनपद शामली का भ्रमण किया गया। निरीक्षण में ग्राम वासियों को वेक्टर जनित रोगो के बारे में बताया गया और वेक्टर जनित रोगो के रोकथाम एवं साफ।सफाई के बारे मे जानकारी दी गई। ग्राम में कीटनाशक दवा का छिडकाव कराया गया।जिसमें मुख्यत: सुरेन्द्र सिंह यजिला मलेरिया अधिकारी, डॉ. अशोक सैनी, मति राजेश कुमारी, वी0बी0डी0 कन्सलटेन्ट, रवि मलेरिया निरीक्षक, करण छिडकाव कमचारी एवं स्वास्थ्य कैम्प में सामु0 स्वा0 केन्द्र ऊन की टीम आदि उपस्थित रहे।राष्ट्रीय वेक्टर जनित

रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कुल 65 मरीजो को दवा वितरित की गई 40 व्यक्तियों की मलेरिया आर0डी0टी0 किट एवं 23 व्यक्तियों की डेंगू आर0डी0टी से जाँच की गई जिसमे सभी निगेटिव पाए गएं एवं 20 व्यक्तियों के डेंगू सेम्पल जिला संयुक्त चिकित्सालय में ऐलाइजा जांच हेतु भेजे गए।जिला मलेरिया अधिकारी शामली की टीम द्वारा ग्राम में कीटनाशक दवा का छिडकाव कराया गया। ग्राम की आशा एवं टीम द्वारा लगभग 135 घरो में सोर्स रिडक्शन का कार्य कराया गया। इस दौरान टीम द्वारा ग्रॉमवासियो को वेक्टर संक्रामक रोगो से बचने के लिए बताया गया कि शाम के समय फुल आस्तीन के कपडे पहने फ्रिज, कुलर, गमलो आदि को साफ करके एवं सुखाकर प्रयोग में लाए तथा जहां पर पानी की निकासी न हो वहां सप्ताह में दो बार मिटटी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल काला तेल अवश्य डाले। ग्रामवासियों को बताया गया कि बीमारी का लक्षण दिखाई देन पर तुरन्त सरकारी अस्पताल मे जाए और जाचोपरान्त दवा ले। इसके साथ ही अपने घर एवं आस।पास के क्षेत्रो मे पानी जमा न होने दे जानवर वाडे घर से दूर रखे जंगल झाडियो की नियमित साफ।सफाई करे चूहो छछून्दर से बचेए पानी पीने के लिए इण्डिया मार्का।2 हैण्ड पम्प का प्रयोग करें तथा खाने से पूर्व साबुन से हाथ अवश्य धोए सॅक्रामक रोगों से बचाव हेतु जागरुक करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा के रूप में डेंगू एवं मलेरिया के क्या करें क्या न करेंश के पम्पलेट भी वितरित किए गएए ग्रामवासियों को स्वच्छ पानी पीने के लिए बताया गया। टीम द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि इस समय ग्राम मे बुखार एवॅ अन्य सॅक्रामक रोगों का प्रकोप नहीं है स्थिति सामान्य है।

अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचारों का विरोध

शामली। भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन को सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश में एससी, एसटी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी समुदायों पर बढ़ते अत्याचार, हत्या, बलात्कार और पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई न किए जाने के मामलों पर गंभीर चिंता जताई गई। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रमुख मामलों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। ज्ञापन में सबसे गंभीर रूप से जनपद बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ गांव में हुई 5 वर्षीय मासूम बच्ची सृष्टि गौतम की हत्या का मामला उठाया गया। 9 सितंबर को बस्ती में शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई लोगों को हिरासत में लिया। महिलाओं से अभद्रता की तथा भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष के साथ हिरासत में मारपीट की गई। उन्होने मांग की कि मासूम सृष्टि गौतम के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। पूर्व गठित जांच कमेटी को निरस्त कर उच्च स्तरीय जांच। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपए मुआवजा और नौकरी दी जाए। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज अजय सिंह पर एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा व निलंबन। डॉक्टर पवन खरवार पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी और सुरक्षा मिले। फर्जी मुकदमों की वापसी हो। काकोरी, लखनऊ की घटना पर कार्रवाई हो। धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों को रोक लगाई जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक इन मुद्दों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक अरविन्द कुमार, परमाल सिंह, प्रकाश सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

लावारिस महिला का शव मिला

ऊन। कस्बे के बायपास मार्ग पर महिला का शव पड़ा मिला लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।सोमवार को सुबह एक महिला का शव बायपास मार्ग पर पड़ा मिला था जिसके सिर में चोट थी पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा था लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है पोस्टमार्टम के बाद शव को मोर्चरी पर रखा गया है 24 घंटे बीत चुके हैं। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि 72 घंटे के बाद शव का दाह संस्कार किया जाएगा अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है इसके अलावा गांव हथछोया में भी एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला था उसकी भी शिनाख्त हो पाई है आज पुलिस द्वारा शव का दाह संस्कार किया गया है ।

खूनी वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

कांधला। कस्बा निवासी महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में परिजनों ने थाने में पहुंचकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में गंभीरता दिखाते हुए आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी बिट्टू सैनी की पत्नी अंजलि कई दिन पूर्व दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उपचार के दौरान गत सोमवार को उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।मंगलवार को शोकग्रस्त परिजन थाने पहुंचे और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने परिजनों को न्याय का आश्वा. सन देते हुए वाहन चालक की खोज शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गन्ने के अवशेष जलाने पर किसान पर जुर्माना, किसानों में नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। क्षेत्र के गाव भारसी निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र पदम सिंह, ने गन्ने की कटाई के बाद फसल के अवशेष जलाए थे। सेटेलाइट द्वारा खेत में आग की पुष्टि होने पर मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों को दी गई। सूचना के बाद लेखपाल मिंटू कुमार और प्राविधिक सहायक विशु कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने खेत का निरीक्षण कर अवशेष जलाए जाने की पुष्टि की। इसके बाद पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार कैराना अर्जुन सिंह को भेजी गई।तहसील प्रशासन ने रिपोर्ट के आधार पर किसान पर पांच हजार रूपए का आर्थिक दंड लगाया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके के किसानों में हड़कंप की स्थिति है। किसानों का कहना है कि कई बार मजबूरी अवशेष जलाने पड़ते हैं, ऐसे में सीधी कार्रवाई करना कठोर कदम है। किसानों का कहना है कि प्रशासन को पहले किसानों को जागरूक करना चाहिए। किस पर लगाए गए जुर्माने के बाद क्षेत्र के किसानों में प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है।

सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के लिए भर्ती शिविर में नहीं हुआ कोई रजिस्ट्रेशन

थानाभवन। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में नगर के विद्यालयों में आयोजित रोजगार मेलें में किसी ने भी रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में एसआईएस दिल्ली द्वारा लाला लाजपत राय इण्टर कालेज थानाभवन में रोजगार मेला शिविर का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि एसआईएस दिल्ली कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 500 पदों के लिए साक्षात्कार किया जाना था। जिसके लिए मंगलवार की प्रात: थाना भवन के लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज में लगाए गए रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन के लिए अधिकारी पहुंचे परंतु अंतिम समय तक भी कोई रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। इस बीच पांच युवा मेले में पहुंचे परंतु वह जानक. ारी लेने के बाद वापस लौट गए। शाम 4रू00 बजे तक अधिकारी इंतजार करने के बाद वापस लौट गए। इनके बाद 19 नवंबर को जनता इण्टर कालेज बाबरी, 27 नवंबर तक कैराना व शामली के विभिन्न विद्यालयों में रोजगार मेलें आयोजित किए जाएंगे।

ससुराल पक्ष पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

झिंझाना। कस्बा कैराना के मोहल्ला जुमा मस्जिद पुराना बाजार निवा. सिनी अलीना ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना झिझाना में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सद्दाम सहित परिजनों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। अलीना की शादी लगभग तीन माह पूर्व सद्दाम पुत्र शमशाद निवासी ग्राम आमवाली थाना झिझाना से हुई थी। विवाह के बाद से ही पति सद्दाम, उसकी पहली पत्नी शाइस्ता, नंद वाजिदा, देवर वाजिद, उम्मेद और सास रोशनी द्वारा उसके साथ गाली गलौच और मारपीट किए जाने का आरोप है। तहरीर के मुताबिक 15 नवंबर 2025 को अलीना अपने पति से बातचीत करने ससुराल पहुंची थी। इसी दौरान पति और परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और धमकी दी कि यदि वह दोबारा घर आई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता थाने पहुंची और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पति सद्दाम समेत नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

आरटीआई के तहत जानकारी न देने का आरोप

शामली। झिंझाना क्षेत्र के ग्राम लव्वादाऊदपुर निवासी बिन्दर पुत्र यशपाल ने मंगलवार को डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर विकास खंड ऊन के अधिकारियों पर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में हुए विभिन्न विकास कार्यों से जुड़ी सूचनाएं मांगे जाने के बावजूद विभाग द्वारा जवाब नहीं दिया गया। बिन्दर ने बताया कि आवेदन में ग्राम पंचायत लव्वादाऊदपुर की वर्तमान ग्राम प्रधान बीना द्वारा किए गए विकास कार्यों के विस्तृत अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जिसमें ग्राम पंचायत में सड़कों, गलियों, खड़ंजा, नालों आदि के निर्माण कार्य का पूर्ण ब्योरा, कितनी सड़के गलियां बनीं, निर्माण सामग्री कहां से खरीदी गई, ईंटों व कच्चे मटेरियल की खरीद के प्रमाणित बिल, खड़ंजा व नाला निर्माण कहां से कहां तक हुआ, इसका पूरा विवरण, गांव में लगाई गई स्ट्रीट लाइटों का विवरण, लाइटें कहां से खरीदी गईं, एक लाइट की कीमत कितनी, किस-किस स्थान पर लगाई गई आदि की सूचना दिलाने की मांग की है।

एसआईआर प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। कांग्रेस पार्टी के कैराना व थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के एसआईआर कॉर्डिनेटर्स ने मुख्य चुनाव अधिकारी, उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर प्रदेश में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को सरल और जनसुलभ बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं के अभिरक्षक के रूप में चुनाव आयोग का दायित्व है कि हर नागरिक का मताधिकार सुरक्षित और सुनिश्चित रहे।

कॉर्डिनेटर्स ने पत्र में लिखा कि एसआईआर जैसी व्यापक और जटिल प्रक्रिया को पारदर्शिता, ईमानदारी और समर्पण के साथ पूरा किया जाना चाहिए, ताकि आम जनता में फैले संशय और मताधिकार से वंचित होने के भय को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पत्र में राजनीतिक दलों से राय लेने की पहल के लिए आयोग की सराहना की गई, लेकिन अपेक्षा जताई गई कि यह केवल

औपचारिकता न होकर वास्तविक सुझावों को शामिल करने की प्रक्रिया साबित हो। उन्होने मांग की कि बीएलओ के लिए हर मतदाता तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण है, अत: प्रत्एक बूथ पर भी वोट सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से पूर्व कई बार किया जा सकता है। जिन महिलाओं का विवाह के बाद परिवार में प्रवेश हुआ है और जिनका नाम 2002 की वोटर सूची में शामिल नहीं है, उनके वोट की पुष्टि पति या ससुराल पक्ष से की जा सकती है। विवाहित महिलाओं के आधार कार्ड को वोट सत्यापन में स्वीकार करने की अनुम. ति दी जाए। 2002 के बाद गांवों से शहरों की ओर बड़े पैमाने पर हुए पलायन को देखते हुए, ऐसे मतदाताओं के नाम नई मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाए। इस संबंध में स्पष्ट जानकारी बूथ स्तर पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि समाधान शीघ्र हो सके।

नशा मुक्त भारत के तहत कर्मचारियों व कस्बावासियों को शपथ ग्रहण कराई

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। मंगलवार को नगर पंचायत बनत में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत कर्मचारियों व कस्बेवासियों को शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान लोगों से नशा से दूर रहने का आहवान किया गया।

मंगलवार को नगर पंचायत बनत में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन पति धर्मवीर सिंह व लिपिक ओम सिंह ने कहा कि नशा एक बुरी लत है। जिससे मनुष्य खुद तो बर्बाद होता ही है साथ ही नशे के कारण उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों व नागरिकों को भारत को नशा मुक्त करने के लिए किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर चौयरमैन प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, ओमसिंह कश्यप लिपिक, रामकिशन, शिवकुमार गौतम, राहुल कुमार, प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह, प्रवीन कुमार, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

नोमान के परिवार से मिले जमीयत उलेमा हिंद के पश्चिम उत्तर प्रदेश सदर

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। दिल्ली में हुए भीषण धमाके में कस्बा निवासी नौमान 18 वर्ष की मौत हो गई थी, जबकि उसका चचेरा भाई कैराना निवासी अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। मागलवार को जमीयत उलेमा ए हिंद के पश्चिम उत्तर प्रदेश सदर मौलाना आकिल अन्य उलेमाओ के साथ नौमान के घर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मौलाना ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद और स्तब्ध करने वाली है। परिवार की हर संभव मदद की जाएगी और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने मृतक नोमान के बड़े भाई फरमान के बारे में भी जानकारी ली। फरमान को एक किडनी नहीं है तथा दूसरी में चिकित्सकों ने इन्फेक्शन बताया, जिसे ट्रांसप्लांट के जरिए खराब किडनी को बदला जाएगा। सांत्वना देने वालों में मौलाना इफ्तिखार हाफिज अयूब अब्दुल खालिद हाफिज बदरुद्दीन कारी इरशाद तथा सभासद तस्लीम कुरैशी आदि कस्बा के मौजूद रहे।

पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का आरोप, एसपी से न्याय की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी ग्रामीण ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर अपने ही परिवार के कई लोगों पर आग लगाने और पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी ग्रामीण नसीम ने एसपी शामली एनपी सिंह को भेजें गए अपने पत्र में बताया कि गत 26 अगस्त को पारिवारिक विवाद के दौरान उसके पिता, भाई, भाभी और बहन ने उस पर व उसकी छोटी बेटी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। घटना में दोनों गंभीर रूप से झुलस गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह लंबे समय से अपना उपचार करा रहा है और कई माह के बाद चलने फिरने की स्थिति में आया है।पीड़ित ग्रामीण का कहना है कि थाने में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। पीडित ने एसपी शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके परिवार को न्याय की मांग की है।

परीक्षितगढ़ में बदमाशों ने स्कूटी समेत डेढ़ लाख लूटे

बाला जी आटा मिल के कर्मचारी को रास्ते में रोककर दिया घटना को अंजाम

- दो बाइकों पर सवार थे सात बदमाश, नवनियुक्त थानाध्यक्ष को दी चुनौती
- बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

परीक्षितगढ़। नगर में डिग्री कॉलेज के पास अज्ञात बदमाशों ने नवनियुक्त थाना अध्यक्ष को चुनौती देते हुए एक व्यापारी के नौकर से दिनदहाड़े स्कूटी लूट ली। स्कूटी में डेढ़ लाख रुपए भी थे। लूट की सूचना से थाने में हड़कंप मच गया।

थाना पुलिस के साथ एसपी देहात व सीओ सदर देहात ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच की मगर बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित व्यापारी ने थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। नगर में गांधी स्मारक देव नागरिक कॉलेज के रास्ते पर लखीमचंद पुत्र भगवत की बालाजी आटा मिल है मंगलवार की दोपहर 1:30 बजे उनका नौकर शेर दिन निवासी थाना भावनपुर स्कूटी लेकर उनके गोदाम की तरफ जा रहा था तभी तिराहे पर दो बाइकों पर सवार सात बदमाशों ने उसे रोक कर स्कूटी लूट कर जान से मारने की धमकी देते हुए कॉलेज के सामने से रजवाहे की तरफ फरार हो गए इसकी सूचना उसने अपने मालिक लखीमचंद को दी तथा तुरंत घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी जिससे थाने में हड़कंप मच गया। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा बदमाशों को पकड़ने के लिए काबिंग की मगर बदमाशों का सुराग नहीं लग सका। सूचना पर सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह व बाद में एसपी देहात अभिजीत सिंह मौके पर पहुंचे तथा व्यापारी के नोकर शेर दिन से जानकारी हासिल की। इसके बाद आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया मगर बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी। एसपी देहात अभिजीत सिंह ने थाना पुलिस को निर्देश देते हुए घटना का शीघ्र ही खुलासा करने के निर्देश दिए। वहीं मौके पर भाजपा नेता अमित मोहन टीपू संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष संजय सोनी समिति के अध्यक्ष विक्की त्यागी डिग्री कॉलेज के सचिव सचिन त्यागी सहित दर्जनों गण मान्य लोग भी मौके पर जमा हो गए तथा घटना पर रोष व्याप्त करते हुए शीघ्र घटना के खुलासे की मांग की है।

पुण्यांजलि ग्रुप ने दो गरीब कन्याओं का कराया विवाह

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। पुण्यांजलि ग्रुप मेरठ द्वारा मंगलवार को जैन धर्मशाला घंटाघर पर दो गरीब कन्याओं का विवाह कराया गया। जिसमें पुण्यांजलि ग्रुप की संरक्षिका राखी जैन, अध्यक्ष करिश्मा जैन, मंत्री सुनीता जैन, हिमानी जैन, शगुन जैन, अदिति जैन, प्रियंका जैन, शिखा जैन, सृष्टि जैन, लतिका जैन, सुषमा गुप्ता, प्रियंका जैन ग्रुप की सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा इस विवाह को संपन्न किया गया। जिसमें गांव मालीरा की पायल का विवाह शुभम व सपना का विवाह पंकज से संपन्न हुआ। दोनों जोड़ों को घरेलू उपयोग का सभी सामान दिया गया तथा आए हुए सभी संबंधियों को नाश्ता और भोजन कराया गया। दोनों जोड़ों को आए हुए अतिथिगण स्मृति जैन तनिष्क ज्वेलर्स, महिमा, मुकेश ज्वेलर्स, दीपा भारद्वाज, अलका, आरएसएस पियूष गर्ग और अन्नपूर्णा मंदिर की पूरी टीम शामिल रही। सभी ने दोनों जोड़ों को आशीर्वाद दिया और पूरे रीति रिवाज के साथ विदा किया।

कोल्हू संचालक गुड़ बनाने में फैला रहे है प्रदूषण, लोगों की आई आफत

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। क्षेत्र के कई कोल्हू संचालक रबड़ की कटिंग और प्लास्टिक जलाकर गुड़ बना रहे हैं कोल्हू की चिमनी से निकलने वाले धुएं से बदबू और प्रदूषण फैल रहा है। कस्बे के समीप होने के कारण लोगों को सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से इस कोल्हू में प्लास्टिक और रबड़ जलाई जा रही है जिससे प्रदूषण फैलने से काले धुए और बदबू से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। यही नहीं नगर से लेकर क्षेत्र के कई गांवों में चल रहे कोल्हू संचालक प्लास्टिक और रबड़ जलाकर प्रदूषण विभाग के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

कोल्हू संचालक के लिए यह बनाए गए हैं नियम

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का पालन करना होगा ऐसा न करने पर संचालक को के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोल्हूओ में प्रतिबन्ध ईंधन जैसे प्लास्टिक, टायर, चमड़ा, पॉलिथीन, कपड़ा आदि को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी प्राप्त करने के बाद ही संचालन होंगे। कोल्हू में प्लास्टिक और रबड़ जलाकर गुड़ तैयार किया जा रहा है कोल्हू के संचालन में प्रतिबन्ध ईंधन, प्लास्टिक, टायर, चमड़ा, पॉलिथीन, कपड़ा आदि का प्रयोग नहीं होगा। एसडीएम मवाना का कहना है कि मामले की जांच के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रदूषण फैलाने वाले कोल्हू पर भेजा जाएगा।

डीएम व एसएसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मंगलवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

जिला कारागार में जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा चिकित्सा कक्ष, शिशु सदन, महिला वार्ड आदि का निरीक्षण किया गया। महिला वार्ड में उन्होंने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, स्वास्थ्य, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसके बाद वह लौट गये।

कैंप लगाकर लोगों को किया जागरूक, फार्म भरवाए गए

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। स्थानीय क्षेत्र में मंगलवार को एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया, जिसमें मतदाता सूची सत्यापन को लेकर नागरिकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैंप में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता शाहवेज अंसारी ने जानकारी दी कि जल्द ही बी.एल.ओ. घर-घर जाकर वोटर लिस्ट का सत्यापन करेंगे और इस प्रक्रिया में प्रत्येक सदस्य को दो फॉर्म दिए जाएंगे। इन फॉर्मों पर पासपोर्ट साइज फोटो और संबंधित व्यक्ति के स्वयं के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। एक फॉर्म बी.एल.ओ. अपने पास रखेंगे, जबकि दूसरा फॉर्म हस्ताक्षर सहित संबंधित नागरिक के पास सुरक्षित रहेगा।

उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर और जन्मतिथि सही भरना अत्यंत आवश्यक है, जबकि आधार नंबर देना पूरी तरह वैकल्पिक है। साथ ही चेताया कि निर्धारित समय पर फॉर्म जमा न करने पर नाम मतदाता सूची से कट सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक का नाम पूरे देश में केवल एक ही स्थान पर दर्ज किया जा सकता है, इसलिए सत्यापन प्रक्रिया को हल्के में न लें। शाहवेज अंसारी ने यह भी कहा कि जो लोग वर्तमान में अपने घर से दूर रह रहे हैं, वे अपने क्षेत्र के बी.एल.ओ. से संपर्क कर फॉर्म प्राप्त करें और समय पर प्रक्रिया पूरी करें। कैंप के दौरान नागरिकों के गणना प्रपत्र भी मौके पर ही भरवाए गए और उन्हें पूरी प्रक्रिया समझाई गई। इस अवसर पर आगा अली, सलीम अंसारी, हाजी तय्यब, ललित गुज्जर, नितिन कटारिया, हाफिज सुजाउद्दीब, वीरेंद्र सिंह भाटी सहित कई स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने लोगों से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने परिवार, पड़ोसियों, महिलाओं और युवाओं तक जरूर पहुंचाएं, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न छूटे।

एलटीआर इंस्टीट्यूट में मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

जानी खुर्द। मंगलवार को कुराली स्थिति एलटीआर इंस्टिट्यूट कॉलेज में जानी थाना प्रभारी के निर्देश के बाद मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मेडिकल की बी फार्मा नर्सिंग की छात्र अध्यापक मौजूद रहे। जिसमें सभी छात्राओं को मिशन केंद्र की स्थापना की जानकारी दी और महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी व साइबर खतरे के बारे में तथा बचाव के तरीके बताए गए। इसकी शिकायत कैसे करें और छेड़खानी आदि पर किस तरह से बचाव किया जाए इसके बारे में विस्तार से बताया गया वहीं महिलाओं को महत्वपूर्ण नंबर के बारे में भी बताया गया जैसे हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की भी जानकारी दी गई। इसके बाद छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र के पंपलेट वितरण किए गए। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, कुराली प्रबंधक निदेशक प्रतीक कंसल, उप निरीक्षक सुजीत कुमार, श्वेता यादव प्रधानाचार्य प्रमोद चिकारा आदि मौजूद रहे।

गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी ने जीटीबी ब्लू को हराया

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में मंगलवार को गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी ब्लू के बीच मैच खेला गया। इसमें गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने मैच जीता। जीटीबी ब्लू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 145 रन बनाए। इसमें ऋतिक ने 40, विराट ने 33 रन बनाए। गेंदबाजी में गोल्डन ने 3, अर्जुन ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने 19 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इसमें मन्नू ने 41, तोहिनूर ने 40 रन बनाए। गेंदबाजी में अविरल ने दो विकेट लिए। कोच अतहर अली ने बताया कि सीनियर वर्ग का मैच खेला जाएगा। वहीं कोच अतहर अली ने कहा कि दोनों ही टीमों ने बेहतर प्रदर्शन करने में कसर नहीं छोड़ी लेकिन यह सच्चाई है कि कि जीतता तो एक ही है।

द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया हाइब्रिड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। पैंटोमैथ फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप के तहत भारत के सबसे तेजी से बढ़ते एएमसी में से एक, द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, द वेल्थ कंपनी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च कर रही है। यह टू-टू-लेबल पारदर्शी और भरोसेमंद हाइब्रिड, कमोडिटी-एंकर्ड मल्टी-एसेट फंड इक्विटी फंड, डेट और कमॉडिटी को सक्रियता से संतुलित करेगा। इस तरह, यह निवेशकों को विभिन्न किस्म के बाजार चक्रों में लचीला और विविधीकृत पोर्टफोलियो प्रदान कर दीर्घकालिक धन सृजन में मदद करता है। नया फंड ऑफर एनएफओ 19 नवंबर, 2025 को खुलेगा और 3 दिसंबर, 2025 को बंद होगा। द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड की सीआईओ इक्विटी, सुश्री अपर्णा शंकर ने एनएफओ लॉन्च के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड में, हमारा मानना है कि परिसंपत्ति आवंटन धन सृजन और संरक्षण की आधारशिला है।

आरआरटीएस और वंदे भारत मेट्रो सुरक्षा कर्मियों का शोभित विवि में दक्षता-विकास प्रशिक्षण सत्र आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) पांचवीं वाहिनी, सहारनपुर आरआरटीएस चतुर्थ इकाई के 100 से अधिक अधिकारियों हेतु एक महत्वपूर्ण दक्षता-विकास प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह वही विशेष सुरक्षा इकाई है जो मेरठ में प्रारम्भ हुई नवीन तेज गति रेल प्रणाली (आरआरटीएस) तथा वंदे भारत मेट्रो की सुरक्षा का दायित्व अत्यंत सजगता और निष्ठा के साथ निभा रही है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को जनसमूह संचालन, संवाद-कुशलता, सभ्य व्यवहार तथा परिस्थितिजन्य प्रबंधन से संबंधित आवश्यक कौशल प्रदान करना था, ताकि यात्रियों एवं नागरिकों को सुरक्षित, अनुशासित और सम्मान जनक अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण सत्र के मुख्य वक्ता शोभित विवि की मनोविज्ञान और व्यवहार अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रोफेसर डॉ. पूनम देवदत्त एवं वरिष्ठ शिक्षाविद एवं विश्व विद्यालय सलाहकार प्रोफेसर एम. एल. सिंगला द्वारा किया गया।

विशेषज्ञों ने बताया कि तेज गति सार्वजनिक परिवहन तंत्र में तैनात सुरक्षा कर्मियों का धैर्यपूर्ण, संयमित और संवेदनशील व्यवहार सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देता है और जनता के विश्वास को बढ़ाता है। उन्होंने अधिकारियों को विस्तृत रूप से समझाया कि लोगों को विनम्रता और दृढ़ता के साथ कैसे नियंत्रित किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्द और अनुशासन का संतुलन कैसे कायम रखा जाए। यात्रियों के प्रति स्वागतपूर्ण और सकारात्मक व्यवहार द्वारा सहयोगपूर्ण वातावरण कैसे तैयार किया जाए। इस अवसर पर उप सेनानायक डॉ. कृष्ण गोपाल तथा सहायक सेनानायक राजीव यादव भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र नई परिवहन सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सक्षम एवं आधुनिक बनाते हैं। सत्र के समापन पर शोभित विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी अधिकारी को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में डीन अकादमिक्स डॉ. अशोक गुप्ता, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट डॉ. अभिषेक कुमार दबास, निदेशक आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठ, उप कुलसचिव रमन शर्मा तथा ले. डॉ. कुलदीप कुमार सहित विवि के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। शोभित विवि समाज, सुरक्षा बलों एवं सार्वजनिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए हमेशा अग्रणीय रहा है और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा।

टिकौला शुगर मिल ने किया सत्र 2025-26 का पहला भुगतान

शाह टाइम्स संवाददाता

बहसूमा। टिकौला शुगर मिल ने 2025-26 पैराई सत्र का पहला भुगतान सीधा किसानों के खाते में भेज दिया है। टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया कि शुगर मिल ने पेराई सत्र 2025-26 का 2 नवंबर से 14 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का संपूर्ण भुगतान 46 करोड़ 50 लाख 20 हजार पांच सौ छह रूपये 18 पैसे का भुगतान सीधा किसानों के खाते में भेज दिया है। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया कि किसान अपने बैंक खाते में अपना भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि मिल में अपना गन्ना पैराई करते समय साफ-सुथरा, ताजा, जड-पत्ती, मिट्टी एवं हरा अगोला रहित गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करें। पर्चियों से अधिक गन्ना उपलब्ध होने पर चीनी मिल अथवा गन्ना विकास परिषद से सम्पर्क करके, अतिरिक्त सट्टा आवश्यकता अनुसार करा लें, और अपना बेसिक कोटा अवश्य पूर्ण करें, एवं टिकौला मिल में गन्ना आपूर्ति बढ़ाकर, ईनामी उपहार योजना का भी भरपूर लाभ उठायें।

मिशन कम्पाउंड का मालिक आया सामने!

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित मिशन कम्पाउंड लगातार चर्चा में बना रहता है। जहां एक तरफ इस भूमि का एक वरिष्ठ अधिवक्ता का होना बताया जाता है वहीं इस मामले में एक नया मोड़ फिर सामने आया। जाकिर कॉलोनी निवासी मौ. अली पुत्र अख्तर अली ने कप्तान को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि डेनियल एलबर्ट नाम के एक भूमाफिया ने उसके दादा के नाम से फर्जी वाड़ा करके उक्त भूमि को अपने नाम करा लिया है और अब वह इस जमीन को नीलाम कर रहा है। मौहम्मद अली की मानें तो यह उनके पुरखों का पट्टा है और तहसीलदार न्यायिक को गुमराह करके फर्जी तरीके से काम किया जा रहा है। मौ. अली ने डेनियल एलबर्ट के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कप्तान ने मामला जांच के लिए भेज दिया है।

थिंक गैस ने शेल एनर्जी इंडिया के साथ की दीर्घकालीन गैस बिक्री-खरीद समझौते की घोषणा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। थिंक गैस ने शेल एनर्जी इंडिया के साथ एक दीर्घकालीन गैस बिक्री एवं खरीद समझौते की घोषणा की है। यह भारत के प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में एक बड़ा कीर्तिमान है। समझौते के मुताबिक, थिंक गैस हजीरा एलएनजी टर्मिनल के जरिए शेल एनर्जी इंडिया के पोर्टफोलियो से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हासिल करेगी।

यह समझौता भारत के अग्रणी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों में से एक के तौर पर थिंक गैस की स्थिति और मजबूत करता है और सभी परिचालन क्षेत्रों और ग्राहक खंडों में विश्वसनीय एवं स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति की इसकी प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस घटनाक्रम पर बोलते हुए थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता ने कहा, हमें पारस्परिक विश्वास और सहयोग के आधार पर शेल के साथ हमारी मौजूदा साझीदारी को विस्तार देते हुए प्रसन्नता है। इस दीर्घकालीन समझौते का क्रियान्वयन एक जटिल वैश्विक वातावरण में हमारे गैस पोर्टफोलियो के विविधीकरण की हमारी रणनीति और हमारे ग्राहकों को विश्वसनीय, लचीले, किफायती और टिकाऊ समाधान की पेशकश पर आधारित है। शेल एनर्जी इंडिया की ओर से गैस आपूर्ति से परिवारों, वाहनों और उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति के साथ हमारे ग्राहकों की बढ़ रही मांग पूरी करने में मदद मिलेगी। यह समझौता हमारी कंपनी की अनुमानित ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा पूरा करेगा और हम हमारे ग्राहकों की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए इसी तरह की अन्य साझीदारियों का आकलन कर रहे हैं। बढ़ते प्रत्यक्ष विदेश निवेश एफडीआई के साथ भारत का प्राकृतिक गैस क्षेत्र मजबूत वृद्धि दर्ज कर रहा है जिससे इस देश में स्वच्छ ऊर्जा के प्रति रुख की संभावना में वैश्विक भरोसा परिलक्षित होता है। यह गति, भारत के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस का योगदान बढ़ाकर 15 प्रतिशत पर पहुंचाने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप है और इस तरह से यह इस देश की स्वच्छ ऊर्जा वृद्धि का एक प्रमुख कारक है। थिंक गैस और शेल एनर्जी इंडिया जैसी कंपनियों के साथ निरंतर साझीदारी करती रहेगी जिनका प्राकृतिक गैस को व्यापक स्तर पर अपनाने और मजबूत बुनियादी ढांचा के विकास को सुगम बनाने के साथ ही ऊर्जा के टिकाऊ भविष्य की इस देश की प्रतिबद्धता के साथ भारत के ऊर्जा परिवर्तन को गति देने का एक साझा विजन है।

20 से 28 नवम्बर तक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे अभियंता

मासिक बैठक में अभियंता संघ ने लिया फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। अभियंता संघ की मासिक बैठक हुई जिसमें अभियंता संघ द्वारा 20 नवंबर से 28 नवंबर तक होने वाले ध्यानाकर्षण कार्यक्रम से सभी को अवगत कराया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। अभियंताओं पर हो रहे उत्पीड़न के विरोध में 20 नवंबर से 28 नवंबर तक समस्त अभियंता काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे एवं भोजनावकाश कार्यालय समय उपरांत विरोध सभा करेंगे। बैठक में अभियंताओं द्वारा निजीकरण का टेंडर जारी होते ही जेल भरो आंदोलन का संकल्प लिया गया। उनका कहना था कि वह निजीकरण के विरोध में हमेशा रहेंगे। बैठक में इ. कृष्णा सारस्वत, इ. निखिल कुमार, इ. आलोक त्रिपाठी एवं अन्य अभियंता गण उपस्थित रहे।

स्कूल डिबेट कंपटीशन में विजेता टीम सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के संस्थापक चौधरी नरेन्द्र सिंह की याद में गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में 17वां इंटर स्कूल डिबेट टॉपिक प्रजेंट जनरेशन इस लर्निंग मोर फोम टेन्ड्रस देन आइडियल्स पर वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 40 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। डिबेट का शुभारम्भ ज्यूरी मैंम्बर्स एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

प्रतियोगिता को दो टीमों में विभाजित किया गया। एक टीम ने पक्ष में तथा दूसरी टीम ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये गए। बच्चों के विचारों को सुनने के लिए डॉ. प्रभात कुमार राय, मंजुला गर्ग तथा सोनी धारीवाल ज्यूरी टीम में रहें। विषय के पक्ष में बोलते हुए प्रथम स्थान पर तेजस्वनी केएल इन्टर नेशनल स्कूल, वृंदा, ब्लिस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान एवं मनस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर विषय के विपक्ष में विचार रखते हुए प्रथम स्थान पर प्रहस्त भारद्वाज, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर अरनव गर्ग, आईआईएमटी एकेडमी तथा रूद्राक्ष जोशी, द आर्यन्स स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूलों को गौरवमय किया। प्रधानाचार्य, डॉ. कर्मेन्द्र सिंह एवं ज्यूरी मैम्बर्स ने विजेताओं को पुररस्कार वितरण किया गया। रॉलिंग टॉफी गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के नाम रही लेकिन नियमानुसार होस्ट स्कूल ट्रॉफी नहीं रखते है जोकि उपविजेता टीम केएल इंटरनेशनल स्कूल के नाम रही। डिबेट कॉम्पीटिशन में उपस्थित ज्यूरी, प्रिसिंपल्स, टीचर्स आदि ने सभी बच्चों के विचारों को सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभा राव, अंजिल शर्मा, विशाल गौड़, आशिमा खन्ना, पूजा मेहता, शीरी, मनमोहन सिंह, ईशा जैन, गुंजन जैन, जूवेरिया, नाजिश आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने डिबेट में उपस्थित सभी का तहें दिल से धन्यवाद व्यक्त किया तथा कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना को और जाग्रत किया जा सकता है जोकि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करती है।

WPL की नीलामी 27 को दिल्ली में

ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी

नई दिल्ली, वार्ता। डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी 27 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होगी। यह ऐलान इस महीने की शुरुआत में अगले सीजन के लिए वूमेंस प्रीमियर लीग की रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद की किया गया है। डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी। कुल मिलाकर, पांचों टीमों में 23 विदेशी खिलाड़ियों सहित 73 स्थान भरे जाने के लिए उपलब्ध हैं। यूपी वॉरियर्स डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी में सबसे ज्यादा बदलाव करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिर्फ एक खिलाड़ी अनकैप्ड श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। उनके पास सबसे बड़ा पर्स होगा, साथ ही चार राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्प भी उपलब्ध होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस और तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स, जिन्होंने शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को टीम में बनाए रखा है, ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मेगा ऑक्शन में, उनके पास कोई राइट-टू-मैच (आरटीएम) विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। अब तक आयोजित तीन संस्करणों में, डब्ल्यूपीएल में कुछ खिलाड़ियों पर बहुत बड़ी बोली लगी हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा डब्ल्यूपीएल 2023 मेगा ऑक्शन में भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना के लिए 3-4 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद, स्मृति मंधाना वर्तमान में डब्ल्यूपीएल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। मंधाना, जिन्होंने 2024 डब्ल्यूपीएल सीजन में टीम को खिताब जिताया था, डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। कुल मिलाकर, पांचों क्रिकेट टीमों ने सात विदेशी क्रिकेटरों सहित 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया। सभी टीमों के पास 2026 डब्ल्यूपीएल नीलामी में खर्च करने के लिए कुल 41-1 करोड़ रुपये होंगे। वूमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा, प्रमुख खिलाड़ियों की ऑक्शन लिस्ट का हिस्सा होंगी। इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट, ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली और मेग लैनिग, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क सहित कई अन्य खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है।

स्पेन के अल्काराज हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डेविस कप से बाहर

मैड्रिड, वार्ता। विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज चोट के कारण इटली के बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप फाइनल के लिए स्पेन की टीम से हट गए हैं। रविवार को एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जैनिक सिनर से हारने के बाद अल्काराज को हैमस्ट्रिंग में हल्की चोट लगी थी, और हालांकि वह प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद से बोलोग्ना गए थे, लेकिन जांच के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेरे दाहिने हैमस्ट्रिंग में सूजन है और चिकित्सा सलाह है कि मैं प्रतियोगिता में भाग न लूं।

बाबर पर ICC ने की बड़ी कार्रवाई

दुबई, वार्ता। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी ने पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आईसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के कारण बाबर पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। दरअसल, बाबर ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारा था जिस कारण उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है।

बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 का उल्लंघन किया जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को सीरीज के आखिरी वनडे मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा। मैदानी अंपायर एलेक्स व्हार्फ और राशिद रियाज, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर फैसल अफरीदी ने आरोप लगाए, जबकि आईसीसी के

● **क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया**

मैच रैफरी के अंतर्राष्ट्रीय पैनल के अली नकवी ने प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी बल्लेबाज ने अपराध और प्रतिबंध स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार और अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

संक्षिप्त खेल समाचार

दसुन शनाका टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे

कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने पाकिस्तान में होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले टीम में कई बदलावों की घोषणा की है। कप्तान चरित असालंका और तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो दोनों बीमारी के कारण स्वदेश लौट आए हैं। हाल ही में संपन्न हुई एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा रहे ए दोनों खिलाड़ी श्रीलंका, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे क्योंकि टीम प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ ने उन्हें भविष्य की प्रतिबद्धताओं से पहले उचित उपचार और रिकवरी का समय देने के लिए एहतियातन हटने की सलाह दी है। असालंका की अनुपस्थिति में, पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान दासुन शनाका को त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम की कमान संभालने के लिए कहा गया है।

विश्व टेनिस लीग दिसम्बर में भारत में पदार्पण करेगी

बेंगलुरु, वार्ता। यूएई में तीन सीजन तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद, आइकॉनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स लिमिटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त और प्रबंधित विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) अगले महीने भारत में पदार्पण करने के लिए तैयार है। बेंगलुरु में 17-20 दिसम्बर तक आयोजित होने वाला यह चार दिवसीय टूर्नामेंट कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के स्वामित्व और संचालन वाले प्रतिष्ठित एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आयोजित होगा। यह संस्करण डब्ल्यूटीएल की उत्कृष्टता की विरासत को जारी रखेगा, जिसमें दानिल मेदवेदेव, निक किर्गियोस, एलेना रयबाकिना, पाउला बडोसा, रोहन बोपन्ना, गाएल मोंफिल्स, आर्थर फिल्स, सुमित नागल, मैग्डा लिनेट और मार्टा सहित टेनिस प्रतिभाओं की एक मजबूत टीम शामिल होगी।

अर्जुन एरिगैसी ने क्वार्टर फाइनल का पहला गेम ड्रा कराया

पणजी, वार्ता। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (2773) ने 20 लाख डॉलर के ईनामी फिडे विश्व कप के पहले क्लासिकल क्वार्टर फाइनल मुक़ाबले में चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई (2754) को 31 चालों में बराबरी पर रोककर भारत का परचम लहराया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के विजेता को नए

● **अर्जुन ने मुकाबले में चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई को 31 चालों में बराबर पर रोककर हराया**

विश्वनाथन आनंद कप फाइनल में जगह और मार्च में साइप्रस में होने वाले कैंडिडेट्स 2026 में खेलने के लिए एक स्थान मिलेगा। आंध्र प्रदेश के वारंगल के इस खिलाड़ी को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने खतरनाक चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई के ख+लाफ जडादा पसीना बहाए बिना अपना गेम ड्रॉ करा लिया। टाटा स्टील 2024 के इस चैंपियन ने शुरुआती मुक़ाबले में रुई लोपेज क्लोज्ड सिस्टम का इस्तेमाल किया, जिसमें इस भारतीय खिलाड़ी को कोई दिक्कत नहीं हुई।

उत्कृष्ट तैयारी का परिचय देते हुए, ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने पूरे समय समय की बढ़त बनाए रखी। 27वीं चाल तक, खेल का अंत ड्रॉ रूक-एंड-पॉन में हो गया था, और खिलाड़ी 30 चालों की सीमा पार करने के बाद तीन बार दोहराकर ड्रॉ पर सहमत हो गए। एक उल्लेखनीय विशेषता अर्जुन के खेल की असाधारण गति थी।

चिराग-सात्विक प्री क्वार्टरफाइनल में

सिडनी, वार्ता। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने राउंड ऑफ 32 के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की जोड़ी चांग को-ची और पो ली-वेई को 48 मिनट में 25-23, 21-16 से हराया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन लगातार चार अंक बनाकर वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया। चांग को-ची और पो ली-वेई ने 9-7 के स्कोर पर फिर से बढ़त बना ली, लेकिन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने वापसी जारी रखी और स्कोर 9-9 और फिर 16-16 पर बराबरी पर आ गए। 19-19 के स्कोर पर मुकाबला कड़ा हो गया, जहां शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपना धैर्य दिखाया और तीन गेम पॉइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। चिराग-सात्विक ने 7-4 की बढ़त बनाई, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 10-8 से आगे हो गई। इसके बाद, भारतीयों ने अपनी गति बदली और लगातार छह अंक बनाकर चार अंकों की बढ़त बना ली। चांग को-ची और पो ली-वेई ने अंतर को दो अंकों तक कम कर दिया, लेकिन चिराग और सात्विक ने तीन अंक हासिल करके मैच अपने नाम कर लिया और दोनों जोड़ियों के बीच पहला आमने-सामने का मुकाबला जीत लिया। चिराग-सात्विक अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगे। इस बीच, जुलाई के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में वापसी कर रही भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ट्रीसा और गायत्री को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना और मेलिसा त्रियास की 83वें नंबर की जोड़ी ने 40 मिनट में 21-10, 21-14 से हरा दिया। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य, प्रणय और श्रीकांत, साथ ही उभरते हुए खिलाड़ी आयुष बुधवार को पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

14 शीर्ष पैरा एथलीट्स को मिले स्पोर्ट्स उपकरण

नई दिल्ली, वार्ता। एचसीएलटेक की भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने वाली इकाई एचसीएल फाउंडेशन ने आज अपने 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' कार्यक्रम के तहत देश के शीर्ष और उभरते पैरा-एथलीट्स को समर्थन देने की नई पहल की घोषणा की।

एचसीएल फाउंडेशन की 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल विविध और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले युवा खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से व्यक्तिगत और पेशेवर बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाती रही है। पैरालम्पिक कमिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से शुरू की जा रही नई पहल का उद्देश्य शीर्ष पैरा-एथलीट्स को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में मजबूत समर्थन देना है। कुल 14 शीर्ष पैरा-एथलीट्स को 37 लाख रुपये मूल्य के स्पोर्ट्स उपकरण दिए गए। जिन खिलाड़ियों को यह सहायता मिली उनमें संदीप सिर्गर: लगातार तीन वर्षों (2022-24) तक डब्ल्यूपीए ग्रां प्री में भाला फेंक में गोल्ड। गायत्री एचएम : 2024 वर्ल्ड बोसिया चैलेंजर, काहिरा में सिल्वर। कस्तूरी राजमणी: 2024 पैरा पॉवरलिफ्टिंग वर्ल्ड कप , पटाया में ब्रॉन्ज। प्रदीप कुमार: 2022 हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में भाला फेंक में सिल्वर और माराकेच 2023 ग्रां प्री में ब्रॉन्ज। अमिषा रावत: 2023 डब्ल्यूपीए ग्रां प्री, नॉटविल में भाला फेंक में ब्रॉन्ज। भाग्यश्री माधवराव जाधव: 2022 हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में शॉट पुट में सिल्वर। इसके अलावा, एचसीएल फाउंडेशन की 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल के तहत समर्थित छह उभरते पैरा-एथलीट्स को उनकी आवश्यकताओं के आधार पर 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति दी गई।

एयर राइफल मिश्रित टीमों ने स्वर्ण और कांस्य पदक जीते

टोक्यो, वार्ता। भारतीय निशानेबाजों ने टोक्यो में आयोजित 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर एक और दोहरा पोडियम हासिल किया। धनुष श्रीकांत और माहित संधू की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरियाई जोड़ी जियोन डैन और किम वूरिम को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया और कोमल मिलिद वाघमारे ने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा और ओलेक्सांद्र कोस्तिक की जोड़ी को हराकर अपने व्यक्तिगत पदकों में कांस्य पदक भी जोड़ा। स्वर्ण पदक के मुकाबले में, धनुष और माहित ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली और कोरियाई जोड़ी से स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए अंतत: 17-7 से मैच जीत लिया।

यह धनुष का डेफलिम्पिक्स में दूसरा स्वर्ण पदक है, जबकि माहित ने व्यक्तिगत स्पर्धा में जीते रजत पदक के साथ एक स्वर्ण पदक भी जोड़ा। कांस्य पदक का मुकाबला यूक्रेनी जोड़ी के साथ कड़ा था, जिसमें महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता वायलेटा लाइकोवा भी शामिल थीं। चौथी सीरीज के अंत में दोनों जोड़ियां 4-4 से बराबर थीं और छठी सीरीज के अंत में यूक्रेन 7-5 से आगे था।

मुर्तजा वानिया और कोमल ने फिर चार और राउंड के बाद स्कोर 7-7, 8-8 और 10-10 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारतीयों ने अगले चार राउंड में से दो जीते, और बाकी दो राउंड में अंक बराबर रहे। अंतत: उन्होंने 16-12 से कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने तीन दिनों की प्रतियोगिता में कुल नौ पदक जीते हैं। एयर पिस्टल मिश्रित टीमें कल मैदान में उतरेंगी और भारतीय खिलाड़ी डेफलिम्पिक्स में निशानेबाजी में अपने पदकों की संख्या में और इजाफा करना चाहेंगे।

बैडमिंटन लीजेंड्स साइना नेहवाल और पीटर गेड 'द लीजेंड्स' विजन लेगेसी टूर इंडिया का करेंगे नेतृत्व

नई दिल्ली, वार्ता। भारत की बैडमिंटन आइकन और पद्म भूषण से सम्मानित साइना नेहवाल तथा डेनमार्क के महान शटलर और कई बार के विश्व चैंपियन पीटर गेड इस बार 'द लीजेंड्स' विजन - लेगेसी टूर इंडिया की अगुवाई करेंगे। यह एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य समुदाय-आधारित कार्यक्रमों, जूनियर डेवलपमेंट और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से बैडमिंटन को और व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना है।

कैरोलिना मारिन के साथ, साइना इस पहल को आगे बढ़ाने वाली नई लीजेंड्स में शामिल हो गई हैं। आठ साल बाद भारत लौट रहा यह टूर 23-24 नवम्बर 2025 को नई दिल्ली के सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। दो दिनों का यह उत्सव सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां लीजेंड्स और समुदाय मिलकर बैडमिंटन के भविष्य को प्रेरित करेंगे-पहली रैलियों को जन्म देंगे, खेलने के अवसर बढ़ाएंगे और नई पीढ़ी में विश्वास जगाएंगे। इस टूर का प्रमुख आकर्षण है 'ए रैकेट्स सेकंड लाइफ'-द लीजेंड्स' विजन की एक वैश्विक पहल, जिसमें प्रशंसकों को अपना इस्तेमाल किया हुआ रैकेट दान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को बैडमिंटन खेलने का मौका मिल सके। दान किए गए रैकेट उन समुदाय साझेदारों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है, जिससे हर योगदान एक नई शुरुआत का अवसर देता है। पहला दिन (23 नवम्बर) जूनियर खिलाड़ियों के लिए विशेष ऑन-कोर्ट इंटरैक्टिव सत्रों से शुरू होगा।

डेरिल मिशेल विंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

● **पहले वनडे में जांघ में तकलीफ के कारण वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे थे**

नेपियर, वार्ता। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। हेनरी निकोल्स, जिन्हें पहले नेपियर में दूसरे वनडे के लिए उनकी जगह चुना गया था, टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

हेगले ओवल में पहले वंनडे में न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर सात रन की जीत में अपना सातवां वनडे शतक लगाते समय मिशेल को जांघ में तकलीफ हुई और वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे। ग्रोइन स्कैन में मामूली चोट का पता चला है जिसके लिए दो हफ्ते के रिहैबिलिटेशन की आवश्यकता होगी। मिशेल के वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसम्बर से हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ठीक होने की उम्मीद है। मिशेल की चोट पर बात करते हुए कि मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि चोट के कारण सीरीज से शुरुआत में ही बाहर होना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर जब आप डेरिल की तरह शानदार फॉर्म में हों। इस गर्मी में अब तक वनडे फॉर्मेट में उन्होंने हमारा बेहतरीन प्रदर्शन किया है, इसलिए दो अहम मैचों में उनकी कमी खलेगी।

अच्छी बात यह है कि चोट मामूली है, और हमें उम्मीद है कि डेरिल टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। वाल्टर ने कहा कि हेनरी फोर्ड ट्रॉफी में बेहतरीन फॉर्म में रहे हैं और एक अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, इसलिए टीम में उनका स्वागत करना बहुत अच्छा है। अच्छी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करना हमेशा अच्छा लगता है।

जर्मनी ने विश्व कप में जगह पक्की की

बर्लिन, वार्ता। जर्मनी ने सोमवार को ग्रुप ए में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन पक्का कर लिया। इस तरह जर्मनी का क्वालीफाइंग में दबदबा कायम रहा।

पहले स्थान पर पहुंचने के लिए जर्मनी को सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन जर्मनी ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा और मेहमान टीम को कभी भी संभलने नहीं दिया। कप्तान जोशुआ किमिच के बॉक्स में सटीक क्रॉस पर निक वोल्टेमाडे ने एक मजबूत हेडर से गोल किया। कुछ ही क्षणों बाद, सर्ज ग्नाब्री ने एलेक्जेंडर पावलोविच और लियोन गोरेट्जका के साथ मिलकर एक शानदार गोल किया, जिससे बढ़त दोगुनी हो गई और मेजबान टीम की शुरुआती बढ़त और भी मजबूत हो गई। फ्लोरियन विर्ट्ज ने जर्मनी की गति को नियंत्रित करते हुए मुख्य भूमिका निभाई। प्लेमेकर की धारदार पासिंग ने स्लोवाकिया की रक्षात्मक रेखा को दो बार भेद दिया, पहले लेरॉय साने को तीसरे गोल के लिए भेजा और फिर बैक पोस्ट पर विंगर को गोल में बदलकर जर्मनी के लिए चौथा गोल किया। स्लोवाकिया, जिसने पिछले मैच में जर्मनी को चौंका दिया था, गति बनाने के लिए संघर्ष करता रहा और छिटपुट जवाबी हमलों पर निर्भर रहा, जिनसे कोई खास खतरा पैदा नहीं हुआ।

ब्रेक के बाद, जर्मनी ने गेंद पर अपनी पकड़ बनाए रखी कि शांति से गेंद को इधर-उधर किया और स्लोवाक रक्षा पंक्ति को भेदा। स्थानापन्न रिडल बाकू ने मैच में प्रवेश करने के तुरंत बाद एक शानदार प्रयास से पांचवां गोल दागा, जिससे लीपजगि के दर्शकों में जोश भर गया। आखिरी चमक देर से आई जब 19 वर्षीय असन ओउएड्डागो ने साने के एक और तेज पास पर डिफ्लेक्टेड फिनिश के साथ अपने सीनियर अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। इस परिणाम ने जर्मनी को ग्रुप ए का विजेता घोषित कर दिया और दिसम्बर में होने वाले अंतिम टूर्नामेंट ड्रॉ के लिए वरीयता प्राप्त टीमों में उसकी जगह पक्की कर दी। स्लोवाकिया अब अपना ध्यान यूरोपीय प्ले-ऑफ पर केंद्रित कर रहा है क्योंकि वह पिछले दरवाजे से विश्व कप में पहुंचने की कोशिश कर रहा है। जोशुआ किमिच ने कहा कि हमारे कोच ने हमें बहुत अच्छी तरह से तैयार किया और हमने हर चीज को उसी तरह अंजाम दिया जैसा हमें चाहिए था। अंत में हमने दमदार प्रदर्शन किया।

● **जर्मनी ने ग्रुप 'ए' में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर 2026 के लिए क्वालिफीकेशन पक्का कर लिया**

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 19 नवम्बर 2025

एक और धमकी से दहशत

दिल्ली में मंगलवार को शहर की कई अदालतों और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव फूल गए। ये धमकी एक मेल के जरिये मिली है, जिसे अनदेखा करना राष्ट्र और जनता के हित में नहीं है। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और अन्य जिला अदालतों को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिलीं। यह धमकियां ऐसे समय पर आईं जब कुछ ही दिन पहले मध्य दिल्ली के एक मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी कार में धमाका हुआ था। इस घटना के बाद राजधानी की सुरक्षा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई थीं। मेल प्राप्त होने के तुरंत बाद अदालत परिसरों को खाली कराया गया, आसपास के इलाकों को सील किया गया और बम निरोधक दस्तों के साथ डॉग स्क्वायड ने पूरे क्षेत्र में गहन जांच की। हालांकि किसी भी जगह से विस्फोटक बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस ने साफ किया कि हालिया धमाके को देखते हुए सुरक्षा में कोई ढील नहीं दी जाएगी। पूरी दिल्ली में सतर्कता बढ़ाई गई है और हर संदिग्ध सूचना पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। देश की राजधानी में इस तरह के विस्फोट और उड़ाने की धमकी के पीछे क्या राज हैं और क्या इरादे हैं, ये तो सुरक्षा एजेंसियां ही जानती होंगी, लेकिन अब कदम-कदम फूंककर रखना होगा। क्योंकि इससे जनता में दहशत फैलना जरूरी है। इसलिए सुरक्षा एजेंजियों को बिना ढील दिए अपने कार्य को अंजाम देकर दहशतगर्दों के मनसूबों को विफल करना है। लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास पिछले दिनों हुए धमाके से ये साफ हो गया है कि एक दहशतगर्दों का लंबा-चौड़ा नेटवर्क काम कर रहा है, जिसकों ध्वस्त करना जरूरी है, ताकि देश में शांति बनी रहे और लोग आराम से एक जगह से दूसरी जगह घूम सकें। आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। उनका लक्ष्य आम जनता को नुकसान पहुंचाना होता है, जिसे किसी भी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद के विशिष्ट प्रकृति अपने जानबूझकर और विशिष्ट चयन का में निहित है। नागरिक सीधे लक्ष्य के रूप में, विशेष रूप से, आपराधिक इरादे जब शिशुओं, बच्चों, माताओं और बुजुर्गों, कत्ल कर रहे हैं या घायल हो गए और बुराई के रास्ते में डाल दिखाया गया है। आतंकवाद के शिकार लोगों को धमकियां मिल रही हैं। आतंकवादियों का लक्ष्य एक दर्शक या अन्यथा उनके अक्सर कट्टरपन्थी धार्मिक और राजनीतिक समाप्त होता है। वहीं दिल्ली कार ब्लास्ट के आरोपी उमर के करीबी जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद आज उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की रिमांड में भेज दिया है। दिल्ली धमाके के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो सहिष्णुता दिखाए। आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी समझौते के एकजुट कार्रवाई के लिए नई दिल्ली के लंबे समय से चले आ रहे आह्वान को दोहराना जरूरी है। इस खतरे के खिलाफ लड़ाई एक साझा प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। मॉस्को पहुंचते ही एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। इसके बावजूद आतंकी देश के अमन चैन को खराब करना चाहते हैं, जिसे रोकना बहुत जरूरी है। इस काम में दुनियाभर के अमन पसंद नेताओं को एक साथ आना होगा और आतंकवाद के फन को कुचलना होगा।

भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण

जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है, जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है, इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा, हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है, इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है, इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नए कदम उठाने की जरूरत है, केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

कठोर निर्णयों की प्रेरणा और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी



योगेश कुमार गोयल

पंडित जवाहरलाल नेहरू के घर 19 नवम्बर 1917 को जब प्रियदर्शिनी नामक कन्या ने जन्म लिया था तो किसे पता था कि यही कन्या आगे चलकर न केवल इस देश की बागडोर संभालेगी बल्कि अपनी दबंगता से पूरी दुनिया में मिसाल बन जाएगी। ऑक्सफोर्ड और स्विट्जरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इंदिरा गांधी ने उच्च पद पर नौकरी करने या कोई अन्य कार्य करने के बजाय अपना जीवन देशसेवा में समर्पित करने का निश्चय किया। देशभक्ति की भावना इंदिरा जी में बचपन से ही कूट-कूटकर भरी थी। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आव्हान से प्रेरित होकर बचपन में ही इन्होंने अपने घर के बाहर अपने कीमती कपड़ों की होली जलाकर न केवल अपनी इसी भावना का परिचय दिया था बल्कि उसके बाद इंदिरा जी से प्रेरणा लेकर इस आन्दोलन ने पूरे देश में जोर पकड़ा था।

इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है। उन्होंने कहा, आखिर स्वर्ण अपने ही दलित भाईयों को गिरा हुआ, छूत और निकृष्ट क्यों समझते हैं तथा उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार क्यों करते हैं? अगर हमने अपनी ही सेवा करने वालों का इस तरह से निरन्तर तिरस्कार न किया होता तो आज अंग्रेजों को इस प्रकार लाभ उठाने का अवसर न मिल रहा होता और न ही बापू को इस तरह से आमरण अनशन कर अपने प्राण दांव पर लगाने पड़ते। इंदिरा जी की इन गूढ़ और तर्कसम्मत बातों के समक्ष सभी नतमस्तक थे और उनकी सराहना कर रहे थे। इंदिरा में बचपन से ही एक अच्छी राजनेता होने के तमाम गुण विद्यमान थे। 21 वर्ष की आयु में वह कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ी। उसके बाद उन्होंने आजादी के आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

1942 में उन्होंने फिरोज गांधी से प्रेम विवाह किया किन्तु 1960 में फिरोज गांधी का अकस्मात निधन हो गया। पिता जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी इंदिरा के कंधों पर आई तो अपनी दृढ़ता, दबंगता, निडरता और वाकपटुता से उन्होंने दुनियाभर को अपना लोहा मानने को विवश कर दिया। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित एवं प्रभावशाली देशों में भी उनकी तूती बोलती थी। 1966 से 1977 तक उन्होंने देश पर एकछत्र शासन किया और उनकी कार्यशैली तथा देश के प्रति उनका समर्पण भाव देखकर विरोधी भी उनकी सराहना किए बिना नहीं रह पाते थे। हालांकि लालबहादुर शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री बनी इंदिरा को शुरुआती दौर में गूंगी गुड़िया की उपाधि दी गई थी किन्तु बहुत ही कम समय में अपने साहसिक निर्णयों से इंदिरा ने साबित कर दिखाया था कि वो एक गूंगी गुड़िया नहीं बल्कि लौह महिला हैं। बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा जी जनमानस की आंखों का तारा बन गई थी किन्तु 1975-77 के आपातकाल ने उनकी छवि पर ग्रहण लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई और उस दौर ने उनकी छवि एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर दी। यही वजह रही कि 1977 में इंदिरा को पहली बार हार का सामना करना पड़ा और सत्ता उनके हाथ से छिन गई किन्तु निराश होना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था, इसलिए 1980 में एक बार फिर विशाल बहुमत के साथ वह सत्ता में लौटी। अपने शासनकाल में उन्होंने कभी अलगावादी व साम्प्रदायिक आग भड़काने वाले तत्वों को नहीं पनपने दिया। ऐसे तत्वों को उन्होंने बेदर्दी से कुचलने में जरा भी देर नहीं लगाई। 1980 में पुनः देश का शासन संभालने के बाद पंजाब में अलगावादी ताकतों ने खालिस्तान की मांग शुरू की और दूसरे देशों की शह पर अपने नापाक इरादों को सफल बनाने के लिए सिख अलगावादियों ने भयानक नरसंहार का दौर शुरू किया तथा पंजाब में अवैध रूप से हथियारों के जखीरे इकट्ठा करने शुरू कर दिए। देश की जांबाज, निडर एवं साहसी नेता इंदिरा को भला यह कैसे सहन होता, इसलिए जैसे ही उन्हें खबर मिली कि सिख अलगावादियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जैसी पाक जगह में भी हथियारों का विशाल जखीरा इकठा किया है तो उन्हें देश की एकता और अखंडता कायम रखने तथा अलगावादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए इस पवित्र धर्मस्थल के भीतर न चाहते हुए भी ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत पुलिस भेजने का सख्त निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उस वक्त स्वर्ण मंदिर के भीतर पुलिस बल भेजने के उनके फैसले की बहुत आलोचना हुई किन्तु जब स्वर्ण मंदिर से हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ और धार्मिक स्थल की आड़ में चल रही इस राष्ट्र विरोधी साजिश का भंडाफोड़ हुआ तो उन्हीं लोगों ने इंदिरा जी की सराहना भी की। उसके बाद इंदिरा ने जिस दिलेरी और दृढ़ता के साथ अलगावादियों को रौंदा, वह एक मिसाल बन गया लेकिन अलगावादियों के विरुद्ध चलाए गए उनके इसी ऑपरेशन की वजह से ही वह उनकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आ गई, जिन्होंने हर हाल में उनकी हत्या कर उन्हें अपने मार्ग से हटाने की ठान ली। इंदिरा जी को स्वयं अपनी मौत का आभास पहले ही हो गया था लेकिन फिर भी वह अपने दृढ़ इरादों से टस से मस न हुई और अलगावादियों के खिलाफ अपना अभियान पहले से भी तेज कर दिया। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इंदिरा ने अपनी हत्या का पूर्वाभास होने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा था, देश की सेवा करते हुए यदि मेरी जान भी चली जाए तो मुझे गर्व होगा। मुझे भरोसा है कि मेरे खून की एक-एक बूंद देश के विकास में योगदान देगी और देश को मजबूत एवं गतिशील बनाएगी। इंदिरा जी के इस भाषण के चंद घंटों बाद ही 31 अक्तूबर 1984 की सुबह करीब सवा नौ बजे उनके दो निजी अंगरक्षकों ने ही उन्हें उस वक्त गोलियों से छलनी कर दिया, जब वह अपने आवास से निकलकर विदेशी मीडिया को इंटरव्यू देने जा रही थी। उस हत्याकांड से जहां पूरे देश में शोक की लहर छा गई, वहीं दूसरी ओर इंदिरा जी का शहीदी रक्त रंग लाया और इस नृशंस हत्याकांड के बाद सिख अलगावादियों को मदद मिलनी बंद हो गई तथा इंदिरा जी की शहादत के साथ ही खालिस्तान की मांग भी गहरे दफन हो गई। इंदिरा जी अक्सर कहा करती थी कि उन कायरों और बुजदिलों पर मातम करो, जो दुनिया के जुल्मों से घबराकर इस तरह आंखें बंद कर लेते हैं, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

भारी-भरकम मशीनें मिट्टी को कर रहीं बर्बाद

यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के कृषि इंजीनियर थॉमस वे ने मृदा के संघनन को कम करने के कुछ सुझाव दिए हैं। एक तो यह कि जा मृदा गीली हो तब ड्राइव नहीं करना चाहिए। नम मृदा अधिक कमजोर होती है। इसके अलावा शुष्क मौसम के दौरान, जीपीएस के उपयोग से एक ही मार्ग पर वाहन चलाने में मदद मिल सकती है ताकि कुल क्षेत्रफल पर दबाव को कम किया जा सकता है। अलबत्ता, इस अध्ययन से इतना तो स्पष्ट है कि आधुनिक कृषि मशीनें डिजाइन करते समय मृदा पर पड़ने वाले असर का ध्यान रखा जाना चाहिए।

विज्ञान समाचार

आज के युग में हमारे दैनिक कार्यों में टेक्नोलॉजी का अत्यधिक उपयोग होने लगा है। उन्नत तकनीकों और उपकरणों से न केवल काम आसान हो जाता है, बल्कि समय की भी बचत होती है। खेती-बाड़ी में आधुनिक उपकरणों और विशालकाय मशीनों की मदद से कई घंटों का काम चुटकी बजाते पूरा हो जाता है, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। गौरतलब है कि 1960 के दशक के बाद से ट्रैक्टर का आकार निरंतर बढ़ता गया है। वर्तमान में सबसे भारी ट्रैक्टर का वजन सबसे पहले निर्मित ट्रैक्टर की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक है। हालांकि, ये आधुनिक मशीनें काफी कुशल हैं लेकिन इनका अत्यधिक वजन काफी नुकसानदायक होता है।

अनाज से भरे हार्वेस्टर का वजन लगभग 36 टन होता है। ये भारी भरकम वाहन खेत के जिस हिस्से से गुजरते हैं वहां की मृदा को धीरे-धीरे दबाते जाते हैं। नतीजतन पौधों की जड़ों का विकास बाधित होता है। एक नए अध्ययन के अनुसार यदि ऐसा चलता रहा तो आने वाले दशकों में विश्व स्तर पर कृषि उपज में 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इन कृषि वाहनों द्वारा मृदा पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने के लिए स्वीडिश यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के थॉमस केलर और डेजर्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट के डैनी ऑर ने 1958 से उद्योग द्वारा प्रकाशित डैटा एकत्रित किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न गहराइयों पर टायरों द्वारा मिट्टी पर पड़ने वाले बलों का मॉडल तैयार किया। उन्होंने पाया कि मशीनीकृत खेती में ऊपरी मिट्टी, 50 सेंटीमीटर तक की गहराई में पाई जाने वाली मिट्टी, घनीभूत हो जाती है। वैसे तो कई खेतों में बोवनी के लिए जमीन तैयार करने के लिए हर मौसम में इस ऊपरी मृदा की जुताई की जाती है। ऐसे में इस तरह के दबाव से काफी हद तक कोई समस्या नहीं होती है, लेकिन शोधकर्ताओं के मुताबिक अब संघनन 50 सेंटीमीटर से नीचे की परतों में होने लगा है और असुरक्षित हद तक हो रहा है। इस दबाव से मृदा के कणों के बीच के महीन अंतराल नष्ट हो जाते हैं जिससे नीचे की मृदा तक पानी और हवा की पहुंच कम हो जाती है। मृदा में इस तरह के बदलाव से फसल की पैदावार में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है और तो और, ये प्रभाव दीर्घकालिक होंगे। केंचुओं और अन्य जीवों के लिए नीचे की मृदा को ढीला करने में कई दशकों का समय लग सकता है। समस्या सिर्फ कम्बाइन हार्वेस्टर के उपयोग तक सीमित नहीं है। जुताई और उर्वरक छिड़कने के अन्य कृषि उपकरण भी भारी होते जा रहे हैं। प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इस समय पूरे विश्व में 20 प्रतिशत कृषि भूमि गहरी मृदा के संघनन के कारण कम पैदावार के जोखिम में है। खासतौर से ब्राजील के सवाना और दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां की भूमि कमजोर है और कृषि के लिए भारी उपकरण उपयोग किए जाते हैं। ये क्षेत्र विश्व के बड़े अनाज उत्पादकों में से हैं।

(स्रोत फीचर्स)

एक ही शब्द के अलग-अलग मायने बदल रहे हैं बात करने का तरीका

भाषा एक जीवित चीज है, जो समय के साथ बदलती रहती है। समाज में बदलाव, नई तकनीकें और सांस्कृतिक परिवर्तन इसे प्रभावित करते हैं। नए शब्द बनते हैं, पुराने शब्द गायब हो जाते हैं और शब्दों के अर्थ बदलते हैं। डिजिटल युग में, स्लैंग, छोटे रूप और इमोजी हमारी भाषा का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे में शब्दों के मायने बदलना कोई बड़ी बात नहीं है। शब्दों के बदलते मायने एक तरफ ए अच्छे हैं तो दूसरी तरफ ए लोगों की समझने और बात करने की क्षमता के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। पहले बिम्बो शब्द का इस्तेमाल लापरवाह आदमी के लिए किया जाता था, लेकिन आज के समय में यह लड़कियों की कामुकता के लिए तारीफ बन गया है। यह अकेला शब्द नहीं है, ऐसे और भी कई शब्द हैं, जिनके मायने समय के साथ बदल गए हैं। चलिए इनके बारे में जानते हैं-

वोक (जागृत) का क्या मतलब है?

वोक (जागृत) का इस्तेमाल सकारात्मक और नकारात्मक रूप से किया जाता है। पहले यह शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता था, जो सामाजिक रूप से अच्छा होता था। इसके अलावा इस शब्द का मतलब कुछ ज्यादा सटीक हुआ करता था। 1931 में, स्कॉट्सबोरो नाइन की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका नस्लीय रूप से अलग-थलग पड़ गया था। ब्लूज गायक लीड बेली ने हिंसक नस्लवाद के व्यापक खतरे से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए क्षेत्र से गुजर रहे साथी अफ्रीकी-अमेरिकियों से जागते रहने के लिए कहा था। वहां से, इस शब्द का मतलब नस्लवादी अन्याय के प्रति सतर्कता निकला था।

इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) क्या है?

समाजशास्त्री अर्ली होच्सचाइल्ड ने इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) शब्द गढ़ा था, जिसका अर्थ है वह कार्य जो एक व्यक्ति दूसरों को एक विशेष अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी भावनात्मक स्थिति को प्रबंधित करने में करता है। आसान भाषा में समझाया जाए तो बुरे कस्टमर के साथ अच्छे से बर्ताव करने वाला वेटर इमा. `शनल लेबर (भावनात्मक श्रम) करता है। पाज्वा पर आजकल इस शब्द का इस्तेमाल हो रहा है। लोग घर का काम, दोस्तों का समर्थन करना और सामाजिक अवसरों का आयोजन करने जैसी चीजों को इमोशनल लेबर भावनात्मक श्रम की केटेगरी में रख रहे हैं।

इन दोनों शब्दों के अलावा गैसलाइटिंग शब्द भी आजकल आमतौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। पैट्रिक हैमिल्टन के नाटक गैस लाइट की घटनाओं के आधार पर गैसलाइटिंग शब्द गढ़ा गया है। इसका मतलब है एक व्यक्ति को दुनिया के बारे में जानने की अपनी क्षमता पर संदेह करने के लिए मजबूर कर देना। एक व्यक्ति दूसरे को संदेह में डालता है कि जो वे समझते हैं या याद करते हैं वह वास्तविक नहीं है।

समझने और बात करने की क्षमता प्रभावित होना

भाषा हमारे अनुभवों को समझने और व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। सही शब्दों के बिना, हम अपनी भावनाओं और परिस्थितियों को समझने या व्यक्त करने में कठिनाई महसूस करते हैं। जब वोक (जागृत) का अर्थ सामाजिक रूप से उदार कर दिया जाता है, तो यह अश्वेत लोगों को नस्लीय अन्याय के बारे में बढ़ती जागरूकता और दृष्टिकोण में बदलाव का वर्णन करने के लिए एक शक्तिशाली शब्द से वंचित कर देता है। केवल ष्अन्याय के प्रति सतर्कताष् का उल्लेख करना इस जागरूकता की गहराई को समझाने में असफल रहता है।

होशचाइल्ड ने बताया कि पहले अदृश्य अनुभवों का नामकरण करने से व्यक्ति को समझा हुआ महसूस होता है। लेकिन जब इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) का अर्थ बदल जाता है, तो यह इस समझ को कमजोर कर देता है। एक वेटर जो भावनात्मक श्रम को केवल किसी भी भावनात्मक रूप से थका देने वाले काम के रूप में समझता है, वह नौकरी के लिए अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने में शामिल विशिष्ट प्रयास को भूल जाता है, जिससे आत्म-समझ के लिए एक मूल्यवान उपकरण खो जाता है। जब गैसलाइटिंग का अर्थ केवल झूठ बोलना रह जाता है, तो हम दुर्व्यवहार के एक विशिष्ट रूप का वर्णन करने के लिए एक महत्वपूर्ण शब्द खो देते हैं, जिससे पीड़ितों और उनका समर्थन करने वालों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

हम क्या कर सकते हैं?

भाषा में होने वाले बदलावों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है और उन्हें नियंत्रित करना और भी कठिन है, जिससे हानिकारक बदलावों से बचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, कुछ व्यक्ति, जैसे पत्रकार और सोशल मीडिया प्रभावित करने वाले, भाषा के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। वे अपने दर्शकों के लिए विशेष शब्दों का परिचय दे सकते हैं, या तो उनके मूल अर्थों को संरक्षित कर सकते हैं या नई परिभाषाएं प्रस्तावित कर सकते हैं।

श्रीनगर। जिले के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए आकस्मिक विस्फोट के बाद घायलों से मुलाकात करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

सीरिया-रूस के सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने मिलिट्री पॉइंट्स का किया दौरा

दमिश्क। सीरिया और रूस के सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दक्षिणी सीरिया में मिलिट्री पॉइंट्स और साइट्स का दौरा किया। सीरियाई डिफेंस अथॉरिटीज़ के मीडिया और कम्युनिकेशंस डायरेक्टरेट की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस दौरे का मकसद दक्षिणी इलाके में ज़मीनी हालात का आकलन करना था, हालांकि वे किन खास जगहों पर गए, इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी गई। यह दौरा सीरियाई डिफेंस अथॉरिटीज़ के चीफ, मुरहाफ अबू कसरा की दमिश्क में रूस के फर्स्ट डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर यूनुस-बेक एवकुरोव की लीडरशिप में एक बड़े रूसी मिलिट्री डेलीगेशन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ।

सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

परिजनों को मुआवजा भी मुश्किल, बस टैंकर भिड़ंत में हुई थी मौत, उमरा के लिए जा रहे थे

रियाद। सऊदी अरब के मक्का-मदीना हाईवे पर रविवार देर रात हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले 45 भारतीय नागरिकों के शव वापस नहीं लाए जाएंगे। ये सभी उमरा (इस्लामी तीर्थयात्रा) के लिए सऊदी गए थे।

तेलंगाना मंत्रिमंडल ने कल फैसला लिया है कि मारे गए लोगों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक सऊदी अरब में ही दफनाया जाएगा। हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिजन को शव भारत वापस लाने या मदीना के जन्नतुल बकी में दफनाने का ऑप्शन दिया जाएगा। हालांकि सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है। वहीं, पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा मिलाना भी काफी मुश्किल है, क्योंकि सऊदी अरब में सड़क दुर्घटनाओं में सरकार की ओर से कोई सीधा मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजा तभी मिल सकता है जब पुलिस जांच में टैंकर ड्राइवर या कंपनी की गलती साबित हो और परिवार कानूनी दावा दायर करे। यह प्रक्रिया कई महीनों तक चल सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हज या उमरा यात्रा शुरू करने से पहले तीर्थयात्रियों को एक डिक्लेरेशन फॉर्म पर साइन कराने पड़ते हैं। इसमें क्लियर लिखा होता है कि अगर सऊदी अरब की जमीन पर (मक्का, मदीना या कहीं भी) तीर्थ यात्री की मौत होती है, तो शव को वहीं दफनाया जाएगा। वहीं, भारत सरकार के मुताबिक अगर किसी गैर-तीर्थयात्री भारतीय की सऊदी में मौत होती है, तब मृतक के कानूनी उत्तराधिका. रियों की इच्छानुसार शव को भारत लाया जा सकता है या सऊदी अरब में दफनाया जा सकता है। मक्का से मदीना जा रही उमरा यात्रियों की बस रास्ते में किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार फ्यूल टैंकर ने बस को टक्कर मार दी थी।

- हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे
- सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है

मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रविवार देर रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। हादसे में सिर्फ 1 शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब (24) ड्राइवर के पास बैठा था। शोएब भी भारतीय हैं। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और 22 नवम्बर को भारत लौटने वाला था।

संक्षिप्त समाचार

संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ सहयोग को अस्थायी तौर पर रोका

त्रिपोली। लीबिया के पूर्वी क्षेत्र की सरकार ने सोमवार को लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के साथ सभी प्रकार के सहयोग को अस्थाई तौर पर रोक दिया। जिसका उद्देश्य देश में राजनीतिक वार्ता का समर्थन करना एवं नागरिक भागीदारी को मजबूत करना था। इससे पहले दिन में कतर और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए जो लीबियाई राजनीतिक वार्ता परियोजना का एक हिस्सा है

इराक में शिआ अल-सुदानी के गठबंधन ने किया अच्छा प्रदर्शन

बगदाद। इराक के चुनाव आयोग ने सोमवार को 11 नवम्बर के संसदीय चुनावों के आखिरी नतीजे घोषित किए, जिससे प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के राजनी. तिक गठबंधन के अच्छे प्रदर्शन की पुष्टि हुई। इंडिपेंडेंट हाई इलेक्टोरल कमीशन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विस्तृत नतीजे जारी किए, जिसमें पहले घोषित शुरुआती गिनती में केवल मामूली बदलाव किए गए।

जापान ने शीर्ष विदेशी अधिकारी को चीन भेजा

टोक्यो/बीजिंग। जापान ने चीन से बढ़ते द्विपक्षीय तनाव के बीच अपने विदेश मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी को चीन भेजा है जिससे तनाव को कम किया जा सके। यह कदम टोक्यो और बीजिंग के बीच राजनीतिक मतभेद के बाद उठाया गया है जिसके बाद दोनों एशियाई शक्तियों के बीच संक्षिप्त सैन्य एवं कूटनीतिक टकराव शुरू हो गई थी। जापानी मीडिया ने सोमवार को कहा कि जापानी विदेश मंत्रालय के एशियाई एवं महासागरीय मामलों के ब्यूरो के महानिदेशक मासाकी कनाई के चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के प्रमुख लियू जिनसोंग से मिलने की उम्मीद है।

सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष मरते हैं 11 लाख 90 हजार लोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय ने प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों के सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय के यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा केंद्र में हर वर्ष नवम्बर के तीसरे रविवार को सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए विश्व सड़क यातायात पीड़ित स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी स्कूल ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एंड स्मार्ट पुलिसिंग के अंतर्गत यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा केंद्र ने गुजरात परिसर में एक कैंडल मार्च का आयोजन किया।

बांग्लादेश में सेंसरशिप की तैयारी

यूनुस की अंतरिम सरकार का मीडिया को निर्देश, शेख हसीना के बयानों को न प्रकाशित करें

ढाका। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने प्रेस सेंसरशिप लागू करने की दिशा में कदम उठा लिया है। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को विशेष ट्रिब्यूनल की ओर से मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यूनुस सरकार ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी है कि वे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रकाशन या प्रसारण न करें। इसके पीछे तर्क देते हुए अंतरिम सरकार ने कहा है कि ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है।

ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है

हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं

कुछ मीडिया संस्थान दोषी करार दी जा चुकीं हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं

बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी (एनसीएसए) ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हसीना के कथित बयानों में ऐसे निर्देश या अपील हो सकती हैं, जो हिंसा, अव्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों को भड़का सकती हैं और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। इस निर्देश में कहा गया कि हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं। एजेंसी ने चिंता जताते हुए कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोषी और भगोड़ी करार दी जा चुकीं शेख हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं। एनसीएसए ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों के बयान प्रकाशित करना साइबर सिक्योरिटी ऑर्डिनेंस का उल्लंघन है।

एजेंसी ने चेतावनी दी कि अधिकारी राष्ट्रीय अखंडता, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाली, जातीय या धार्मिक नफरत फैलाने वाली, या सीधे हिंसा को उकसाने वाली सामग्री को हटाने या प्रतिबंधित करने के लिए अधिकृत हैं। एजेंसी के मुताबिक, फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर या अवैध रूप से किसी सिस्टम तक पहुंचकर नफरत फैलाने वाले भाषण, जातीय उकसावे या हिंसा के लिए नफरत फैलाना दंडनीय अपराध है, जिसकी सजा दो साल तक की जेल और अधिकतम 10 लाख टका जुर्माने (या इनमें से कोई एक) तक हो सकती है। विज्ञप्ति में कहा गया कि एजेंसी प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करती है, लेकिन मीडिया संस्थानों से अपील है कि वे किसी भी हिंसक, भड़काऊ या आपराधिक रूप से उकसाने वाले बयान को प्रकाशित करने से बचें और अपनी कानूनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें। अपदस्थ पीएम हसीना को एक दिन पहले ही सुनाई गई मौत की सजा गौरतलब है कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई। उनकी सरकार पर पिछले वर्ष छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर क्रूर दमन के मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद आईसीटी ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई। पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी इसी मामले में मृत्युदंड दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह सिद्धांत स्थापित करता है कि कानून के सामने कोई भी शक्ति से ऊपर नहीं है। हसीना बीते वर्ष पांच अगस्त को विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद बांग्लादेश की अदालत उन्हें भगोड़ा घोषित कर चुकी है। अपने खिलाफ ट्रिब्यूनल के फैसले पर हसीना ने बयान जारी कर आरोपों को पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया और कहा कि यह फैसला एक धांधलीपूर्ण न्यायाधिकरण की ओर से दिया गया है, जिसे एक गैर-निर्वाचित सरकार ने स्थापित किया है इस सरकार के पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है।

अमेरिका-भारत साझेदारी पर द्विदलीय प्रस्ताव पेश

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिकी संसद में सबसे लंबे समय तक सदस्य एमी बेरा और जो विल्सन ने एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें अमेरिका और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी के रणनीतिक महत्व, स्थिरता और साझा लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की पुष्टि की गई है। इस प्रस्ताव को मजबूत द्विदलीय समर्थन प्राप्त हुआ है जिसमें सिडनी कामलागर-डोव, रिच मैककॉर्मिक, डेबोरा रॉस, रॉब विटमैन, सुहास सुब्रमण्यम और जे ओबरनोल्ट सहित 24 मूल सह-प्रायोजक शामिल हैं।

रणनीतिक महत्व, स्थिरता और साझा लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं को बढ़ाना देने में भूमिका की पुष्टि की

यह प्रस्ताव विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, आतंकवाद-रोधी, शिक्षा एवं ऊर्जा सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दशकों से बढ़ते सहयोग पर बल देता है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक विकास और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका का भी उल्लेख करता है इसमें अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें कहा गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (लश्कर-ए-तैयबा का एक छद्म संगठन) ने ली थी जो दक्षिण एशिया में सीमा पार और छद्म आतंकवाद के लगातार खतरे को उजागर करता है। यह आतंकवाद से लड़ने में सहयोगात्मक प्रयासों को भी रेखांकित करता है, जैसे कि खुफिया जानकारी साझा करना, प्रत्यर्पण तथा आतंकवादी घोषित करना, जिसमें पहलगाम हमले के बाद अमेरिका द्वारा द रेजिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी घोषित करना भी शामिल है। अमेरिकी सांसदों ने इस बात पर बल दिया कि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए समर्थन पार्टी लाइन एवं राष्ट्रपति बदलने के बावजूद निरंतर रहा है। प्रस्ताव में कहा गया है, तीन दशकों से अधिक समय से, अमे. रिकी राष्ट्रपति क्लिंटन, बुश, ओबा. मा, ट्रम्प और बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया है तथा क्षेत्रीय स्थिरता, लो. कतांत्रिक शासन एवं साझा वैश्विक प्राथमिकताओं के लिए इसके महत्व की पहचान की है।

सऊदी अरब को एफ-35 की बिक्री को मंजूरी देंगे: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि जब क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान मंगलवार को व्हाइट हाउस आएंगे तो वह सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को मंजूरी देंगे। यह सात वर्षों में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा है।

सीएनएन ने बताया कि ट्रम्प अमेरिका-सऊदी संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही वे क्राउन प्रिंस से अब्राहम समझौते में शामिल होने का भी आग्रह कर रहे हैं। उन्नत युद्धक विमानों की बिक्री की दिशा में आगे बढ़ने संबंधी सवाल पर पत्रकारों के सवाल पर अमे. रिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसा करेंगे। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि हम एफ-35 बेचेंगे और सऊदी अरब हमारा बहुत अच्छा सहयोगी हैं। क्राउन प्रिंस के स्वागत के लिए सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और घोड़ों के साथ स्वागत समारोह तथा ब्लैक-टाई डिनर का आयोजन भी सूची में शामिल है। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता ओवल ऑफिस में होगी। इसे हालांकि औपचारिक राजकीय यात्रा नहीं कहा जा रहा है लेकिन इस कार्यक्रम में हरित प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसं. रचना, जैव प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा के लिए एक प्रमुख निवेश मंच शामिल है।

सऊदी को एफ-35 देने पर अमेरिकी एजेंसियां चिंतित

वॉशिंगटन। अमेरिका ने सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर ली है, लेकिन अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां इस फैसले से चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर यह सौदा हुआ तो चीन को इन विमानों की एडवांस तकनीक तक पहुंच मिल सकती है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अमेरिका दौरे के पर 48 एफ-35 विमानों की डील हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे सऊदी को यह विमान बेचेंगे, क्योंकि वह अमेरिका का मजबूत सहयोगी है।

फलस्तीनी नेताओं को चुन-चुनकर मारना चाहिए

इजरायली मंत्री इतामार बेन-ग्विर बोले: यूएन ने फलस्तीन को मान्यता दी, तो पीए अध्यक्ष को काल-कोठरी में डाल दिया जाए

तेल अवीव। इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता मिलने पर वहां के बड़े अधिकारियों को चुन-चुन कर मारा (टारगेट किलिंग) जाना चाहिए। संसद में बोलते हुए ग्विर ने कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की हिम्मत करता है, तो नेतन्याहू फलस्तीनी अथॉरिटी (पीए) के अध्यक्ष महमूद अब्बास को गिरफ्तार करें और काल कोठरी (सॉलिटरी कन्फाइनमेंट) में डाल दिया जाए। उन्होंने नेतन्याहू से मांग की कि आपको यह घोषणा करनी होगी कि महमूद अब्बास को कोई छूट नहीं मिलेगी।

अगर संयुक्त राष्ट्र इसे मान्यता देता है, तो आपको दिखाना होगा कि आप महमूद अब्बास की गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। वहीं, आज ही यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा पीस प्लान प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में शांति बहाल करना है। फलस्तीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने अलग-अलग बयानों में इस टिप्पणी की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने टिप्पणियों को उकसाने वाला बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बेन-ग्विर को जवाबदेह ठहराने के लिए ठोस उपाय करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह बेन-ग्विर के बयानों के लिए इजरायल सरकार को जिम्मेदार मानता है। इजरायली मंत्री बेन ग्विर पर अब तक 7 देश बैन लगा चुके हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ब्रिटेन, नीदरलैंड और स्लोवेनिया शामिल है। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि मंत्री ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी यह बयान ऐसे समय में आया है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'गाजा शांति योजना' पर वोटिंग हुई। सुरक्षा परिषद ने अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा पीस प्लान प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में शांति बहाल करना, अंतर्राष्ट्रीय फोर्स की तैनाती करना और भविष्य में फलस्तीन देश की संभावना को आगे बढ़ाना है।

- फलस्तीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने अलग-अलग बयानों में इस टिप्पणी की निंदा की

ताइवान को लेकर चीन-जापान के बीच भारी तनाव

जापानी पीएम बोलीं: हमला हुआ, तो सेना भेजेंगे, चीनी राजदूत बोले: दखल देने वालों की गर्दन काट देंगे

बीजिंग/टोक्यो। जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के ताइवान पर दिए बयान से चीन और जापान के बीच तनाव बढ़ गया है। दरअसल साने ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया।

इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब ओसाका में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक. इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। बिगड़ते माहौल के बीच चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे। इसके बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने उन्हें इलाके से बाहर किया था। अमेरिका ने क्लियर किया कि जापान-अमेरिका सुरक्षा समझौते के तहत अगर इन द्वीपों पर हमला होता है, तो अमेरिका जापान की रक्षा करेगा। वहीं, चीन के फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कुछ जापानी फिल्मों की रिलीज रोक दी है।

- बिगड़ते माहौल के बीच चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे

चीनी सरकारी टीवी सीसीटीवी ने कहा कि यह घरेलू माहौल को देखते हुए यह फैसला सावधानी से लिया गया है। चीन और जापान के बीच बढ़ते तनाव का सबसे बड़ा असर अब हवाई यात्राओं पर दिख रहा है। बी.जिंग की ओर से नागरिकों को जापान न जाने की सलाह देने के बाद चीन से जापान की करीब 5 लाख फ्लाइट टिकटें रद्द हो गई हैं। यह संख्या कुल बुकिंग्स का लगभग 32 प्रतिशत है। एविएशन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रविवार को टिकट कैंसिलेशन की संख्या नई बुकिंग्स से 27 गुना ज्यादा थी। 2020 में कोविड की शुरुआत के बाद पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में टिकटें रद्द हुई हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमेरिका समर्थित गाजा योजना को दी मंजूरी

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा तैयार उस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है जो डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा शांति योजना पर आधारित है। अब फलस्तीन में एक अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) जाएगा जो गाजा में शांति स्थापित करने के लिए उत्तरदाई होगा। हमास ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इस प्रस्ताव का ब्रिटेन, फ्रांस और सोमालिया सहित 13 देशों ने समर्थन किया और विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा जबकि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने इसे 'युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया हालांकि हमास ने इस प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि यह फलस्तीनी अधिकारों और मांगों को पूरा नहीं करता है। उल्लेखनीय है कि यह प्रस्ताव राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा 29 सितम्बर को घोषित व्यापक योजना का स्वागत करता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108